हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 26.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 238 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# झारखंड में बिजली हुई महंगी

## शहरी घरेलू के लिए 55 पैसे व ग्रामीण घरेलू के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोत्तरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ा झटका लगा है। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने घरेलू और कमर्शियल दोनों तरह की बिजली की दरें बढ़ाने का फैसला किया है। शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दर 55 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाई गई है, जबकि ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 50 पैसे प्रति यूनिट बढ़ाई गई है।


झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने नियामक आयोग को राज्य में बिजली की दरों में 59% बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था। प्रस्ताव पर सुनवाई के बाद आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 6.12% की बढ़ोतरी करने का फैसला किया। राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष नवनीत कुमार ने यह घोषणा करते हुए कहा कि 1 अप्रैल 2026 से राज्य में शहरी घरेलू उपभोक्ता को अब 6.85 प्रति यूनिट की जगह 7.40 रूपए प्रति यूनिट देना होगा। इसी तरह, ग्रामीण घरेलू उपभोक्ता को 6.70 रूपए प्रति यूनिट की जगह 7.20 रूपए प्रति यूनिट देना होगा। इस तरह शहरी इलाकों में रेट में 55 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी हुई है। वहीं ग्रामीण घरेलू उपभोक्ता के लिए रेट में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह, नियामक आयोग ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एचडी में 640 पैसे प्रति यूनिट की जगह 60 पैसे की बढ़ोतरी के साथ 7 रुपये 20 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है।

अगर कमर्शियल बिजली उपभोक्ताओं की बात करें तो ग्रामीण इलाकों में 5 किलोवाट से ज्यादा के उपभोक्ताओं को अब 6 रुपये 20 पैसे की जगह 6.70 पैसे प्रति यूनिट देने होंगे, जबकि शहरी इलाकों में जिन उपभोक्ताओं ने 5 किलोवाट से ज्यादा का कनेक्शन लिया है, उन्हें 6.70 पैसे की जगह 7 रुपये 30 पैसे प्रति यूनिट देने होंगे।

नियामक आयोग ने JBVNL के जरिए कमर्शियल में नया टैरिफ एचडी तय किया है, जिसके तहत शहरी इलाकों में कमर्शियल प्रतिष्ठानों, मॉल, दुकानों, अस्पतालों आदि में बिजली कनेक्शन की दरें तय की गई हैं। इसके तहत नियामक आयोग ने 8 रुपये प्रति यूनिट तय किया है।

### नई बिजली दर के प्रमुख बिंदु

- कृषि उपभोक्ताओं के लिए विद्युत टैरिफ में कोई वृद्धि नहीं
- ग्रीन इनर्जी टैरिफ के लिए 0.95/यूनिट की मंजूरी
- 5 दिनों के भीतर बिल भुगतान पर 2% की छूट
- रूफटॉप सोलर को बढ़ावा देने के लिए, आयोग ने रूफटॉप सोलर पीवी प्रोजेक्ट्स को 4.16 रुपये प्रति किलोवाट और नेट मीटरिंग के लिए 3.80 रुपये प्रति यूनिट की मंजूरी दी है।
- किसी भी प्रकार के उपभोक्ता के लिए मीटर रेंट की अनुमति नहीं
- प्रीपेड मीटरिंग पर स्विच करने पर, संबंधित कंज्यूमर के एनर्जी चार्ज पर 3% की छूट लागू होगी और प्रीपेड मीटर लगने के 1 महीने के अंदर पूरा सिक्योरिटी डिपॉजिट वापस करना होगा।



### जेबीवीएनएल को 13% की डिस्ट्रीब्यूशन लॉस की मंजूरी

नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए JBVNL के दाखिल किए गए 10725.26 करोड़ रुपये के ARR क्लेम को खारिज करते हुए 7894.55 करोड़ रुपये के ARR को मंजूरी दे दी है। इसी तरह, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 11411.08 करोड़ रुपये और 2026-27 के लिए 12678.17 करोड़ रुपये के क्लेम किए गए थे। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 8261.21 करोड़ रुपये और वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 10832.70 करोड़ रुपये को मंजूरी दी है। नियामक आयोग ने JBVNL के लिए 13% के डिस्ट्रीब्यूशन लॉस की मंजूरी दी है।

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति 28 मार्च को झारखंड दौरे पर



**रांची :** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन 28 मार्च को झारखंड दौरे पर आएंगे। वह विशेष विमान से सुबह करीब 11 बजे रांची हवाई अड्डा पहुंचेंगे। रांची पहुंचने के बाद उपराष्ट्रपति सीधे खूंटी जिले के उलिहातू जाएंगे, जहां वे महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इस दौरान वे उनके वंशजों से भी मुलाकात करेंगे।

### 37 लाख की अफीम बरामद, 4 गिरफ्तार

**खूंटी :** जिले के जरियागढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ बड़ी और सुनियोजित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अफीम और डोडा बरामद किया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 37 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

### सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को मंगलवार रात पेट में इंफेक्शन की शिकायत के बाद दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। बुधवार को अस्पताल द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार, सोनिया गांधी को मंगलवार रात 10 :22 बजे सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्कर गिरोह का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े नेटवर्क के जरिए अवैध हथियार भारत में सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक सब-मशीन गन समेत 21 अत्याधुनिक विदेशी हथियार और 200 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

### रूस ने यूक्रेन पर दागे 1000 से ज्यादा ड्रोन व मिसाइलें

**मास्को :** रूस ने यूक्रेन पर अब तक के सबसे बड़े हवाई हमले को अंजाम देते हुए करीब 1,000 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। इस हमले में कई लोगों की मौत हुई, दर्जनों घायल हुए और ल्वीव समेत कई शहरों में भारी तबाही देखने को मिली। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब युद्ध खत्म करने की कोशिशों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है।



## तपोवन मंदिर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को रामनवमी उत्सव के लिए किया आमंत्रित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तपोवन मंदिर, निवारनपुर के महंत ओम प्रकाश शरण के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में मंदिर समिति के सदस्य प्रणय कुमार वर्मा, अयोध्या दास एवं आशुतोष दास शामिल थे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 27 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले रामनवमी महोत्सव में सपरिवार शामिल होने का आमंत्रण दिया।

## साक्ष्य के अभाव में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत 7 आरोपित बरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित सात आरोपितों को जानलेवा हमला और मारपीट से जुड़े एक मामले में एमपी-एमएलए अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने यह फैसला सुनाया।

अदालत ने 18 मार्च को सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे बुधवार को सुनाया गया। इस मामले में बंधु तिर्की के अलावा उनके तीन अंगरक्षक रामदेव प्रसाद, विशाल उरांव और सीनू राम जोंको तथा अमोद कुमार सिंह, मोहन सिंह और दिलीप कुमार ट्रायल फेस कर रहे थे।

## सर्वदलीय बैठक में सरकार ने दिलाया भरोसा

# भारत के पास पर्याप्त ऊर्जा भंडार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** संसद के मौजूदा बजट सत्र के बीच केंद्र सरकार ने बुधवार (25 मार्च) को एक सर्वदलीय बैठक की, जिसमें पश्चिम एशिया के हालात और उसके भारत पर प्रभाव को लेकर चचार्की गई। बैठक में सरकार ने भरोसा दिलाया कि भारत के पास पर्याप्त ऊजाभंडार हैं और कई जहाज अभी रास्ते में हैं। सरकार ने सभी दलों को आश्वस्त किया कि तेल और गैस को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है।



यह बैठक करीब 1 घंटे 45 मिनट तक चली, जिसमें सरकार ने सभी दलों के नेताओं को भरोसा दिलाया कि देश की ऊर्जा सुरक्षा की स्थिति स्थिर और नियंत्रण में है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने विपक्ष को जानकारी दी कि "पर्याप्त ऊर्जा सुरक्षा" मौजूद है और भारत की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो रही हैं। सरकार ने यह भी कहा कि वह कई देशों के साथ बातचीत कर रही है और पहले ही एडवांस बुकिंग कर चुकी है, साथ ही वह लगातार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपने संबंधों का विस्तार भी कर रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, संसदीय कार्य अन्य पार्टियों के नेताओं में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर एवं मुकुल वासनिक तथा कई अन्य नेता शामिल हुए।

# ईरान ने अमेरिकी विमानवाहक पोत 'अब्राहम लिंकन' पर किया हमला

एजेंसी

**इस्तांबुल :** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच बीच ईरानी नौसेना ने घोषणा की कि उसकी क्रूज मिसाइलों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया, जिससे अमेरिकी बेड़े को अपनी जगह बदलने पर मजबूर होना पड़ा। ईरानी नौसेना के कमांडर, रियर एडमिरल शहरम ईरानी ने चेतावनी दी कि अगर यह दुश्मन कैरियर ग्रुप ईरानी मिसाइल सिस्टम की रेंज में घुसा, तो उस पर जोरदार हमला किया जाएगा। नौसेना कमांडर ने सेना के ऑपरेशनल कमांड पोस्ट से अब्राहम लिंकन पर गोलीबारी करने का आदेश जारी किया है।

ईरान की अंतरराष्ट्रीय समाचार चैनल प्रेसटीवी ने नौसेना कमांडर एडमिरल शाहराम ईरानी के हवाले से कहा कि ईरान की नौसेना ने बुधवार को तटीय क्रूज मिसाइलों से अमेरिकी विमानवाहक पोत अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया।

# असम चुनाव: झामुमो ने की 20 स्टार प्रचारकों की सूची जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने झारखंड के बाहर अपनी राजनीतिक जड़ों को विस्तार देने के लिए असम विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने चुनाव आयोग को अपने 20 स्टार प्रचारकों की संशोधित सूची सौंप दी है, जिसका नेतृत्व खुद मुख्यमंत्री व पार्टी अध्यक्ष हेमंत सोरेन करेंगे।



### हेमंत सोरेन संभालेंगे कमान

#### चाय बागान और झारखंडी प्रवासियों पर नजर

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि असम में झारखंडी मूल के लोगों और चाय बागान श्रमिकों की एक बड़ी आबादी है। झामुमो अपनी इस 'स्टार' टीम के जरिए उन मतदाताओं को एकजुट करने की कोशिश में है। पार्टी का लक्ष्य झारखंड की सीमाओं से निकलकर पड़ोसी राज्यों में अपनी उपस्थिति को मजबूती से दर्ज कराना है।

### मैदान में उतरेंगे दिग्गज नेता

पार्टी द्वारा जारी सूची में झारखंड सरकार के कई मंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं को जगह दी गई है। स्टार प्रचारकों की इस टोली में प्रमुख नाम इस प्रकार हैं:

**शीर्ष नेतृत्व:** हेमंत सोरेन और कल्पना मुर्मू सोरेन।

**प्रमुख चेहरे:** डॉ. सरफराज अहमद, सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद कुमार पांडेय और जोबा माझी।

**महिला व युवा शक्ति:** डॉ. महुआ माजी, डॉ. लुईस मरांडी, विकास मुंडा और भूषण तिर्की।

**अन्य नेता:** पंकज मिश्रा, अभिषेक प्रसाद, दीपक बिरुवा, चमरा लिंडा, योगेंद्र प्रसाद, विजय हांसदा, हफीजुल हसन, सुदिव्य कुमार, एम.टी. राजा और आलोक सोरेन।

### सड़क से आसमान तक दिखेगा प्रचार का जोर

झामुमो ने निर्वाचन आयोग को भेजे पत्र में स्पष्ट किया है कि उसके प्रचारक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हवाई, सड़क और रेल मार्ग के जरिए पहुंचेंगे। पार्टी ने लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 77 के तहत इन नेताओं के वाहनों के लिए राज्यव्यापी पास जारी करने की मांग की है, ताकि प्रचार अभियान में कोई बाधा न आए।



## एक नजर

### नशे में धुत कार चालक पर मुकदमा दर्ज, बाइक सवार गंभीर रूप से हुए थे घायल

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का एक गंभीर मामला सामने आया है। नशे में धुत एक कार चालक द्वारा मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में पुलिस ने 24 मार्च को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना 12 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे बरही चौक पर घटी। बरहीडीह निवासी पंकज कुमार पासवान, पिता दुर्गा पासवान, अपने दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से बाजार गए हुए थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक सफारी कार के चालक ने नशे की हालत में तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पंकज कुमार पासवान कार के नीचे फंस गए और करीब 100 फीट तक घसीटते चले गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों की तत्परता से वाहन को रुकवाया गया और चालक को पकड़ लिया गया। इसके बाद घायल को तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### थाना परिसर में रामनवमी को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

चलकुशा : थाना परिसर में रामनवमी को लेकर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ नवीन भूषण कुल्लू ने की, जबकि संचालन मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह ने किया। इस दौरान एसडीओ जोहन टुड्डू, एसडीपीओ अजित कुमार विमल, इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, बीडीओ अमृता सिंह, थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार और जिप सदस्य सविता सिंह, सलीम अंसारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने उच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का पालन करने पर जोर देते हुए कहा कि सभी लोग मिलजुलकर शांतिपूर्वक जुलूस निकालें। वहीं एसडीओ जोहन टुड्डू ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जुलूस के दौरान शराब का सेवन न किया जाए और सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने से बचें। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासन सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखे हुए है। इसके साथ ही कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

### महुआ फल चुनने के लिए किसी ने लगाई आग बिरसा कृषि प्रक्षेत्र मे 20 से ज्यादा लीची के पौधे जले

**बरही :** बीज उत्पादन एवं अनुसंधान केंद्र बिरसा कृषि प्रक्षेत्र गौरियाकर्मा में महुवा फल चुनने केलिए किसी ने आग लगा दी। आग धीरे धीरे फैलने लगी। आग फैलते हुए बगीचा में आ गई। जिसके कारण देखते ही देखते 20 से अधिक लीची सहित कई पेड़ पौधे को अपने चपेट में ले लिया। आग लगने की खबर चौकीदार ने बिरसा कृषि प्रक्षेत्र के उप निदेशक श्रीनिवास गिरी को मिली। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए प्रक्षेत्र में कार्यरत मजदूरों के सहायता से आग बुझाने में सफलता प्राप्त की। लेकिन तब तक कई पेड़ एवं पौधे आग के कारण झुलस गए। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। गनीमत रही कि उपनिदेशक श्रीनिवास गिरी ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने में सफलता प्राप्त की नहीं तो आग के फैलाव के कारण काफी नुकसान हो सकता है। इस संबंध में श्रीनिवास गिरी ने बताया कि उनके प्रक्षेत्र में कुछ महुआ के पौधे हैं। जिसमें अभी महुआ का फल लगे है। उसी को कुछ लोग मना करने के बावजूद महुआ चुनने के आ जाते है। महुआ पेड़ के नीचे सफाई के लिए किसी ने आग लगा दी।

# रामनवमी और चैती दशहरा को लेकर बरही में धारा 144 लागू, सोशल मीडिया पर पैनी नजर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** रामनवमी त्योहार को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बरही एसडीओ जोहन टुडू ने बरही अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश 24 मार्च से 30 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगा।सरकारी दिशा-निर्देश के अनुसार प्रशासन ने त्योहारों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए 14 सूत्रीय दिशा-निर्देश जारी किए हैं हथियारों पर रोक : पारंपरिक हथियारों को छोड़कर अन्य किसी भी प्रकार के घातक हथियार, तलवार, लाठी, तीर-धनुष या आग्नेयास्त्र लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया की निगरानीः फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार के भड़काऊ संदेश, ऑडियो या वीडियो भेजने पर रोक है। उल्लंघन करने पर ग्रुप एडमिन और संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। डीजे और लाउडस्पीकर : 'झारखंड कंट्रोल ऑफ लाउडस्पीकर एक्ट 1955' के तहत रात 10:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित रहेगा। चलंत डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। जुलूस के नियमः बिना अनुमति के कोई झांकी या जुलूस नहीं निकाला जाएगा। जुलूस केवल निर्धारित रूट से ही ले जाने की अनुमति होगी। नशा और भड़काऊ नारेः त्योहार के दौरान नशा मुक्त रहने की अपील की गई है। साथ ही, किसी भी जाति या धर्म के विरुद्ध उत्तेजक भाषण, नारे, बैनर या पोस्टर का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित है।

**किन पर लागू नहीं होगा नियम**

यह आदेश पुलिस बल, सरकारी कर्मचारियों, शव यात्रा और शादी-विवाह कार्यक्रमों पर लागू नहीं होगा। प्रशासन की चेतावनीः अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी व्यक्ति इन आदेशों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और थाना प्रभारियों को इस आदेश का सख्ती से पालन कराने का निर्देश दिया गया है।

## बेंदगी में मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञः भव्य नगर भ्रमण से भक्तिमय हुआ वातावरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** ग्राम बेंदगी के बजरंग मोहल्ला में आयोजित श्री श्री 108 श्री मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा सह मानस महायज्ञ के छठे दिन श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। 20 मार्च से शुरू हुए सात दिवसीय महायज्ञ के अवसर पर बुधवार सुबह 9 बजे भव्य नगर भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्ति से सराबोर हुआ नगर भ्रमण जय श्री राम के जयघोष और गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण की शुरूआत बजरंगबली मंदिर से हुई। यात्रा बजरंगबली मंदिर से निकलकर भगवती मंदिर बेंदगी पहुंची, जहां से हसनदाग होते हुए धोक्की बरही की ओर बढ़ी। इसके बाद बाराटोल, रसोईया धमना स्थित दुर्गा मंडप और कोयली मोड़ होते हुए कोयली गांव तक पहुंची। पूरे क्षेत्र की परिक्रमा करने के बाद यात्रा पुनः बजरंगबली मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। नगर भ्रमण के दौरान पूरा क्षेत्र भगवा ध्वज और भक्ति संगीत से गुंजायमान रहा। अनुष्ठानों का हुआ आयोजन नगर भ्रमण के साथ-साथ बुधवार को वेदी पूजन, मानस पाठ, प्राण प्रतिष्ठा और हवन जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान भी विधि-विधान से संपन्न किए गए। श्रद्धालुओं में पूरे दिन उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। आज होगा महाभंडारा यज्ञ समिति एवं ग्रामवासियों ने जानकारी दी कि महायज्ञ का समापन 26 मार्च को होगा। इस अवसर पर पूणार्हुति, आरती, कन्या पूजन एवं ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया जाएगा।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम बादम में रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की विशेष बैठक पंचायत सचिवालय बादम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ जितेन्द्र मंडल एवं संचालन मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास ने किया। इस दौरान रामनवमी पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर विचारों का आदान प्रदान किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूम धाम से शांतिपूर्वक सौहार्द के साथ रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। जो भी पूर्व से जुलूस के लिए मार्ग निर्धारित है उसी मार्ग पर जुलूस निकाला जाएगा। बादम बस स्टैंड के समीप सड़क पर जलजमाव और कूड़े को साफ सफाई को लेकर लोगों ने प्रशासन से मांग की। एएसपी वीरेंद्र चौधरी ने कहा के खुशी खुशी त्यौहार मनाएं। मैं लॉ एंड ऑर्डर के लिए स्पेशल आया हुआ हूं। आपलोगों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होने देंगे। उमंग से त्यौहार मनाना है पूरा प्रशासन आपके साथ है। कानून व्यवस्था को अपने हाथ में नहीं लेना है। कानून व्यवस्था के खिलाफ कार्य करने वालों के ऊपर कड़ी कानूनी करवाई की जाएगी। अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा के सारी जिम्मेवारी प्रशासन की नहीं है बल्कि आप सब भी सहयोग करेंगे तो ये कार्य आसान हो जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल ने कहा के आपलोग प्रशासन का सहयोग करें, प्रशासन हमेशा आपलोगों का सहयोग करने के लिए तत्पर है। एसडीपीओ पवन कुमार ने कहा के उपस्थित लोगों का जो विचार आया है वो प्रशासन के लिए संजीवनी के समान है। प्रशासन का हर वर्ग हर समाज के लिए सभी दिशा में बराबर सहयोग है और ये सहयोग बना रहेगा। सभी अखाड़ा के जिम्मेदार वॉलेंटियर्स की सूची थाना को उपलब्ध करा दे ताकि उसके लिए आईडी कार्ड बनवा कर दिया जा सके। वॉलेंटियर्स सोशल पुलिसिंग का कार्य करेंगे। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों और अफवाह फैलाने वालों के ऊपर कड़ी से कड़ी कानूनी करवाई की जाएगी।

## ताशा पार्टी के साथ जुलूस निकालने पर कमेटी को मिला पुरस्कार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** मंगला जुलूस में डीजे साउंड की जगह ताशा पार्टी बजाने वाले मंगला जुलूस कमेटी के सदस्यों के पुलिस प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार बड़कागांव के इंस्पेक्टर ललित कुमार द्वारा प्रदान किया गया। मौके पर थाना प्रभारी दीपक सिंह, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार मेहता, रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष विवेक सोनी शामिल थे। थाना प्रभारी दीपक सिंह ने बड़कागांव के विभिन्न अखाड़ों व कमेटियों को डीजे साउंड की जगह ताशा पार्टी के साथ शांतिपूर्वक जुलूस निकालने की अपील की थी। रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष विवेक सोनी ने कमेटी के सदस्यों को गाइडलाइन किया।इसके बाद बड़कागांव दैनिक बाजार मंगला शोभा यात्रा कमेटी द्वारा जुलूस में डीजे नहीं बजाया गया। बल्कि ताशा पार्टी के साथ जुलूस शांति पूर्वक निकाली गई। जुलूस को सफलतापूर्वक निकालने में रामनवमी महा समिति के अध्यक्ष विवेक सोनी एवं मंगला शोभा यात्रा के अध्यक्ष सत्यजीत विद्या अलंकार, उपाध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव इंगलेश सोनी, उपसचिव शुभम विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष ललन सोनी, उपकोषाध्यक्ष आर्यन गुप्ता, झांकी प्रभारी प्रमोद सोनी, रंजीत कुमार, संगठन मंत्री सागर राज, अभिषेक, अंकित, उपसंगठन मंत्री राहुल पांडेय, आयुष कुमार, संरक्षक रामसेवक सोनी, सरोज सोनी, अरविंद वर्मा, विवेक सोनी दामोदर प्रसाद मेहता, शक्ति ठाकुर, रवि ठाकुर आदि ने अहम योगदान दिया।

## पंचमाधव में मेला स्थल पर चला सफाई अभियान, तैयारियां तेज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव में आगामी मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में मेला स्थल पर मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप के नेतृत्व में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बताया गया कि पंचमाधव स्थित बसरिया पंचायत सचिवालय के समीप वर्षों से मेले का आयोजन होता आ रहा है, जो क्षेत्र की परंपरा और आस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मेले में जरहिया, सलोन, शिवपुर, धोबियाडीह, पंचमाधव, कोलंगा एवं बसरिया के अखाड़ों की भागीदारी रहती है, जिससे पूरे इलाके में उत्सव का माहौल बनता है। सफाई अभियान के दौरान महासमिति के अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष अनिल यादव, उदेश्वर यादव, उपेन्द्र यादव, राजेश कुमार, रोहित कुमार समेत कई ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और मेला स्थल को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने में योगदान दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह के सामूहिक प्रयास से मेले का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न होगा और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# रामनवमी पर चौपारण प्रशासन अलर्ट शांति समिति की बैठक में सख्त निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** रामनवमी पर्व को लेकर चौपारण थाना परिसर में बुधवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचलाधिकारी संजय यादव ने की, जबकि संचालन पूर्व शिक्षक शम्भुनारायण सिंह ने किया। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा अखाड़ा समितियों के सदस्यों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही। बैठक में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, एमओ विक्रम पाण्डेय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि और अखाड़ा समिति के सदस्य उपस्थित थे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। अंचलाधिकारी संजय यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि जुलूस या झांकी के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी भी जुलूस या झांकी में डीजे बजाते हुए पाया गया तो प्रशासन द्वारा तत्काल उसे जब्त कर लिया जाएगा और संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था को बनाए रखना है। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा की सोशल मीडिया पर प्रशासन की विशेष नजर बनी हुई है। किसी भी व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ, अफवाह फैलाने वाली या आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सभी अखाड़ा समितियों और जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और क्षेत्र में शांति व सौहार्द का वातावरण बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बैठक मे सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, मुखिया गुलाबी यादव, रेखा देवी,संतोष सिंह, अर्जुन पाण्डेय, ममता देवी, मुखिया प्रतिनिधि विनोद कुमार सिंह, अभिमन्यु प्रसाद भगत, टुनु वर्णवाल, महेश केशरी नागेन्द्र कुशवाहा, नरेश पाण्डेय, बीरबल साहू, जनार्दन सिंह, हेलाल अख्तर सहित कई लोग बैठक मे मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अंतिम मंगला जुलूस धूमधाम से निकली, राम भक्तों ने जय श्री राम के नारे लगाए



**बड़कागांव :** रामनवमी पुरे झारखंड में विशिष्ट पहचान है। मंगलवार को बड़कागांव प्रखंड के 13 गांव में अखाड़े के द्वारा अंतिम मंगला जुलूस भगवा ध्वज के साथ काफी धूमधाम से शांतिपूर्वक निकाली गई। रामनवमी पूजा समिति एवं राम भक्तों के द्वारा मंगला जुलूस का शुभारंभ गांव के बजरंग बली के मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ कर शुरू किया गया जो देर रात शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान राम भक्तों ने जय श्री राम का नाम लगाते रहे और खूब लाठी भांजी। बड़कागांव,सांड़छपेरवा ,कांडतरी ,सीकरी, चेपाखुर्द, हरली , खरांटी ,सोनपुरा,तलसवार, महूदी,गोसाई बलिया गांव, बरवाडीह एवं नापोखुर्द बरबनिया में रामनवमी की अंतिम मंगला जुलूस निकाली गई। शांति व्यवस्था के लिए बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस बल लगाए गए थे। जिसमें पिंटू गुप्ता, इंग्लेश सोनी, सत्यजीत विद्या अलंकार, संजय कुमार महतो, भीखन महतो, उपेंद्र प्रसाद,बिलेद्र कुमार,किशोर कुमार ,चुरामन महतो, प्रमोद कुमार महतो, सुभाष राणा, केदार महतो, मुखिया गणेश साव, हीरालाल साव, मुकेश कुमार, लव कुमार, लक्ष्मण कुमार के अलावा कई राम भक्तों ने मंगला जुलूस शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सराहनीय योगदान दिया।

### रामनवमी को लेकर चेपाखुर्द में फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील



**बड़कागांव :** रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं गंभीरता दिखला रही है। बुधवार को चेपाखुर्द में भव्य फ्लैग मार्च निकाला और शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का संदेश दिया । फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन ने आमजन को स्पष्ट संदेश दिया कि रामनवमी का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें, विशेषकर सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत सूचनाओं से सावधान रहें। प्रशासन ने लोगों से अपील की जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाले जाएं और विधि-व्यवस्था का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में बड़कागांव इंस्पेक्टर ललित कुमार, डाडीकला थाना प्रभारी सुगुन मुर्मू,एसआई संजय सिंह, चंद्रमोहन झा , चेपाखुर्द के लाइसेंस धारी पदुम साव, मंदिर कमेटी का अध्यक्ष भास्कर महतो के अलावा अन्य शामिल थे।

### एनटीपीसी माइनिंग की पहलः जमीरा गांव मंदिर का हुआ सौंदर्यीकरण



**बड़कागांव :** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के पकरी बरवाडीह नॉर्थ वेस्ट कोल माइनिंग प्रोजेक्ट द्वारा बेल्तु पंचायत अंतर्गत जमीरा गांव स्थित मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य सफलतापूर्वक किया गया, जो स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं सामुदायिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सौंदयीकृत मंदिर का उद्घाटन आज जगृति महिला संघ की अध्यक्षा अनीता दास द्वारा एनटीपीसी के कर्मचारियों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। इस पहल से मंदिर का स्वरूप अधिक आकर्षक एवं सुव्यवस्थित हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं को एक स्वच्छ एवं शांत वातावरण उपलब्ध होगा। इस अवसर पर श्रीमती अनीता दाश ने एनएमएल पीबी-एनडब्ल्यू सीएमपी के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें समाज और संगठन के बीच संबंधों को मजबूत करती हैं।ग्रामीणों ने भी इस कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसे सामुदायिक जीवन के लिए लाभकारी बताया।यह पहल एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की समावेशी विकास की सोच और आसपास के गांवों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### दुर्गा वाहिनी की निकली भव्य शोभायात्रा, श्रीराम मय हुआ बरही शहर



**बरही :** विश्व हिंदू परिषद की महिला ईकाई दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति के द्वारा बुधवार को रामनवमी सह श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दुर्गा वाहिनी के सदस्यों प्रखंड मुख्यालय स्थित मनोकामनेशवर मंदिर परिसर में दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका कीर्ति गौरव के नेतृत्व में एकत्रित हो कर हुई। इस मौके पर प्रांतीय संयोजिका ने मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज हमारा समाज कई प्रकार की कुरीतियों, अंधविश्वासों, और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहा है जिसका प्रभाव प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से देश की अखंडता और संप्रभुता पर पड़ रहा है। आज समाज में छुआछूत एवं सामाजिक वैमनस्यता के कारण अनेक प्रकार के जिहाद को अंजाम दिया जा रहा है जिससे हमारा सनातन समाज खंडित हो रहा है और इतिहास इस बात का प्रमाण है कि जब जब हिन्दू घटा तब तब देश बंटा।इन सभी समस्याओं को हम समरस,सुसंस्कृत और अनुशासित समाज बनाकर समाप्त कर सकते हैं ।इसके लिए हम सभी को जाति, भाषा, प्रांत और राजनीति की भावना से ऊपर उठकर समाज हित में सनातन जागरण का कार्य करना होगा। तत्पश्चात शिव और गणेश वंदना के साथ शोभा यात्रा का शुभारंभ किया गया । यह शोभायात्रा प्रखंड मैदान से निकलकर बरही के सभी प्रमुख मार्ग से गुजरते हुए बरही चौक पर समाप्त हुई।

## एक नजर

### तेली समाज के नेता दयानंद कश्यप पंचतत्व में विलीन

**रांची** : तली समाज के वरिष्ठ नेता दयानंद कश्यप (75 वर्ष) का मंगलवार देर रात आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र और तेली समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। रांची के अरगोड़ा स्थित पुंदाग मुक्ति धाम में बुधवार को उनका अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। उनके पुत्र साजन कश्यप ने उन्हें मुखाग्नि दी। दयानंद कश्यप के निधन को तेली समाज के लोगों ने अपूरणीय क्षति बताया है। उनके पुत्र साजन कश्यप ने कहा कि उनके पिता ने जीवनभर समाज सेवा, संघर्ष और ईमानदारी का मार्ग अपनाया। उनके विचार और संस्कार आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। अंतिम यात्रा में सुरेश साहू, मनोज कुमार, रोशन कुमार, अशोक साहू, महेश महतो, राजकिशोर साहू, दिलीप साहू, हजारीबाग से प्रमोद गुप्ता, मदन प्रसाद, राज कश्यप, सुनील साहू और पंकज कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अंतिम अर्घ्य के साथ चार दिवसीय चैती छठ महापर्व संपन्न



**रांची** : अंतिम अर्घ्य के साथ बुधवार को नेम और निष्ठा का चार दिवसीय चैती महापर्व छठ संपन्न हो गया। व्रतियों ने तडके सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। व्रतियों के साथ उनके परिवार के सदस्य और आस-पास के लोगों ने भी दूध और जल से भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य दिया । कई व्रती रांची के जलाशयों में, जबकि कई लोगों ने अपने घर की छत पर बनी कृत्रिम पानी की टंकी में ही अर्घ्य देकर विधिपूर्वक भगवान सूर्य का पूजन किया और दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर कर्णप्रिय छठ गीतों से रांची का वातावरण सराबोर हो गया। बाद में व्रतियों ने प्रसाद खाकर और पारण किया। उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय चैती छठ 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ शुरू हुई थी। छठ को लेकर रांची के विभिन्न छठ घाटों की नगर निगम की ओर से साफ-सफाई की गई थी। साथ ही कई छठ पूजा समितियों ने खुद से घाटों पर सुंदर लाइटिंग की सजावट और लाउडस्पीकर की व्यवस्था की थी।

### आरक्षी प्रवीण तिवारी को रांची एसएसपी ने निलंबित किया



**रांची** : एसएसपी राकेश रंजन ने जिला बल के आरक्षी प्रवीण तिवारी(3550) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसएसपी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विशाल सिंह नामक व्यक्ति ने (मोबाइल संख्या- 8882221616) 24 मार्च को यह सूचित किया कि प्रवीण तिवारी ने उन्हें वीडियो कॉल किया था। प्रवीण तिवारी द्वारा वीडियो कॉल में हथियार दिखाते हुए विशाल सिंह को धमकी भी दी गयी। इस घटना का वीडियो रिकार्डिंग भी किया गया। एसएसपी ने अपने आदेश में कहा है कि पूर्व में भी प्रवीण तिवारी के विरुद्ध ऐसे कृत्य की सूचनाएं प्राप्त होती रही है, जो इनके आदतन होने का परिचायक है। यह घोर लापरवाही का भी द्योतक है। इसलिए प्रवीण तिवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में प्रवीण तिवारी को जीवन यापन भत्ता देय होगा।

# रांची में एलपीजी संकट पर लोगों का फूटा गुस्सा, बेल बागान में किया सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राजधानी रांची के चुटिया बेल बागान इलाके में एलपीजी की किल्लत ने आम लोगों के सब्र का इम्तिहान लेना शुरू कर दिया है। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि नाराज उपभोक्ता सड़कों पर उतर आए और मुख्य सड़क को जाम कर विरोध जताया। खाली सिलेंडर लेकर पिछले दो दिनों से लाइन में खड़े लोगों को गैस नहीं मिलने से आक्रोश बढ़ता गया और आखिरकार लोगों का गुस्सा फूट पड़ा।

**गैस एजेंसी कोई जानकारी नहीं देती : उपभोक्ता**

प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का कहना है कि बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है। स्थानीय निवासी रीना देवी ने बताया कि 'घर में छोटे बच्चे हैं, लेकिन दो दिन से गैस नहीं मिलने के कारण खाना बनाना मुश्किल हो गया है, जिसके कारण बाहर का खाना खिलाना पड़ रहा है।' वहीं, राजेश कुमार ने कहा कि 'हर बार यही समस्या होती है, एजेंसी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं देती।' महिलाओं ने विशेष रूप से नाराजगी जताते हुए कहा कि रसोई का पूरा काम ठप हो गया है। एक महिला उपभोक्ता ने बताया कि सुबह का नाश्ता तक बनाना मुश्किल हो गया है, लकड़ी-कोयले का सहारा लेना पड़ रहा है। बुजुर्गों ने भी अपनी परेशानी जाहिर करते हुए कहा कि घंटों लाइन में खड़ा रहना उनके लिए बेहद कठिन है।

**पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग**

युवाओं ने एजेंसी पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ लोगों को अंदर ही अंदर गैस उपलब्ध करा दी जाती है, जबकि आम लोग लाइन में खड़े रह जाते हैं, इसको लेकर पारदर्शी व्यवस्था लागू करने की मांग उठी है।

**सड़क जाम से परेशानी**

गैस संकट के कारण कई घरों में चूल्हा तक नहीं जल पा रहा है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी पूरी तरह प्रभावित हो गई है। सड़क जाम के कारण यातायात भी बुरी तरह बाधित हुआ और राहगीरों को लंबी दूरी तक पैदल चलना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप कर गैस आपूर्ति को सुचारू करने और एजेंसी की कार्यप्रणाली की जांच कराने की मांग की है, ताकि आम लोगों को जल्द राहत मिल सके और स्थिति सामान्य हो सके।

## बीआईटी के दो पेट्रोल पंप में डकैती, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : राजधानी रांची के बीआईटी ओपी क्षेत्र में मंगलवार देर रात अपराधियों ने दो पेट्रोल पंपों पर डकैती की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि लगभग छह की संख्या में अपराधी बाइक और कार से आए और डकैती की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सबसे पहले अपराधी ड्रीम प्वाइंट पेट्रोल पंप पर पहुंचे, जहां हथियार के बल पर कर्मियों को बंधक बना लिया। वहां से अपराधी दो लाख से अधिक की डकैती कर भाग निकले। जबकि दूसरे पेट्रोल पंप से 2 हजार रुपये ही लूट सके। इस मामले को लेकर बीआईटी ओपी प्रभारी अजय कुमार दास ने बुधवार को बताया कि देर रात दो पेट्रोल पंप पर डकैती हुई है। एक पेट्रोल पंप पर 2 लाख से अधिक, जबकि दूसरे पेट्रोल पंप से दो हजार लेकर अपराधी फरार हुए हैं। पुलिस देर रात घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की है। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज निकाल कर जांच की जा रही है। अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला होमगार्ड भर्ती दौड़ परीक्षा पर रोक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया को लेकर बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। झारखंड उच्च न्यायालय ने भर्ती से जुड़ी दौड़ परीक्षा पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। साथ ही स्पष्ट कर दिया गया है कि अदालत की अनुमति के बिना अंतिम परिणाम जारी नहीं किया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने सुनवाई के दौरान पारित किया, जिससे राज्यभर में चल रही भर्ती प्रक्रिया पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। यह मामला सिकेंद्र मुर्मू बनाम झारखंड राज्य एवं अन्य से जुड़ा है, जिसमें याचिकाकर्ता ने भर्ती प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताई थी। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए काउंटर एफिडेविट दाखिल करे। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक आगे की अनुमति नहीं मिलती, तब तक किसी भी प्रकार का अंतिम परिणाम प्रकाशित नहीं किया जाएगा। अदालत ने इस मामले को एक अन्य संबंधित केस (डब्ल्यूपीएस नंबर 2656/2023) के साथ जोड़ते हुए चार सप्ताह बाद सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। ऐसे में संभावना है कि अगली सुनवाई अप्रैल 2026 के मध्य में हो सकती है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रंजन प्रसाद राम ने पक्ष रखा, जबकि राज्य सरकार की ओर से मुन्ना लाल यादव और दीपक कुमार उपस्थित हुए। कोर्ट के इस फैसले का सीधा असर उन जिलों पर पड़ेगा, जहां होमगार्ड भर्ती के तहत दौड़ परीक्षा आयोजित की जा रही थी या प्रस्तावित थी। विशेष रूप से गोड्डा समेत कई जिलों में चल रही तैयारियों पर अब अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। यदि प्रशासन कोर्ट के आदेश के बावजूद प्रक्रिया आगे बढ़ाता है, तो मामला फिर से न्यायालय में जा सकता है। इस फैसले के बाद अभ्यर्थियों के बीच असमंजस की स्थिति बन गई है। जो उम्मीदवार लंबे समय से इस भर्ती प्रक्रिया की तैयारी कर रहे थे, उन्हें अब आगे की कार्रवाई के लिए कोर्ट के अगले आदेश का इंतजार करना होगा। फिलहाल, सभी की नजरें अगली सुनवाई पर टिकी हैं, जहां इस पूरे मामले की दिशा तय होगी।

## रांची में सीबीआई ने रेलवे के चीफ कॉमर्शियल इंस्पेक्टर को 50 हजार घूस लेते किया गिरफ्तार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : रांची में भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे के चीफ कॉमर्शियल इंस्पेक्टर हिमांशु शेखर को 50 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी अधिकारी एक ठेकेदार का लंबित बिल पास कराने के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था। सीबीआई की टीम ने सुनियोजित जाल बिछाकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। इस पूरे मामले की शुरूआत ठेकेदार अजय त्यागी की शिकायत से हुई। उन्होंने सीबीआई को लिखित रूप से बताया कि उनका 8.50 लाख रुपये का बिल बकाया है, जिसे पास कराने के लिए हिमांशु शेखर 50 हजार रुपये की मांग कर रहा है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि घूस की रकम में सीनियर डीसीएम सूची सिंह की भी हिस्सेदारी बताई जा रही थी। सीबीआई ने शिकायत की जांच की और आरोप सही पाए जाने पर बुधवार को ट्रैप ऑपरेशन चलाया। तय योजना के तहत जैसे ही आरोपी ने 50 हजार रुपये लिए, टीम ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है। सीबीआई अधिकारियों ने मामले में सीनियर डीसीएम सूची सिंह से भी पूछताछ शुरू कर दी है। जांच एजेंसी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घूस के इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल हैं। इस कार्रवाई के बाद सीबीआई ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार या घूस मांगने की घटना सामने आती है, तो तुरंत इसकी शिकायत करें।

## झारखंड में 27-28 मार्च को बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में इन दिनों मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। कहीं बारिश तो कहीं धूप की आंखमिचौली देखने को मिल रही है। पिछले एक सप्ताह के दौरान गर्जन के साथ बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में 3 से 9 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन अब मौसम साफ होने के साथ तापमान में फिर बढ़ोतरी हो रही है। रांची में बारिश के दौरान अधिकतम तापमान 24 डिग्री तक पहुंच गया था, जो अब बढ़कर बुधवार को लगभग 31 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य के अन्य जिलों में भी तापमान में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। मौसम विभाग ने 27 और 28 मार्च को राज्य के कई हिस्सों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। पिछले 24 घंटों में राज्य का सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 14.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। बुधवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह मौसम साफ रहा, हालांकि दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहे। रांची में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री और न्यूनतम 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## रांची में रामनवमी की तैयारी तेज, प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रामनवमी के पावन पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए रांची प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। ईद और सरहुल को बेहतरीन तरीके से सम्पन्न करवाने के बाद अब जिला पुलिस और प्रशासन रामवनमी की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं झारखंड की राजधानी रांची में हर वर्ष बड़े ही शांति और भव्यता के साथ रामनवमी का पर्व मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी इसी परंपरा को कायम रखने के लिए रांची पुलिस और जिला प्रशासन अपनी तैयारियों में युद्ध स्तर पर जुटा हुआ है। रांची में भव्य शोभा यात्राओं और उत्सव की तैयारियों के बीच संवेदनशीलता को देखते हुए हाई अलर्ट जारी किया गया है। अब तक रांची के सभी थाना क्षेत्रों में 1200 उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है, जिनके खिलाफ प्रिवेंटिव एक्शन लिया जा रहा है। रामनवमी का त्योहार रांची में हमेशा उत्साह के साथ मनाया जाता है। भव्य शोभा यात्राओं से सजे शहर की सड़कें झंडों और भक्तिमय जयकारों से गूंज उठती हैं, लेकिन पर्व की संवेदनशीलता को भांपते हुए विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। रांची डीसी ने खुद शहर में घूम-घूम कर शोभायात्रा रुट का जायजा लिया। रामनवमी के जुलूस मार्ग की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीसी ने शोभायात्रा के आवागमन एवं प्रस्थान के लिए उपयोग में लाए जाने वाले रास्ते का खुद ही निरीक्षण किया। डीसी तपोवन मंदिर भी गए, इसी मंदिर तक पहुंच सभी शोभयात्रा का समापन होता है। ऐसे में मंदिर में सुरक्षा दृष्टिकोण से बैरिकेडिंग करने का निर्देश भी दिया गया है। डीसी रांची ने बताया कि शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जुलूस के आगमन एवं प्रस्थान के लिए रास्ते सुगम बनाए जा रहे हैं। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने आगामी पर्व रामनवमी को लेकर रांची शहर के विभिन्न जुलूस मार्ग का जायजा लेते हुए तमाम तैयारियों के मद्देनजर, शिव मंडप, पूजा समिति गाड़ी होटवार, महावीर चौक, अपर बाजार, मेडिकल चौक, तपोवन मंदिर एवं अन्य जगहों का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कहा, 'रामनवमी के पर्व को शांतिपूर्ण बनाने के लिए हमने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। शांति समितियों के साथ समन्वय और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया गया है। वहीं सिटी एसपी पारस राणा के नेतृत्व में सभी थानों से हाल के वर्षों में उपद्रव में शामिल लोगों की लिस्ट भी तैयार करवाई गई है। पुलिस के द्वारा संवेदनशील स्पॉट्स की पहचान कर वहां स्टैटिक डिप्लॉयमेंट सुनिश्चित किया जा रहा है। ग्रामीण थाना क्षेत्रों को विशेष रूप से संवेदनशील माना गया है, वहां अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि संवेदनशील जगहों पर मजबूत डिप्लॉयमेंट होगा ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए राजधानी के विशेष स्थान पर एक दर्जन ड्रोन तैनात किए जा रहे हैं। ड्रोन कहां-कहां तैनात किए जाएंगे इसके लिए जगह भी सुनिश्चित कर ली गई है। रामनवमी से ठीक 1 दिन पहले यानी 26 मार्च को सभी संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन उड़ाकर विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रकृति के महापर्व सरहुल मिलन समारोह सह मेला का हुआ आयोजन



**रांची** : प्रखंड अंतर्गत हेसल खोपी सरना मैदान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्राकृतिक महापर्व सरहुल के अवसर पर सरहुल मिलन समारोह सह पारंपरिक मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय सरना उत्थान समिति, खोपी सरना के तत्वावधान में किया गया, जिसमें पारंपरिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत एवं सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, श्रद्धालुओं एवं विभिन्न क्षेत्रों से आए सांस्कृतिक दलों की सहभागिता रही, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवमय वातावरण में सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के संबंध में केंद्रीय सरना उत्थान समिति के अध्यक्ष जमल मुंडा ने बताया कि सरहुल झारखंड का एक प्रमुख पारंपरिक पर्व है, जिसे आदिवासी समाज अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाता है। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति, विशेषकर पेड़-पौधों एवं वन्य जीवन के प्रति आस्था, सम्मान एवं संरक्षण का प्रतीक है। सरहुल का शाब्दिक अर्थ वृक्षों की पूजा है, जो वसंत ऋतु के आगमन के साथ मनाया जाता है। इस पर्व का मुख्य उद्देश्य प्रकृति की आराधना के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की गई। इसके उपरांत सामूहिक नृत्य, गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रूप प्रदान किया। अनगड़ा सहित अन्य क्षेत्रों से आए विभिन्न समूहों द्वारा प्रस्तुत खोड़ा नृत्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से गमछा पहनाकर किया गया। इस अवसर पर उप प्रमुख श्रीमती दीपा उरांव, पंचायत समिति सदस्य मदरा मुंडा, राजेंद्र मुंडा, चतरा पंचायत के पूर्व मुखिया सोहन मुंडा, ग्राम प्रधान देवराज पहान, संगीता कैथा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य बलराम मुंडा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### रांची के पुंदाग स्थित प्रणामी मंदिर में अन्नपूर्णा खिचड़ी भोग का किया गया वितरण



**रांची** : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में बुधवार को श्रद्धालुओं के बीच वेजिटेबल खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि पिछले तीन महीनों से मंदिर में प्रतिदिन खिचड़ी भोग का वितरण किया जा रहा है। बुधवार को भी इसी क्रम में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने जानकारी दी कि 20 दिसंबर 2025 से मंदिर में अन्नपूर्णा वेजिटेबल खिचड़ी भोग सेवा नियमित रूप से संचालित हो रही है। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी पंडित अरविंद पांडेय द्वारा विधिवत भोग लगाया जाता है, जिसके बाद दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाता है। प्रवक्ता संजय सर्राफ के अनुसार, ट्रस्ट के संस्थापक स्वामी डॉ. सदानंद जी महाराज के सानिध्य में यह सेवा निरंतर जारी है, जिसमें प्रतिदिन लगभग 400 श्रद्धालु खिचड़ी भोग ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट द्वारा पिछले पांच वर्षों से प्रत्येक रविवार को ह्यश्री कृष्णा प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडाराह्न का आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे धार्मिक वातावरण और सेवा भावना दोनों ही सशक्त रूप से परिलक्षित हो रहे हैं।

### आरकेडीएफ विवि में कार्निविस्टा 2026 का रंगारंग आयोजन, म्यूजिकल नाइट पर झूमे छात्र

**रांची** : रांची के आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में बुधवार को वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव ह्यआरकेडीएफ कार्निविस्टा 2026ह्न का आयोजन किया गया। इस मौके पर म्यूजिकल नाइट और बैंड परफॉर्मेंस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे, जिन पर दर्शक जमकर झूमे और तालियों की गूंज से पूरा परिसर उत्साह से भर उठा। महोत्सव के दौरान आयोजित रैंप वॉक प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक परिधानों और आत्मविश्वास के साथ शानदार प्रस्तुति दी, जिसने सभी का मन मोह लिया। पूरे आयोजन के दौरान विश्वविद्यालय परिसर उत्सव के रंग में रंगा रहा, जहां रंग-बिरंगी सजावट और रोशनी ने माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एस. चटर्जी और कुलसचिव डॉ. अमित कुमार पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और ऐसे आयोजन उनकी प्रतिभा को निखारने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। कुलसचिव ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। महोत्सव में नृत्य, गायन, नाट्य मंचन, लाइव बैंड परफॉर्मेंस और समूह प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना और उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा टीमवर्क की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अवैध गैस कारोबार पर प्रशासन की कार्रवाई छापेमारी में सिलेंडर और रिफिलिंग मशीन बरामद

**रांची** : राजधानी रांची में घरेलू गैस (एलपीजी) की किल्लत और कालाबाजारी की शिकायतों के बीच जिला प्रशासन ने अवैध गैस कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में एदलहातु क्षेत्र में एक मकान में छापेमारी कर घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और रिफिलिंग के बड़े नेटवर्क का खुलासा किया गया। यह कार्रवाई 24 मार्च (मंगलवार) की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर की गई। प्रशासनिक टीम ने रात करीब 8:55 बजे मौके पर पहुंचकर छापा मारा। जांच में पाया गया कि मकान किराए पर लेकर वहां घरेलू गैस सिलेंडरों से गैस निकालकर छोटे और व्यावसायिक सिलेंडरों में अवैध रूप से भरी जा रही थी, जिन्हें बाद में ऊंचे दामों पर बेचा जाता था। छापेमारी के दौरान कुल 3 भरे हुए और 2 खाली 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर, 5 किलोग्राम का एक छोटा सिलेंडर, 19.2 किलोग्राम के दो व्यावसायिक सिलेंडर, गैस रिफिलिंग मशीन, रेगुलेटर, पाइप और गैस मापने की डिजिटल वेट मशीन बरामद की गई। जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर ही जब्ती सूची तैयार कर सभी बरामद सामग्री को सुरक्षा मानकों के तहत संबंधित गैस एजेंसियों को सौंप दिया। इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिले में अवैध गैस भंडारण, रिफिलिंग और कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक नजर

### जयनगर थाना में नए प्रभारी ने संभाली कमान

**जयनगर** : बुधवार को पुलिस अवर निरीक्षक विकास कुमार ने जयनगर थाना के 19वें थाना प्रभारी के रूप में प्रभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। अपराध नियंत्रण, विशेषकर भूमि विवाद, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी, अवैध गतिविधि या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। थाना प्रभारी ने आगे कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित समाधान किया जाएगा। महिला सुरक्षा को लेकर विशेष पहल की जाएगी और महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### घरेलू मारपीट में महिला घायल

**कोडरमा** : डोमचांच ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ पहाड़ी में घरेलू विवाद में हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान मसो. बबीता देवी के रूप में हुई है। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मामले को लेकर घायल मसो. बबीता ने बताएं कि घरेलू विवाद में सिर्फ पूछने जाने पर उप मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा यादव और उसके परिवार के लोगों ने मेरे माथे पर पत्थर से वार कर दिया जिसे मेरा माथा फट गया। फिलहाल महिला का नाजुक स्थिति में सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। महिला के परिजनों ने दोषियों पर कार्रवाई के लिए थाना में आवेदन दिया है। वही परिवार के लोगों का कहना है कि पुलिस की ओर से अब तक को कार्रवाई नहीं की गई है।

### भुरकुंडा में ईद मिलन समारोह बना सौहार्द की मिसाल




**भुरकुंडा**: भुरकुंडा क्षेत्र में ईद के पावन अवसर पर आयोजित ईद मिलन समारोह ने सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की एक खूबसूरत तस्वीर पेश की। सद्भावना मंच रीवर साइड भुरकुंडा के तत्वावधान में मस्जिद कॉलोनी स्थित निकाह पॉइंट मैरेज हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के अंग्रेजी विभाग के व्याख्याता डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि सभी धर्मों का मूल संदेश मानवता है। उन्होंने कहा कि यदि समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखना है तो हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना रखनी होगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भुरकुंडा ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने लोगों से सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सरफराज आलम ने कहा कि समाज में बढ़ती दूरियों को केवल प्रेम और आपसी समझ से ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रोजा और ईद का पर्व हमें शांति, न्याय, प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है, जिसे जीवन में अपनाने की जरूरत है।

# तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से मजदूर की दर्दनाक मौत, मुआवजे को लेकर लोगों ने किया सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू** : कुजू ओपी क्षेत्र के फोर लेन से सटी फैंकी रोड पर मंगलवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया, जिससे इलाके में कई घंटों तक आवागमन बाधित रहा और तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। मृतक की पहचान सुखदेव यादव (लगभग 40 वर्ष) के रूप में हुई है, जो जामताड़ा जिले का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, वह स्थानीय राधा कास्टिंग प्लांट में मजदूरी करता था। मंगलवार रात करीब 8 से 9 बजे के बीच वह भोजन करने के







बाद अपने कार्यस्थल की ओर जा रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज गति में आ रहे हाईवा वाहन (संख्या जेएच 02 एडब्ल्यू 6310) ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे की खबर मिलते ही आसपास के लोग और मजदूर बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। घटना से आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया और शव को हटाने से इनकार कर दिया। इस दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया और जाम हटाने के लिए वार्ता की। खबर लिखे जाने तक स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी थी और प्रशासन लगातार लोगों को शांत कराने में जुटा था। स्थानीय लोगों ने इस मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटना का मुख्य कारण बताया है। उनका कहना है कि इस सड़क पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के कड़ाई से पालन की आवश्यकता को उजागर करता है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं को रोका जा सके।

## रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मानाने को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो** : मरकच्चो थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी के नेतृत्व में शनिवार को रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर मरकच्चो थाना क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से ब्लॉक चौक,बंधन चौक, कर्बलानगर, जामु नावाडीह 1 , लोहोंडियो समेत विभिन्न चौक चौराहे पर निकाला गया। साथ ही थाना प्रभारी ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। रामनवमी पूजा के दौरान कोई भी व्यक्ति गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करेगा तो बख्शा नहीं जाएगा। कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस आम लोगों के सुरक्षा में सदैव तत्पर है। रामनवमी पूजा के दौरान सभी चौक चौराहे एवं विभिन्न जगहों पर पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की तैनाती की गई है। फ्लैग मार्च में सीओ परमेश्वर कुशवाहा, बीडीओ हुलास महतो, एस आई गोविंद सिंह, विशाल कुमार के अलावा पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## कोडरमा में हाईस्पीड ट्रेन का ट्रायल 180 किमी/घंटा से गुजरी ट्रेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : अंग्रेजों के शासनकाल में 1906 में बने हावड़ा-दिल्ली ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन पर आज 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से यात्री ट्रेन चलाए जाने का सफल ट्रायल किया गया। कोडरमा स्टेशन पर यह ट्रेन 1 बजकर 58 पर पहुंची और महज 17 से 18 सेकंड में पूरे प्लेटफार्म को ट्रेन क्रॉस कर गया। स्पीड ट्रेन के ट्रायल को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। लगातार पूछताछ कार्यालय के द्वारा लोगों को प्लेटफार्म संख्या तीन पर रेलवे ट्रैक से दूर रहने की सलाह दी जा रही थी। इसके अलावे आरपीएफ के जवान भी लगातार लोगों को रेलवे ट्रैक से दूर प्लेटफार्म पर बैठने और ट्रेन गुजरने के दौरान स्थिर रहने की सलाह दे



रहे थे। ट्रेन के आगमन और प्रस्थान को लेकर रेलकर्मी भी प्लेटफार्म संख्या तीन पर मुस्तैद रहे। वहीं दूसरी तरफ पूर्व घोषित इस स्पीड ट्रेन के ट्रायल को लेकर आम लोगों में भी खासा उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग प्लेटफार्म और फुट ओवर ब्रिज पर इस हाई स्पीड ट्रेन का ट्रायल देखने के लिए मौजूद रहे। स्पीड ट्रायल ट्रेन का परिचालन पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन से लेकर धनबाद के प्रधानघंटा स्टेशन तक किया गया। इस दौरान जगह-जगह सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। वहीं स्थानीय लोगों की मौजूदगी ने भी 120 साल पुराने रेलवे ट्रैक पर स्पीड ट्रेन के परिचालन को ऐतिहासिक बना दिया। 1906 में हावड़ा-दिल्ली ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन का निर्माण किया गया था और उस समय कोयला इंजन के जरिए ट्रेनों का परिचालन किया जाता था। हावड़ा-दिल्ली ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन पर इस हाई स्पीड ट्रेन के सफल ट्रायल के बाद हावड़ा से दिल्ली तक का सफर में फिलहाल तकरीबन 17 18 घंटे लगते है, लेकिन इस ट्रायल के बाद जब हाई स्पीड ट्रेन चलने लगेगी तो इस सफर में महज 12 से 13 घंटे ही लगेंगे।

## रामगढ़ में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ जिले में लोक आस्था के महापर्व चैती छठ का समापन बुधवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। जिले के भुरकुंडा, बरकाकाना, पतरातु, रामगढ़ नगर और गोला सहित सभी प्रमुख छठ घाटों पर हजारों व्रतधारियों ने सूर्योदय के समय जल में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। सुबह तड़के ही व्रतधारी पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे घाटों पर पहुंचने लगे। जैसे ही सूर्य की पहली किरण दिखाई दी, व्रतधारियों ने विधि-विधान के साथ अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान घाटों पर छठ गीतों और भजनों की मधुर ध्वनि गूंजती रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। चैती छठ महापर्व की शुरूआत नहाय-खाय से हुई थी। इसके बाद खरना के दिन व्रतधारियों ने खीर-पूरी का प्रसाद ग्रहण कर निर्जला उपवास शुरू किया। तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया और अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया गया। पर्व को लेकर प्रशासन और स्थानीय समितियों द्वारा छठ घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं के लिए दूध, फल और अन्य पूजा सामग्री भी उपलब्ध कराई गई, जिससे किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। अर्घ्य के बाद व्रतधारियों ने पारंपरिक ठेकुआ और अन्य प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। चैती छठ के इस पावन अवसर ने एक बार फिर रामगढ़ जिले में आस्था, अनुशासन और सामाजिक एकता की मजबूत मिसाल पेश की।

## नई उम्मीद सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का अभिनंदन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा द्वारा नई उम्मीद सम्मान समारोह का आयोजन कर नवनिर्वाचित नगर निकाय के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा से जुड़े निर्वाचित पदाधिकारियों को एक मंच पर संगठित करना और शहर के विकास को लेकर साझा विचार-विमर्श करना रहा।कार्यक्रम की शुरूआत रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संतोष सिन्हा ने की। उन्होंने उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर झुमरी तिलैया नगर परिषद के अध्यक्ष रमेश हर्षधर, नगर पंचायत डोमचांच के अध्यक्ष उमेश वर्मा तथा वार्ड नंबर 10 की पार्षद एवं रोटेरियन पिंकी जैन को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित अतिथियों ने अपने संबोधन में शहर के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जनहित में कार्य करने का संकल्प दोहराया। रोटेरियन संतोष सिंह ने कहा कि रोटरी और राजनीति में एक समानता है—दोनों का मूल उद्देश्य सेवा है। उन्होंने कहा कि पद आते-जाते रहते हैं, लेकिन सेवा का भाव ही समाज के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि रोटरी क्लब भविष्य में भी नगर निकाय के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान रोटरी सदस्यों ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से सवाल-जवाब कर उनकी भावी योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम के समापन पर पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन सुरेश जैन ने सभी वक्ताओं के विचारों की सराहना करते हुए सकारात्मक पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम के परियोजना निदेशक रोटेरियन अमित कुमार ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई दी।

# रामगढ़ स्वास्थ्य विभाग को मिला नया नेतृत्व, उप निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने संभाली जिम्मेदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ** : रामगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग में बुधवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक परिवर्तन देखने को मिला, जब उप निदेशक के रूप में डॉ. अनिल कुमार ने औपचारिक रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित सादगीपूर्ण कार्यक्रम में उन्होंने अपनी नई जिम्मेदारियों की शुरूआत की, जिससे विभाग में नई ऊर्जा और उम्मीद का संचार हुआ है। पदभार ग्रहण के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार और डीआरसीएचओ डॉ. ठाकुर मृत्युंजय कुमार सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।




इस दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यक्रम का माहौल सकारात्मक और उत्साहपूर्ण रहा। पद संभालने के बाद डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत, सुलभ और प्रभावी बनाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधाओं के बीच संतुलन बनाना आवश्यक है, ताकि हर वर्ग के लोगों को बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और बेहतर समन्वय को जरूरी बताते हुए कहा कि सभी कर्मियों के सहयोग से ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार संभव है। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि नए उप निदेशक के नेतृत्व में विभागीय कार्यों में तेजी आएगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति जिले के लिए सकारात्मक बदलाव का संकेत है। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार, जिला लेखा प्रबंधक भोला शंकर गुप्ता, सिविल सर्जन कार्यालय के प्रधान लिपिक नरेश राम, डीसीसीएच अशोक ठाकुर, स्टोर कीपर आशीष कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। जिले के स्वास्थ्य विभाग में इस नई नियुक्ति को एक मजबूत कदम के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, साथ ही आम जनता को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं मिलने की संभावना और मजबूत हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### कराटे से सशक्त हो रहीं बेटियां, भुरकुंडा में आत्मरक्षा की पहल



**भुरकुंडा** : भुरकुंडा क्षेत्र में नन्हीं बच्चियों को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाने की दिशा में सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां कराटे प्रशिक्षिका आस्था सिंह द्वारा बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण सितोरियू कराटे के कोच कंचन दास के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में 6 से 8 वर्ष की बच्चियों को शामिल किया गया, जिन्हें प्रारंभिक स्तर पर शारीरिक व्यायाम, किक, पंच और बुनियादी मुकाबले के अभ्यास सिखाए गए। प्रशिक्षिका आस्था सिंह, जो ब्लैक बेल्ट तृतीय दान धारक हैं, ने बच्चियों को सरल और प्रभावी तरीके से आत्मरक्षा की तकनीकें समझाईं। प्रशिक्षण में शामिल अनन्या कुमारी (जवाहर नगर), श्रावणी कुमारी (पटेल नगर) और साक्षी कुमारी (सियाल मोड़) जैसी नन्हीं छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अभ्यास किया। ये सभी प्राथमिक कक्षाओं की छात्राएं हैं, जिनमें सीखने की लगन स्पष्ट रूप से दिखाई दी। प्रशिक्षिका आस्था सिंह ने बताया कि कराटे केवल आत्मरक्षा का माध्यम ही नहीं, बल्कि यह शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास और अनुशासन सिखाने का भी एक सशक्त जरिया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में लड़कियों के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण बेहद आवश्यक है, जिससे वे आत्मविश्वासी बन सकें। कोच कंचन दास ने जानकारी दी कि आस्था सिंह वर्तमान में पतरातू क्षेत्र स्थित एक विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा हैं और अपने कौशल के बल पर न केवल अपने क्षेत्र, बल्कि पूरे रामगढ़ जिले का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आस्था जैसी छात्राएं अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणा बन रही हैं।

### जुलूस मार्ग को लेकर विवाद, अखाड़ा समितियों ने जताया विरोध

**मरकच्चो** : मरकच्चो थाना परिसर में 23 मार्च को शांति समिति के बैठक किया गया था। इस दौरान नावाडीह पंचायत के ग्राम लोहांडियो निवासी रियासत आलम उम्र 38 वर्ष पिता इम्तियाज मियां ने जिला प्रशासन अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षक के समक्ष ग्राम लोहांडियो में मंगला जुलूस को नहीं जाने देने की बात कहा। उसने यह भी कहा कि हमारा गांव लोहड़ियो में मुस्लिम समुदाय के 80 प्रतिशत लोग रहते है, इसलिए मंगला जुलूस इधर से नहीं जाने देंगे। उसने कहा कि अगर मंगला जुलूस लोहांडियो से गुजरती है तो सांप्रदायिक विवाद उत्पन्न हो सकती है।इसी बात को लेकर प्रखंड के नावाडीह 1 पंचायत के सभी छः अखाड़ा समितियो के द्वारा रामनवमी पूजा नहीं मानने को लेकर एक बैठक नावाडीह पंचायत भवन के परिसर में किया गया। इस दौरान सभी ग्रामीणों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि रियासत आलम के द्वारा कही गई बात से हम सभी के धर्म पर आहत पहुंचा हैं। जिसके लिए पुलिस प्रशासन रियासत आलम की अविलम्ब गिरफ्तारी करे। अगर गिरफ्तारी नहीं होती है तो हम लोग रामनवमी पर्व नहीं मनाएंगे। जानकारी हो कि 25 मार्च को नावाडीह 1 पंचायत के छः समिति के सदस्यों तथा ग्रामीणों ने बैठक कर सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त आवेदन केंद्रीय मंत्री सह सांसद कोडरमा, विधायक कोडरमा, उपायुक्त कोडरमा, पुलिस अधीक्षक ,पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी को एक आवेदन देकर न्याय की मांग किया गया है। वही आवेदन में यह भी कहा गया है कि 24 मार्च की सुबह ग्राम लोहांडियो के इम्तियाज मियां पिता स्व रउफ मियां ने नावाडीह चौक पर खुला चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो मंगला जुलूस लोहांडियो में प्रवेश करके दिखाए, इसके लिए हमलोग ग्राम वासी पूरी तैयारी कर रखे हैं।समिति के सदस्यों ने कहा कि रामनवमी पर्व को लेकर मंगल जुलूस निकालने हेतु मरकच्चो थाना में 20 मार्च को आवेदन दिया गया था, लेकिन प्रशासन के द्वारा एक पक्षीय कार्य किया गया। जिससे हम सभी के धर्म पर आहत पहुंचा है। राम नवमी पूजा के पूर्व अगर रियासत आलम,व इम्तियाज मिंया की गिरफ्तारी होती है तो हमलोग प्रशासन की मौजूदगी में पर्व मनाएंगे और अगर गिरफ्तारी नही होती है तो नावडीह1 समेत छः अखाड़ा के द्वारा रामनवमी पर्व नही मनाया जाएगा।

### कोडरमा में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी संपन्न बच्चों को मिला रिपोर्ट कार्ड व पोशाक



**कोडरमा** : कोडरमा स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में चतुर्थ अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया और रिपोर्ट कार्ड बच्चों व उनके अभिभावकों को सौंपा गया। समय पर परीक्षा एवं परिणाम घोषित होने से अभिभावकों और विद्यार्थियों में खुशी व उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 1 एवं 2 के छात्र-छात्राओं के बीच सत्र 2025-26 के लिए पोशाक का भी वितरण किया गया।

### कोडरमा में भक्ति का महासंगम, अरदास महोत्सव में झूमे श्रद्धालु

**कोडरमा** : शहर के शिव वाटिका में आयोजित श्याम शरण में आ जा रे का 48वां मासिक अरदास महोत्सव इस बार भव्यता, आस्था और भक्ति के अनूठे संगम के रूप में देखने को मिला। लो आ गया खाटू वाला के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह श्याममय हो गया। महोत्सव में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एवं श्याम भक्त शामिल हुए, जिन्होंने बाबा खाटू श्याम के दरबार में हाजिरी लगाकर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। महोत्सव के तहत शिव वाटिका में भव्य शीश दरबार सजाया गया, जिसे आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और पारंपरिक सजावट से अलंकृत किया गया था। दरबार की भव्यता देखते ही बन रही थी और श्रद्धालु वहां पहुंचकर बाबा के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित अनिल मिश्रा के नेतृत्व में विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। जजमान के रूप में गिरधारी सोमानी एवं रीता सोमानी अपने परिवार सहित उपस्थित रहे और उन्होंने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई। पूजा के दौरान बाबा को खीर एवं चूरमा का विशेष भोग अर्पित किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे भक्तों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर दिनभर भक्तों का आना-जाना लगा रहा और हर कोई बाबा के दरबार में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त करता दिखा।रात्रि में कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण संगीतमय भजन संध्या रही, जिसकी शुरूआत अखंड ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ हुई। भजन संध्या में देश के विभिन्न हिस्सों से आए भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। प्रसिद्ध भजन गायक रवि दाहिमा ने ऐसा क्या काम किया हमने तेरा.....भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

## एक नजर

### 8 साल से अधूरी सड़क पर बोले विधायक गडकरी से लगाई जल्द निर्माण की गुहार



**चौपारण :** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने लंबित परियोजनाओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। विधायक ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि गोरहर से चोरदाहा के बीच पिछले 8 वर्षों से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जो आज भी अधूरा है। उन्होंने विशेष रूप से चौपारण और बरकठा में बन रहे फ्लाईओवर निर्माण की धीमी गति पर चिंता जाहिर की और इसमें तेजी लाने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही के कारण अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। विधायक ने चौपारण से चोरदाहा तक सड़क चौड़ीकरण के कार्य को जल्द शुरू करने की मांग की। उन्होंने दनुआ घाटी में लगातार हो रहे हादसों का हवाला देते हुए इसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का विशेष आग्रह किया।

### श्री रामनवमी के पूर्व सरिया में निकला मंगला जुलूस



**सरिया:** रामनवमी त्योहार के पावन अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सरिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 चंद्रमारणी से मंगलवार की देर शाम मंगला जुलूस निकाला गया। श्री राम मंडली अखाड़ा समिति द्वारा निकाले गए इस जुलूस में रथ पर महावीर स्वामी का झंडा स्थापित कर उनकी पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात सार्वजनिक हनुमान मंदिर चंद्रमारणी से सैकड़ों की संख्या में राम भक्त हाथ में भगवा ध्वज, लाठी, डंडा तलवार, गंडासा, फरसा लिए जुलूस की शक्ल में निकले। जो आश्रम रोड,जीडीएम रोड,महावीर चौक होते हुए विवेकानंद मोड पहुंचा। जहां से डाक बंगला रोड होते हुए अखाड़ा तक वापस हुआ। इस दौरान जुलूस में शामिल लोगों द्वारा लगाई जा रहे जय श्री राम के गगन भेदी नारों से पूरा सरिया बाजार भक्तिमय हो उठा। पारंपरिक वाद्य यंत्रों केबीच लोगों ने लाठी डंडे का पारंपरिक खेल-कला,अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन भी किया। जो आकर्षण का केंद्र रहा।

# आईसीएआर-आईएआरआई, में आयोजित तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, झारखंड परिसर, गौरिया कर्मा द्वारा 23-25 मार्च 2026 को परिसर में एससीएसपी के अंतर्गत डेयरी , प्रसंस्करण एवं विपणन रणनीतियों में आधुनिक प्रगति विषय पर तीन दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ वंदना द्वारा किया गया, तथा डॉ. शिल्पी केरकेट्टा, डॉ कृष्णा प्रकाश, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा एवं अरुण कुमार रजक का सक्रिय सहयोग रहा। उक्त एससीएसपी प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के रूप में डॉ. कृष्ण प्रकाश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों के ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि करना तथा प्रतिभागियों को दुग्ध प्रसंस्करण की आधुनिक विधियों जैसे पास्चुरीकरण, होमोजेनाइजेशन एवं स्टेरिलाइजेशन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही दही, पनीर, घी एवं अन्य मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।डेयरी उत्पादों के प्रभावी विपणन, ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग तकनीकों पर विशेष जोर दिया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ व्याख्यान, शैक्षणिक भ्रमण एवं प्रायोगिक सत्र आयोजित किए गए। समापन समारोह में परिसर प्रभारी डॉ सनत कुमार महानता डॉ. विशाल नाथ, डॉ वंदना, डॉ शिल्पी करकेटा, पंकज कुमार सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति रही। परिसर प्रभारी डॉ सनत कुमार महंता ने अपने संबोधन भाषण में डेयरी प्रसंस्करण, विपणन, दुग्ध उत्पादन पर एवं उनके नस्ल पर सुधार देने को जोर दिया। डॉ विशाल नाथ ने डेयरी के फायदों एवं उनके महत्व पर प्रकाश डाला। एवं संस्थागत सहयोग की महत्ता पर बल दिये`डॉ वंदना ने इस प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों को जागरूक किया एवं अपने-अपने गांवों में अन्य किसानों तक प्राप्त ज्ञान का प्रसार करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों से प्राप्त फीडबैक एवं प्रमाण-पत्र वितरण के साथ हुआ। आयोजकों ने प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल पूर्णता पर संतोष व्यक्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की सफल पूर्णता के उपरांत, सहभागी किसानों के बीच सब्जी बीज, उच्च गुणवत्ता वाले संकर मक्का बीज मिनरल मिक्सर, पशुओं के कुछ दवाओं, कुछ छोटे कृषि उपकरण वितरित किए गए। प्रशिक्षण के सफल आयोजन में तकनीकी सहायक अरुण कुमार रजक तथा आकाश कुमार दास का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह आयोजन झारखंड में डेयरी उत्पादन में जोर मिलेगा एवं किसान सशक्तिकरण के प्रति संस्थान की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता गया।

## डोबो स्कूल मैदान में कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ मां बासंतिक दुर्गा पूजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र के डोबो स्कूल मैदान में बसंती दुर्गा पूजा का भव्य शुभारंभ किया गया। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस पूजा में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ भाग लिया। बसंती पूजा, जिसे चैत्र दुर्गा पूजा भी कहा जाता है, वसंत ऋतु में मां दुर्गा की आराधना का प्रमुख पर्व है। यह पर्व नौ दिनों तक चलता है, जिसमें देवी के विभिन्न स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। डोबो गांव में पूजा की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई, जहां श्रद्धालु स्वर्णरेखा नदी से पवित्र जल लेकर आए और विधिवत कलश स्थापना कर पूजा प्रारंभ की गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्सव का माहौल देखने को मिला। आयोजकों द्वारा बताया गया कि यह बसंती पूजा आसपास के क्षेत्रों में विशेष पहचान रखती है, जिसमें बंगाल सहित कई क्षेत्रों से लोग पहुंचकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। पूजा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतिपदा से नवमी तक चलने वाली इस पूजा का समापन नवमी या दशमी के दिन मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के साथ किया जाएगा। फिलहाल डोबो गांव का यह पूजा पंडाल श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बना हुआ है।

# विभावि योग केंद्र के छात्र अब राष्ट्रीय स्तर पर बनेंगे कोच और जज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय योग केंद्र के पूर्ववर्ती छात्र अब राष्ट्रीय स्तर के योग प्रतियोगिताओं में कोच एवं जज के रूप में अपनी सेवा दे सकेंगे। यह जानकारी देते हुए विभावि योग केंद्र की पूर्ववर्ती छात्रा वर्षा दे ने बताया कि शिविर का आयोजन 'योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड' के द्वारा किया गया। 'झारखंड स्टेट योगासन जजों एवं कोचों का प्रशिक्षण शिविर' के नाम से इसका आयोजन पतरातू डैम के किनारे अवस्थित मिडवे रिजॉर्ट में किया गया। शिविर से लौटकर बुधवार को उन्होंने बताया कि यह संस्था' योगासन भारत' तथा 'वर्ल्ड योगासन' से संबद्ध है तथा भारत सरकार का 'युवा मामले एवं खेल मंत्रालय' द्वारा स्वीकृत है। उन्होंने बताया कि कुल आठ दिनों तक शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पांच दिन ऑनलाइन और 20 से 22 मार्च को तीन दिन ऑफलाइन प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान खेल के नए नियम एवं तकनीक की पूरी जानकारी दी गई। शिविर में झारखंड के 20 जिलों से कुल 80 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। श्रीमती वर्षा ने बताया कि उक्त शिविर में विभावि के चार पूर्ववर्ती छात्रों के साथ हजारीबाग के कुल पांच लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसमें वर्षा के अलावे विनीत सिंह, सुरभी सिंह, राखी सिंह तथा नेहा कुमारी शामिल है। बताया कि जज और कोच के करियर के तरफ युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से इन लोगों ने मिलकर हजारीबाग में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की इकाई का गठन भी कर लिया है।

# श्री राम सनातन समिति द्वारा राम नवमी को लेकर किया गया प्रेस वार्ता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** श्रीराम सनातन समिति चांडिल अनुमंडल की पत्रकार-वार्ता चांडिल स्थित होटेल राहूल प्लेस में समिति के अध्यक्ष आकाश महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुयी।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये समिति के अध्यक्ष आकाश महतो ने कहा कि रामनवमी के शुभअवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार दोपहर 2 बजे से श्रीराम सनातन समिति चांडिल अनुमंडल कमिटी के द्वारा भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी सारी तैयारी हो चुकी है। पूरे गाजे-बाजे, ढोल नगाड़ों के साथ हजारों की संख्या में रामभक्त नौजवान साथी, मातायें-बहनें हाथों में भगवा ध्वज लेकर एक साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे। समिति के महामंत्री विमलेश मंडल ने कहा कि शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां होगी जो शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएगी। समिति के सचिव छोटू प्रमाणिक ने इस शोभायात्रा में सभी सनातनियों को शामिल होने की अपील की। प्रेसवार्ता में समिति के महामंत्री विमलेश मंडल, कोषाध्यक्ष सूरज मिश्रा, उपाध्यक्ष सजल कर्मकार, मंत्री राहूल नाग, मीडिया प्रभारी जगदीश पोद्दार, सोशल मीडिया प्रभारी उदित गुप्ता, शंभू मोदक, जयसूर्या, मल्लिकार्जुन दुबे समेत दर्जनों समिति के सदस्य मौजूद थे।

## पटमदा प्रखंड सभागार में 43 आंदोलनकारियों को मिला प्रशस्ति पत्र



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड सभागार में प्रमुख बालिका सोरेन की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बता दे कि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले काफी लंबे समय से आंदोलनकारियों को सम्मान के साथ आयोग द्वारा चिन्हितिकरण करने की मांग जारी थी। इसके परिणाम स्वरूप बुधवार को 43 झारखंड आंदोलनकारियों को प्रशस्ति पत्र जनप्रतिनियों के हाथों सौंपा गया। कार्यक्रम में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग, प्रमुख बालिका सोरेन, विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, पार्षद खगेन महतो, अश्वनी महतो, आंदोलनकारियों में मनबोध महतो, रामनाथ महतो, दुर्योधन महतो, रसराज महतो, कृतिचंद महतो, प्रणव रंजन महतो, सुल्तान, दुलाल कुंभकार, चित्त रंजन महतो, हासु सहीस, विश्वजीत महतो, सुभाष सिंह, सहित कई आंदोलनकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस पर पथराव के मामले में 41 नामजद एवं 240 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज, दो गिरफ्तार, जेल



**बरही :** बीते मंगलवार को बिना लाइसेंस निर्धारित मार्ग से अलग मार्ग से मंगला जुलूस निकालने एवं मना करने पर पुलिस पर पथराव करने के मामले में गोरहर थाना में एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल के आदेशानुसार कांड संख्या 12/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसमें 41 नामजद एवं 240 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस मामले में इस घटना में संलिप्त दो लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दी। जेल भेजे जाने वाले में उतिम महतो एवं राजेश महतो दोनों ग्राम टुइयों थाना बरकट्ठा शामिल है। पुलिस ने 9 बाइक को भी जब्त किया है। घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने बताया कि बीते मंगलवार को लगभग 300 से अधिक की संख्या में लोग मंगला जुलूस बिना लाइसेंस निर्धारित मार्ग को छोड़कर लेमड़ा जमुआ की ओर जाने का प्रयास करने लगे। मौके पर मौजूद दंडाधिकारी अंचलाधिकारी एवं पुलिस बल उधर जाने से रोका। जिसके बाद उग्र लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। जिससे कई पुलिस कर्मी भी चोटिल हो गए। घटना को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इस मामले में चिन्हित कर दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य की धर पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी अभियान में एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, थाना प्रभारी बरकट्ठा पंकज सिंदुरिया, गोरहर नीतीश सिंह, एस आई देवदत्त कुमार एवं कन्हैया प्रसाद सहित बरकट्ठा एवं गौरहर थाना के पुलिस बल शामिल रहे।

### भव्य कलश यात्रा के साथ बोड़ाम पटमदा में बासंती पूजा का हुआ शुभारंभ



**पटमदा:** सार्वजनिन बासंती पूजा कमिटी बोड़ाम और पटमदा के द्वारा बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ बासंती पूजा का शुभारंभ किया गया महासप्तमी के अवसर पर कमिटी के द्वारा कलश यात्रा निकलकर मंदिर परिसर में घट स्थापना किया गया। वही चैत्र माह में माता दुर्गा की पूजा अर्चना उल्लास के साथ किया गया। बोड़ाम प्रखंड में बोड़ाम बांसती मंदिर,पटमदा में बेल्टांड ,कमलपुर थाना क्षेत्र में बांगुड़दा में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान तीनों पंडालों में पूजा कमिटी के सभी सदस्य काफी सक्रिय दिखे।

### आदर्श मध्य विद्यालय में आठवी कक्षा के बच्चों को दी गई विदाई



**पटमदा:** पटमदा प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय बांगड़दा में विद्यालय परिवार की तरफ से आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। वही विद्यालय में शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का भी आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा सरकारी विद्यालयों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय द्वारा आयोजित सभी बैठकों में शामिल होकर बेहतर सुझाव देने की अपील की। उन्होंने विद्यालय के समस्याओं को हर संभव समाधान का आश्वासन दिया। वही पेयजल विभाग के जेई से विद्यालय में पेयजल समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम,गीत संगीत की प्रसंशा भी मुख्य अतिथि ने की। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, मुखिया कल्याणी सिंह,ग्राम प्रधान अश्वनी सिंह,विद्यालय के प्राचार्य विष्णु पद महंती,शिक्षक ब्रह्मपद तिवारी,विनय पांडे,आशीष कुमार,सुष्मिता खा,फुलमनी कच्छप,सुभाष कर्मकार सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, अभिभावक का सराहनीय सहयोग रहा।

# पेंशनर्स महासंघ का विरोध: 'वैधता अधिनियम 2025' वापस लेने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही :** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ एवं झारखंड राज्य पेंशनर समाज अनुमंडल शाखा बरही के बैनर तले पेंशनभोगियों ने 'वैधता अधिनियम 2025' के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार, 25 मार्च 2026 को प्रखंड परिसर स्थित बरही पूर्वी पंचायत में आयोजित बैठक के बाद पेंशनरों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री, नई दिल्ली एवं झारखंड के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बैठक की अध्यक्षता राजेंद्र रुखरियार ने की, जबकि संचालन तोखन प्रजापति ने किया। इस दौरान राष्ट्र एवं राज्य स्तर से जारी निर्देशित ज्ञापन को सभी सदस्यों के बीच पढ़कर सुनाया गया। इसके बाद अधिनियम के विरोध में सभी पेंशनभोगियों ने काला बिल्ला लगाकर 'ब्लैक डे' मनाया और सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

**अधिनियम को बताया भेदभावपूर्ण**

पेंशनभोगियों ने 'वैधता अधिनियम 2025' को "काला कानून" करार देते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। उनका कहना है कि यह कानून बिना पर्याप्त चर्चा और पूर्व सूचना के वित्त विधेयक के रूप में पारित किया गया, जिससे सेवानिवृत्ति तिथि के आधार पर पेंशनरों के बीच असमानता उत्पन्न हो रही है।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला**

महासंघ ने अपने ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक डी.एस. नाकरा बनाम भारत संघ मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि पेंशन एक सामाजिक सुरक्षा का अधिकार है, जो बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करता है। उनका आरोप है कि नया अधिनियम इस सिद्धांत के विपरीत है और इससे कई पेंशनभोगी वेतन आयोग की सिफारिशों के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

**प्रमुख मांगें**

वैधता अधिनियम 2025 को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। 01 जनवरी 2016 से पहले और बाद में सेवानिवृत्त पेंशनरों के बीच समानता सुनिश्चित की जाए। केंद्रीय सिविल सेवा नियमों में किए गए विवादास्पद संशोधनों को रद्द किया जाए। कार्यक्रम में राजेंद्र रुखरियार, तोखन प्रजापति, सुशील कुमार गुप्ता, सुधीर चौधरी, छात्रधारी ठाकुर, बालेश्वर प्रसाद, सत्येंद्र कुमार शर्मा, रत्नेश्वर केसरी, तपेश्वरी कुमारी, विनय कुमार सिन्हा, श्रीकांत पांडे, कार्तिक राणा, अखिलेश्वर सिंह, नरेंद्र प्रसाद, सुरेश प्रसाद एवं मुरली मनोहर प्रसाद सहित कई पेंशनभोगी उपस्थित थे। पेंशनर्स महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो वे आगे और व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर निकला 120 छात्रों का दल



**पाकुड़ :** ज़िले में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत प्रोजेक्ट परख के तहत सरकारी विद्यालयों के छात्र- छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने हेतु तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मनीष कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार एवं एडीपीओ पीयूष कुमार द्वारा परिसदन, पाकुड़ से 120 छात्र- छात्राओं के दल को 3 बसों के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह भ्रमण कक्षा 06 से 08 तक के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है, जिनका चयन जिले के सभी प्रखंडों से किया गया है।

ज्ञापांक:–02/पी०पी०ओ०/2026/28

**पुलिस वायरलेस मुख्यालय झारखण्ड, राँची।**

दिनांक 24/03/2026

**अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या– 05/पी०पी०ओ०/2025–2026**

झारखण्ड पुलिस वायरलेस मुख्यालय में वायरलेस कार्य के लिए निम्न उपकरणों के क्रय एवं आपूर्ति हेतु निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1. Co-axial Cable 50 feet - 40 PCS.
2. Co-axial Cable 100 feet - 40 PCS.

वैसे उत्पादनकर्त्ता/विक्रेता/अधिकृत एजेंट निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते है, जिनका GST रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रण के तिथि के पूर्व प्राप्त हो। निविदा दस्तावेज एवं Technical Specification झारखण्ड पुलिस वायरलेस मुख्यालय,लाईन टैक रोड, राँची 834001 के पी०पी०ओ० शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।

**निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि दि० 05.04.2026 समय 11:00 बजे।**
**निविदा समर्पित करने की अन्तिम तिथि दि० 05.04.2026 समय 16:00 बजे।**
**निविदा खोलने की तिथि दि० 06.04.2026 समय 11:00 बजे।**

पुलिस महानिदेशक (संचार एवं तक० सेवाएँ), झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित है, कि बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत कर दें या निर्धारित मद में आवश्यकतानुसार संख्या को घटा या बढ़ा दें।

ह० राकेश सिंह,
पुलिस अधीक्षक (संचार एवं तकनीकी सेवाएँ),
झारखण्ड, राँची।

PR 375969 (Police Wireless Headquarter) 25-26 (D)

## श्रद्धा, संकल्प और संस्कारों का महापर्व

प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी का त्यौहार अपार श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाता है। रामनवमी की तारीख को लेकर इस बार भ्रम की स्थिति बनी हुई है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल चैत्र महीने के शुक्लपक्ष की नवमी तिथि 26 मार्च को सुबह 11:48 बजे से शुरू होकर अगले दिन 27 मार्च को सुबह 10:06 बजे तक रहेगी। ऐसे में सामान्य जन रामनवमी का पर्व 26 मार्च को मनाएंगे जबकि वैष्णव परंपरा से जुड़े लोग उदया तिथि के आधार पर 27 मार्च को रामनवमी मनाएंगे। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सव का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। हजारों लोग अयोध्या स्थित सरयू नदी में पवित्र स्नान कर पंचकोसी की परिक्रमा करते हैं। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आती है और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ती है। देशभर में अन्य स्थानों पर भी जगह-जगह इस दिन श्रद्धापूर्वक हवन, व्रत, उपवास, यज्ञ, दान-पुण्य आदि विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। विभिन्न हिन्दू धर्मग्रंथों में कहा गया है कि श्रीराम का जन्म नवरात्र के अवसर पर नवदुर्गा के पाठ के समापन के पश्चात हुआ था और उनके शरीर में मां दुर्गा की नवीं शक्ति जागृत थी। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भगवान श्रीराम चन्द्रमा के समान अति सुंदर, समुद्र के समान गंभीर और पृथ्वी के समान अत्यंत धैर्यवान थे तथा इतने शील सम्पन्न थे कि दुखों के आवेश में जीने के बावजूद कभी किसी को कटु वचन नहीं बोलते थे। वे अपने माता-पिता, गुरुजनों, भाइयों, सेवकों, प्रजाजनों अर्थात हर किसी के प्रति अपने स्नेहपूर्ण दायित्वों का निर्वाह किया करते थे। माता-पिता के प्रति कर्तव्य पालन एवं आज्ञा पालन की भावना तो उनमें कूट-कूटकर भरी थी। उनकी कठोर से कठोर आज्ञा के पालन के लिए भी वह हर समय तत्पर रहते थे। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छल पूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्ति बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया। महारानी कैकेयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मयार्दा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता कैकेयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत शृंगेवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखा की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14000 राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए।

## सूडोकु नवताल- 7745

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7744 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# धर्म, जाति और धर्मांतरण : सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय

**ललित गर्ग**



धर्म, जाति और धर्मांतरण का प्रश्न भारत के सामाजिक, संवैधानिक और राष्ट्रीय जीवन से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील और जटिल विषय है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया यह निर्णय कि यदि अनुसूचित जाति का कोई व्यक्ति हिन्दू, सिख या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को स्वीकार कर लेता है तो वह अनुसूचित जाति का संवैधानिक दर्जा और उससे जुड़े लाभों का अधिकारी नहीं रहेगा, केवल एक सामान्य कानूनी निर्णय नहीं है, बल्कि यह भारतीय संविधान की मूल भावना, सामाजिक न्याय की अवधारणा और राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता को ध्यान में रखकर दिया गया एक दूरगामी और ऐतिहासिक निर्णय है। इस निर्णय को भारतीय न्याय व्यवस्था की परिपक्वता, संतुलन और दूरदर्शिता का प्रतीक कहा जा सकता है।

भारत में अनुसूचित जाति की व्यवस्था का निर्माण किसी धर्म विशेष को लाभ देने के लिए नहीं किया गया था, बल्कि उन सामाजिक वर्गों को संरक्षण और अवसर देने के लिए किया गया था, जो सदियों से सामाजिक भेदभाव, अस्पृश्यता और सामाजिक बहिष्कार का सामना करते रहे थे। संविधान निमार्ताओं ने यह माना था कि समाज में जो ऐतिहासिक अन्याय और सामाजिक असमानता रही है, उसे दूर किए बिना वास्तविक समानता स्थापित नहीं की जा सकती। इसी कारण आरक्षण और विशेष कानूनी संरक्षण की व्यवस्था की गई। यह व्यवस्था मूलतः सामाजिक भेदभाव पर आधारित थी, आर्थिक आधार पर नहीं। इसलिए अनुसूचित जाति का प्रश्न धर्म से अधिक सामाजिक संरचना से जुड़ा हुआ था।

जब कोई व्यक्ति धर्म परिवर्तन कर ऐसे धर्म को स्वीकार करता है, जहां जाति व्यवस्था को मान्यता नहीं दी जाती, तो फिर यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या उसे उसी आधार पर अनुसूचित जाति के लाभ मिलते रहने चाहिए। इसी प्रश्न को लेकर वर्षों से देश में बहस चलती रही है। कई मामलों में यह देखा गया कि व्यक्ति ने धर्म परिवर्तन कर लिया, वह दूसरे धर्म की धार्मिक और सामाजिक व्यवस्था में सक्रिय भी हो गया, लेकिन वह अनुसूचित जाति के आरक्षण, छात्रवृत्ति, नौकरी में आरक्षण और एससी/एसटी एक्ट जैसे कानूनों का लाभ लेना चाहता था। इससे एक प्रकार की कानूनी और सामाजिक विसंगति उत्पन्न हो रही थी। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी विसंगति को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और यह स्पष्ट करता है कि संविधान द्वारा दी गई सुविधाओं का उपयोग उसी सामाजिक संदर्भ में किया जा सकता है, जिसके लिए वे बनाई गई थीं।

धर्मांतरण का प्रश्न भारत में केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं रहा है, बल्कि कई बार यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और जनसंख्या संतुलन से भी जुड़ जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषकर गरीब, वंचित और अनुसूचित जाति तथा जनजाति वर्गों में धर्मांतरण की घटनाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। कई बार धर्मांतरण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक सहायता के माध्यम से हुआ, तो कई बार लालच, प्रलोभन, दबाव या सामाजिक परिस्थितियों के कारण भी धर्म परिवर्तन के आरोप लगे। इसी कारण कई राज्यों ने धर्मांतरण को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाए, ताकि बल, प्रलोभन या धोखे से होने वाले धर्म परिवर्तन को रोका जा सके, लेकिन इन कानूनों का प्रभाव उतना व्यापक नहीं हो पाया जितनी अपेक्षा थी।

जब किसी विशेष सामाजिक वर्ग का बड़े पैमाने पर धर्म परिवर्तन होता है, तो उसका प्रभाव केवल धर्म पर ही नहीं पड़ता, बल्कि जातीय संरचना, सामाजिक संतुलन, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक संबंधों पर भी पड़ता है। धीरे-धीरे यह स्थिति सामाजिक और धार्मिक संतुलन को प्रभावित करने लगती है। भारत जैसे बहुधर्मी और बहुजातीय देश में सामाजिक और धार्मिक संतुलन का बने रहना राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज लगातार जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर बदलता और विभाजित होता रहेगा, तो इसका प्रभाव सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता पर पड़ना स्वाभाविक है। इस दृष्टि से धर्मांतरण का प्रश्न केवल व्यक्तिगत स्वतंत्रता का प्रश्न नहीं रह जाता, बल्कि यह सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन का भी प्रश्न बन जाता है।

आरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य भी यही था कि जो लोग सामाजिक रूप से वंचित हैं, उन्हें शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सम्मान के क्षेत्र में अवसर मिल सके। लेकिन यदि धर्म परिवर्तन के बाद भी लोग आरक्षण का लाभ लेते रहेंगे, तो इससे आरक्षण व्यवस्था का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा और वास्तविक जरूरतमंद लोगों के अधिकारों पर भी प्रभाव पड़ेगा। इससे समाज में असंतोष और असंतुलन भी उत्पन्न हो सकता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय आरक्षण व्यवस्था को अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण माना जा सकता है। यह निर्णय यह स्पष्ट करता है कि संविधान की सुविधाएँ अधिकार हैं, लेकिन उनका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता में एकता है। यहां अनेक धर्म, जातियां, भाषाएं और संस्कृतियां होते हुए भी देश एक है। लेकिन यदि धर्म, जाति और जनसंख्या संतुलन को लेकर लगातार राजनीतिक और सामाजिक प्रयोग होते रहेंगे, तो इससे राष्ट्रीय एकता प्रभावित हो सकती है। धर्मांतरण यदि पूरी तरह से व्यक्तिगत आस्था और विचार की स्वतंत्रता के आधार पर हो तो वह व्यक्ति का अधिकार है, लेकिन यदि वह लालच, भय, दबाव, सामाजिक अलगाव या राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित हो, तो वह केवल धार्मिक परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय संतुलन को प्रभावित करने वाली प्रक्रिया बन जाता है। इसलिए इस विषय पर संतुलित, संवेदनशील और राष्ट्रीय दृष्टि से विचार करना आवश्यक है। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इसी व्यापक परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है। यह निर्णय केवल यह नहीं कहता कि धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाएगा, बल्कि यह निर्णय संविधान की मूल भावना को भी स्पष्ट करता है कि सामाजिक न्याय का आधार सामाजिक वास्तविकता है, न कि केवल कानूनी तकनीक। यह निर्णय यह भी स्पष्ट करता है कि संविधान द्वारा दी गई सुविधाओं का उद्देश्य समाज में समानता और न्याय स्थापित करना है, न कि कानूनी व्यवस्था का दुरुपयोग होने देना। आज भारत एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां कानून, संविधान और न्याय व्यवस्था केवल तकनीकी व्याख्याओं तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सामाजिक वास्तविकता, राष्ट्रीय हित और सामाजिक संतुलन को ध्यान में रखकर निर्णय दिए जा रहे हैं। इस दृष्टि से यह निर्णय नए भारत की कानूनी सोच और संवैधानिक दृष्टि का प्रतीक भी कहा जा सकता है। यह निर्णय यह संदेश देता है कि सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकता दोनों साथ-साथ चल सकते हैं और संविधान दोनों की रक्षा करने में सक्षम है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि धर्म, जाति, आरक्षण और धर्मांतरण का प्रश्न भारत में लंबे समय से विवाद और बहस का विषय रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इस जटिल विषय को स्पष्ट करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है। इससे न केवल आरक्षण व्यवस्था अधिक स्पष्ट और न्यायसंगत बनेगी, बल्कि धर्मांतरण और कानूनी लाभ के बीच जो विसंगतियाँ थीं, वे भी काफी हद तक समाप्त होंगी। यह निर्णय सामाजिक संतुलन, कानूनी स्पष्टता और राष्ट्रीय एकता-तीनों को मजबूत करने वाला निर्णय है। इसलिए यह कहना उचित होगा कि यह निर्णय केवल एक न्यायालय का फैसला नहीं, बल्कि नए भारत, सशक्त भारत और संगठित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए।

# वर्मा की कविताओं में बंधन में पड़ी असीम चेतना की अनुभूति से साक्षात्कार कराती हैं

**विजय केसरी**

देश की महानतम कवयित्री महादेवी वर्मा का नाम स्मरण होते ही कविता की पंक्तियां खुद-ब-खुद मन मस्तिष्क में गुंजित होने लगती है। उन्होंने रहस्यवाद और छायावाद को एक नहीं दृष्टि प्रदान करने का जो बीड़ा उठाया था, उसे उन्होंने अपने जीवन काल में ही संपूर्ण कर दिखाया था। तब शायद रहस्यवाद और छायावाद ये दोनों विषयों से कविता संसार अनभिज्ञ था। उन पर रहस्यवाद और छायावाद होने का आरोप भी उनके जीवनकाल मे ही पड़ता रहा था। आज भी आलोचक उनकी कविताओं से रहस्यवाद और छायावाद की पंक्तियों को उद्धृत कर आलोचना रत हैं। यह लिखने में तनिक भी अतिश्योक्ति नहीं होगी कि महादेवी वर्मा रहस्यवाद और छायावाद की कवयित्री थीं। उनके काव्य में आत्मा-परमात्मा के मिलन विरह तथा प्रकृति के व्यापारों की छाया स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होती है। वेदना और पीड़ा महादेवी जी की कविता के प्राण रहे हैं। जिस दुख से लोग बराबर भागने की कोशिश करते रहते हैं। महादेवी वर्मा ने उस दुःख को गले लगाया और इसे ही संसार का यथार्थ माना। दुःख से आप कितना भी भाग लें, दुःख आपका पीछा छोड़ेगा नहीं। इसलिए बेहतर है कि दुःख से संगति बैठा लें। दुःख से दोस्ती कर लें। यही महादेवी वर्मा का छायावाद है। उनका समस्त काव्य वेदनामय है। उन्हें निराशावाद अथवा पीड़ावाद की कवयित्री कहा गया है। उन्होंने अपनी पंक्तियों में दर्ज किया है कि 'दुःख मेरे निकट जीवन का ऐसा काव्य है, जिसमें सारे संसार को एक सूत्र में बांध रखने की क्षमता है।' इनकी कविताओं में सीमा के बंधन में पड़ी असीम चेतना का क्रंदन है। यह वेदना लौकिक वेदना से भिन्न आध्यात्मिक जगत की है, जो उसी के लिए सहज संवेद्य हो सकती है, जिसने उस अनुभूति क्षेत्र में प्रवेश किया हो।

कवयित्री महादेवी इस वेदना को उस दुःख की भी संज्ञा देती हैं, जो सारे संसार को एक सूत्र में बांधे रखने की क्षमता रखता है। लेकिन विश्व को एक सूत्र में बांधने वाला दुःख सामान्यतया लौकिक दुःख ही होता है, जो भारतीय साहित्य की परंपरा में करुण रस का स्थायी भाव होता है। महादेवी ने इस दुःख को नहीं अपनाया है। उन्होंने दर्ज किया है कि 'मुझे दुःख के दोनों ही रूप प्रिय हैं। एक वह, जो मनुष्य के संवेदनशील ह्रदय को सारे संसार से एक अविच्छिन्न बंधनों में बांध देता है और दूसरा वह, जो काल और सीमा के बंधन में पड़े हुए असीम चेतना का क्रंदन है। उनकी कविताओं के भाव को बस दिल लगाकर समझाने की जरूरत है। इसीलिए रामचंद्र शुक्ल ने उसकी सच्चाई में ही संदेह व्यक्त करते हुए लिखा है कि 'इस वेदना को लेकर उन्होंने ह्रदय की ऐसी अनुभूतियां सामने रखीं, जो लोकोत्तर हैं। कहां तक वे वास्तविक अनुभूतियां हैं और कहां तक अनुभूतियों की रमणीय कल्पना, यह नहीं कहा जा सकता।' इसी आध्यात्मिक वेदना की दिशा में प्रारंभ से अंत तक महादेवी के काव्य की सूक्ष्म और विवृत्त भावानुभूतियों का विकास और प्रसार दिखाई पड़ता है। हजारी प्रसाद द्विवेदी तो उनके काव्य की पीड़ा को मीरा की काव्य-पीड़ा से भी बढ़कर मानते हैं। हजारी प्रसाद द्विवेदी ने महादेवी वर्मा की कविताओं को मीरा की पंक्तियों से तुलना कर उनकी कृतियों को एक नई ऊंचाई प्रदान कर दिया। आलोचकों को महादेवी वर्मा की कविताओं पर लिखने से पूर्व एक बार रामचंद्र शुक्ल और महावीर प्रसाद द्विवेदी की पंक्तियों पर जरूर नजर डालनी चाहिए ताकि महादेवी वर्मा के रहस्यवाद और छायावाद के मूल अर्थ को समझ सकें।

महादेवी वर्मा की पंक्तियां जब समस्त मानव जीवन को निराशा और व्यथा से परिपूर्ण रूप में देखती थीं। तब उन्होंने दर्ज किया कि 'मैं नीर भरी दुख की बदली/ विस्तृत नभ का कोई कोना, मेरा न कभी अपना होना/ परिचय इतना इतिहास यही- उमड़ी थी कल मिट आज चली।' मानव जीवन की तरह दुःख का भी निरंतर आना-जाना लगा रहता है। न ही दुःख स्थाई होता है। और न ही सुख स्थाई होता है। इस रहस्य को समझने की जरूरत है। जिस पल मनुष्य इस रहस्य पर से पर्दा उठा देता है, समझ लीजिए उसी पल दुःख में भी उसे एक आनंद की अनुभूति होगी। महादेवी जी के प्रेम वर्णन में ईश्वरीय विरह की प्रधानता है। उन्होंने आत्मा की चिरंतन विकलता और ब्रह्म से मिलने की आतुरता के बड़े सुंदर ढंग से दर्ज किया है कि 'मैं कण-कण में डाल रही अलि आंसू के मिल प्यार किसी का/मैं पलकों में पाल रही हूं ,यह सपना सुकुमार किसी का।' इन पत्तियों में उन्होंने आंसू शब्द के माध्यम से बड़ी बात कहने की कोशिश की है। संसार कितना भी दुःख भरा क्यों न हो, उस दुःख से संगति करने की जरूरत है। इसके साथ ही दूसरे के दुःख को अपना दुख समझने की जरूरत है। उनकी आंखों बहते आंसुओं को अपने आंसू की संगति देकर जीवन के अर्थ और मर्म दोनों को बदल देने की जरूरत है।

महादेवी वर्मा ने 'अग्निरेखौ में दीपक को प्रतीक मानकर अनेक रचनाएं लिखीं। साथ ही अनेक विषयों पर भी कविताएं दर्ज की हैं। उनका रचना संसार बहुत ही विस्तृत है। उनकी हर एक रचना एक नई बात कहती है। महादेवी वर्मा का विचार है कि अंधकार से सूर्य नहीं दीपक जूझता है। कविता की पंक्तियां हैं। रात के इस सघन अंधेरे में जूझता सूर्य नहीं, जूझता रहा दीपक/ कौन सी रश्मि कब हुई कंपित/ कौन आंधी वहां पहुंच पायी?

कौन ठहरा सका उसे पल भर/ कौन सी फूंक कब बुझा पायी।' उपरोक्त पंक्तियों के माध्यम से कवयित्री यह बताना चाहती हैं कि रात्रि को रौशनी से जूझना नहीं पड़ता है बल्कि सूर्य को ही सघन काली रात्रि से जूझना पड़ता है। जीवन में अगर दुःख है, तो संघर्ष और धैर्य ही उससे मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकता। दुःख मनुष्य को संघर्ष करने की शक्ति प्रदान करता है।

कवयित्री महादेवी छायावाद के कवियों में औरों से भिन्न अपना एक विशिष्ट और निराला स्थान रखती हैं। इस विशिष्टता के दो कारण हैं। पहला उनका कोमल ह्रदय नारी होना और दूसरा अंग्रेजी और बंगला के रोमांटिक और रहस्यवादी काव्य से प्रभावित होना। इन दोनों कारणों से एक ओर तो उन्हें अपने आध्यात्मिक प्रियतम को पुरुष मानकर स्वाभाविक रूप में अपना स्त्री - जनोचित प्रणयानुभूतियों को निवेदित करने की सुविधा मिली, दूसरी ओर प्राचीन भारतीय साहित्य और दर्शन तथा संत युग के रहस्यवादी काव्य के अध्ययन और अपने पूर्ववर्ती तथा समकालीन छायावादी कवियों के काव्य से निकट का परिचय होने के फलस्वरुप उनकी काव्याभिव्यंजना और बौद्धिक चेतना शत-प्रतिशत भारतीय परंपरा के अनुरूप बनी रही। इस तरह उनके काव्य में जहां कृष्ण भक्ति काव्य की विरह-भावना गोपियों के माध्यम से नहीं, सीधे अपनी आध्यात्मिक अनुभूति की अभिव्यक्ति के रूप में प्रकाशित हुई हैं, वहीं सूफी पुरुष कवियों की भांति उन्हें परमात्मा को नारी के प्रतीक में प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

हम सबों को यह जानना चाहिए कि महादेवी की कविता अनुभूति से परिपूर्ण है, पंत और निराला की कविताएं दार्शनिकता के बोझ से दब-सी गई हैं, किंतु महादेवी जी के काव्य में ऐसी बात नहीं। उसमें दार्शनिकता होते हुए भी सरसता है। वह सर्वत्र भावना प्रधान है। महादेवी जी के काव्य में संगीतात्मकता का विशेष गुण है। वे गीत लेखिका हैं। गीतों की लय छंदों पर उनका अद्भुत अधिकार हर जगह दिखाई देता है। वे महादेवी माधुर्य भाव की उपासिका हैं। ब्रह्म को उन्होंने प्रियतम के रूप में देखा है। अपने प्रेमपात्र के लिए उन्होंने 'प्रिय' संबोधन दिया है। उनके गीत उज्ज्वल प्रेम के गीत हैं। इसके द्वारा अपने अंतर की जिस सात्विकता का उन्होंने परिचय दिया है वह उनकी काव्य-गरिमा का आधार स्तंभ है। जब जीवन में दिव्य प्रेम के मधु संगीत के रागिनी झंकृत हुई तब कवयित्री के मन में उसने असंख्य नए स्वप्नों को जन्म दिया।

# ऑपरेशन सर्चलाइट: 1971 का वह घाव जो आज भी न्याय की प्रतीक्षा में है

**ओम पराशर**

25 मार्च 1971 की रात दक्षिण एशिया के इतिहास की सबसे भयावह और दर्दनाक घटनाओं में से एक की शुरूआत हुई। पाकिस्तान की सेना ने पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में ऑपरेशन सर्चलाइट शुरू किया। आधिकारिक तौर पर इसे व्यवस्था बहाल करने की कार्रवाई बताया गया, लेकिन वास्तव में यह लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग कर रही बंगाली जनता की आवाज को कुचलने का एक क्रूर सैन्य अभियान बन गया।

अवामी लीग की चुनावी जीत के बाद जब बंगाल की जनता ने अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की मांग की, तो उसका जवाब गोलियों, टैंकों और बर्बर हिंसा से दिया गया। छात्रों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक कार्यकताओं और विशेष रूप से हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। ढाका विश्वविद्यालय इस नरसंहार का प्रतीक बन गया, जहां शिक्षा के मंदिर को खून से लाल कर दिया गया।

इसके बाद जो हुआ वह केवल दमन नहीं था, बल्कि एक पूरी जातीय पहचान, सम्मान और लोकतांत्रिक अधिकारों पर सुनियोजित हमला था। सामूहिक हत्याएं, व्यापक उत्पीड़न और महिलाओं के खिलाफ अमानवीय यौन हिंसा ने इस त्रासदी को मानवता के इतिहास का काला अध्याय बना दिया।

**बांग्लादेश के लिए 1971 केवल राजनीतिक बदलाव नहीं था:** बांग्लादेश के लिए 1971 केवल एक राजनीतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि एक गहरा राष्ट्रीय घाव था। हजारों परिवार टूट गए, अनगिनत महिलाओं ने अमानवीय अत्याचार झेले, गांव जला दिए गए और लाखों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े। एक नए राष्ट्र का जन्म हुआ, लेकिन वह जन्म असहनीय पीड़ा और बलिदान की कीमत पर हुआ। आज पांच दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह घाव पूरी तरह नहीं भरा है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि पाकिस्तान की ओर से आज तक कोई स्पष्ट, औपचारिक और सच्ची सरकारी माफी नहीं आई है। यह केवल कूटनीतिक कमी नहीं, बल्कि एक नैतिक विफलता भी है।

जब अप्रैल 2025 में बांग्लादेश ने एक बार फिर 1971 से जुड़े मुद्दों के समाधान और औपचारिक माफी की मांग उठाई, तो वह कोई एहसान नहीं मांग रहा था। वह केवल न्याय, सत्य और ऐतिहासिक जवाबदेही की मांग कर रहा था।

**इतिहास को दबाया नहीं जा सकता:** आज दुनिया एक बार फिर 1971 की सच्चाई का सामना कर रही है। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का प्रस्ताव 1130 जैसे प्रयास यह याद दिलाते हैं कि इतिहास को हमेशा के लिए दबाया नहीं जा सकता और न ही पीड़ा की आवाज को चुप कराया जा सकता है।

इस तरह के प्रस्ताव बांग्लादेश में हुए नरसंहार की अंतरराष्ट्रीय मान्यता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। यह केवल अतीत को याद करने का प्रयास नहीं, बल्कि सत्य और न्याय को स्थापित करने की वैश्विक जिम्मेदारी भी है।

1971 का सच आज भी मान्यता की मांग कर रहा है और न्याय आज भी जवाबदेही की प्रतीक्षा में है। पांच दशक बाद भी उस नरसंहार, उत्पीड़न और विस्थापन के घाव आज भी बांग्लादेश की सामूहिक स्मृति, राजनीति और राष्ट्रीय पहचान को प्रभावित करते हैं।

**कट्टरपंथ की वापसी और पुरानी आशंकाएं:** इसी कारण बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों की सक्रियता आज भी चिंता का विषय बनती है। जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन, जिन्होंने 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता का विरोध किया था, आज भी अपने साथ उस इतिहास का बोझ लेकर चलते हैं। जब ऐसे संगठनों की राजनीतिक सक्रियता बढ़ती है या उनके नेताओं की पाकिस्तान के साथ नजदीकियों की खबरें सामने आती हैं, तो यह स्वाभाविक रूप से चिंता पैदा करता है। जिस देश का जन्म संघर्ष और बलिदान से हुआ हो, वहां ऐसे घटनाक्रम पुराने घावों को फिर से ताजा कर देते हैं।


**भारत-बांग्लादेश संबंध: केवल कूटनीति नहीं, भावनात्मक रिश्ता:** ऐसे कठिन समय में भारत की भूमिका बांग्लादेश की सामूहिक स्मृति में एक विशेष स्थान रखती है। जब-जब बांग्लादेश संकट में रहा, भारत ने समय पर सहयोग दिया, चाहे वह महामारी के दौरान वैक्सीन सहायता हो, ऑक्सीजन आपूर्ति में सहयोग, बाढ़ के समय जरूरी जानकारी साझा करना या आर्थिक दबाव के समय ईंधन उपलब्ध कराना। यह केवल कूटनीतिक सहयोग नहीं था, बल्कि सच्ची मित्रता का प्रमाण था। इन कदमों में विश्वास, संवेदनशीलता और साथ निभाने की भावना स्पष्ट दिखाई देती है।

कई बांग्लादेशियों के लिए भारत की यह सहायता 1971 की यादों को फिर जीवित कर देती है, जब उनके सबसे कठिन समय में भारत उनके साथ खड़ा था। जब जीवन संकट में था, घर नष्ट हो रहे थे, महिलाएं हिंसा झेल रही थीं और लाखों लोग शरणार्थी बन रहे थे, तब भारत ने मदद का हाथ बढ़ाया था। इसी कारण भारत का समर्थन केवल रणनीतिक नहीं, बल्कि मानवीय और भावनात्मक रूप से भी याद किया जाता है। इतिहास गवाह है कि देश उन लोगों को कभी नहीं भूलते जो उनके सबसे कठिन समय में उनके साथ खड़े होते हैं।

**नैतिकता की परीक्षा :** बांग्लादेश का संघर्ष केवल एक देश का आंतरिक मुद्दा नहीं, बल्कि वैश्विक नैतिकता की भी परीक्षा है। सवाल यह है कि क्या सत्य को अनंत काल तक दबाया जा सकता है या अंततः न्याय ही विजयी होगा? 1971 का इतिहास आज भी यही संदेश देता है, सत्य को भुलाया नहीं जा सकता, न्याय को टाला जा सकता है पर रोका नहीं जा सकता, और इतिहास अंततः जवाबदेही मांगता ही है।

## दैनिक पंचांग

**26 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.59 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | वृष | 08.39 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.38 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.51 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 15.07 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 17.19 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.30 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.45 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 00.01 बजे से |
| राहुकाल | 1.30 से 3.00 बजे तक | मकर | 02.06 बजे से |
| | | कुंभ | 03.52 बजे से |
| | | मीन | 05.25 बजे से |

**गुरुवार** 2026 वर्ष का 85 वा दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** अष्टमी 11.49 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** आर्द्रा 16.19 बजे को समाप्त। **योग** शोभन 00.32 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 11.49 बजे तदनन्तर बालव 22.56 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 6.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 02° 07' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872660 **जूलियन दिन** 2461125.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सव्वाल **तारीख** 06 **विशेष** दुर्गाष्टमी, राम नवमी, महातारा जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### बोकारो में सड़क हादसा : एक की मौत, दो घायल

**बोकारो** : बेरमो अनुमंडल स्थित पेटरवार थाना क्षेत्र के पतकी पंचायत के रंगामाट्टी सोहन टोला के तीन युवक दुर्घटना ग्रस्त हो गये।मालूम हो की तेनु पेटरवार रोड़ स्थित ओरदाना के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दो पहिया वाहन पर सवार तीन युवक दुर्घटना ग्रस्त हो गये जिसमें सुरेश भोक्ता उम्र 26 की दर्घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं पेटरवार थाना को सुचना मिलने के बाद तीनो युवको को पेटरवार समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉ रीतू कुमारी के द्वारा ईलाज कर सुमित भोक्ता उम्र 24 वर्ष रेफर कर दिया गया जिसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है वही सुरेश भोक्ता उम्र 25वर्ष की हलकी चोट लगी है। वहीं पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुण्डा के द्वारा बताया गया की तीनो एक ही मोटरसाइकल पर सवार होकर पेटरवार मेला देखने अपने घर रंगामाट्टी से आ रहे थे इसी बीच ओरदाना के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आ गये जिसमें एक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। वहीं पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी के द्वारा पेटरवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। तीनो एक ही गावं के रहने वाले है। वहीं मृतक सोहन भोक्ता गुजरात में काम करता था दो मई को उसकी बहन की शादी होने वाला था उसी शादी के लिये अपने गाँव आया था। जिसमें ये घटना घट गई।

### एसपी ने केरसई थाना का किया निरीक्षण

**सिमडेगा** : पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के द्वारा केरसई थाना का संपूर्ण निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना के सभी दस्तावेजों/अभिलेखों की जांच की गई। लंबित काण्डों/वारंट/कुर्की की समीक्षा की गई। अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया तथा उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को निम्न प्रकार से कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से गश्ती में तेजी लाना, एवं प्रभावशालीपूर्ण गश्ती करना। क्षेत्र में हो रहे प्रमुख निर्माण कार्यों पर नजर रखना। वारंटियों/अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी अभियान चलाना। क्षेत्र में सभी प्रमुख चौक चौराहों एवं स्थानों पर सी0सी0टी0भी0 कैमरा का अधिष्ठापन हेतु कार्रवाई करना। आसूचना संकलन पर विशेष ध्यान देना। क्षेत्र में हो रहे किसी भी प्रकार के अवैध तस्करी, हब्बा-डबा एवं जुआ पर तुरंत रोक लगाना तथा कार्रवाई करना। सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्षेत्र में लगातार प्रभावशालीपूर्ण वाहन चेकिंग अभियान चलाना। नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों पर विधिसम्मत दण्डात्मक कार्रवाई करना। क्षेत्र में बीट भ्रमण/क्षेत्र भ्रमण कर लोगों के साथ समन्वय स्थापित करना। आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में विशेष निगरानी रखना।

### कुरडेग में शिक्षक दम्पती के घर चोरी जांच में जुटी पुलिस

**कुरडेग** : थाना क्षेत्र के परकाला में दिन दहाड़े शिक्षक दम्पती के घर में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। घटना के संबन्ध में शिक्षक महेन्द्र तिर्की ने बताया कि स्कुल से 3:10 बजे घर आया तब देखा कि घर के बाहर का गेट बन्द था लेकिन मेन ग्रील खुला था। घर के अन्दर जाने पर देखा कि घर के अन्दर के सभी अलमीरा खुला था और सामान बिखरा था। चोरो ने एक जोड़ा सोने का चुड़ी और दो जोड़ा पायल को ले गये जबकि बच्चे का गुल्लक तोड़ा लेकिन उसमें रखे पैसे को नहीं ले गये। बाकी सभी सामान सुरक्षित है। दोनों ही दम्पती अलग अलग स्कुल में पदास्थीप हैं। घटना के संबंध में थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि मामले के संबन्ध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। कुरडेग सिमडेगा मुख्य मार्ग के व्यस्त इलाके में इस प्रकार की घटना से लोग भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहें है।

# निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का डीसी ने किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के उद्देश्य से भारत सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के अंतर्गत नगर भवन, सिमडेगा में सामाजिक अधिकारिता शिविर के माध्यम से निशुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा, जिला मत्स्य पदाधिकारी सीमा टोप्पो तथा सीडीपीओ सिमडेगा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। शिविर के दौरान कुल 157 दिव्यांगजनों के बीच विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इनमें मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल (बैटरी सहित), बीटीई हियरिंग एड, क्रच (मीडियम), नी ब्रेस, एलएस बेल्ट, सिलिकॉन कुशन, वॉकिंग स्टिक, फोल्डिंग व्हीलचेयर, विजुअली इम्पेयर्ड किट तथा सुगम्य केन शामिल हैं। ज्ञात हो कि सिमडेगा एवं पाकरटांड़ प्रखंड में दिसंबर 2025 में विशेष कैंप लगाकर दिव्यांगजनों का आकलन (असेसमेंट) किया गया था। इसी आधार पर पात्र लाभुकों की आवश्यकता के अनुसार उपकरणों का चयन किया गया और उसी के अनुरूप उनका वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कुल 876 उपकरण वितरित किए जाने हैं। जो लाभुक इस कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके, उन्हें मार्च माह 2026 तक शत-प्रतिशत उपकरण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर उपायुक्त महोदया ने दिव्यांगजनों एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए उपकरणों के सुरक्षित उपयोग पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोटर चालित ट्राइसाइकिल या अन्य उपकरणों का उपयोग करते समय गति नियंत्रित रखें और सावधानी बरतें। विशेषकर ढलान वाले स्थानों पर साइकिल को खड़ा करते समय लॉक अवश्य करें, अन्यथा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लाभुकों को उपकरणों के संचालन, रख-रखाव एवं सुरक्षा उपायों की पूरी जानकारी दी जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उपायुक्त ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल उपकरण वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने में सक्षम बनाना है। उन्होंने परिजनों से भी अपील की कि वे लाभुकों को इन उपकरणों के उपयोग के प्रति जागरूक करें और हर संभव सहयोग प्रदान करें। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंदों के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है, जिनके तहत आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

## एसपी ने लगाया जनता दरबार सुनी आम लोगों की समस्याएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : नागरिकों की समस्याओं/शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिमडेगा में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुना जाता है तथा उसके त्वरित निवारण हेतु अग्रतर कार्रवाई की जाती है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक महोदय, सिमडेगा के द्वारा आज दिनांक- 25.03.26 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन कर आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनता दरबार में आये आम नागरिकों से एक-एक कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा आवश्यक कार्रवाई एवं त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। जनता दरबार में 1. सोनु कुमार, पता- श्यामपथ गली, सिमडेगा, थाना- सिमडेगा। 2. पुपेन बाड़ा, थाना- पाकरटांड़, जिला- सिमडेगा 3. रेणु देवी, पता- डूमरटोली, थाना- बानो, जिला- सिमडेगा, 4. बैजनाथ प्रशाद, पता- राम टोली, मंदिर गली, सिमडेगा, थाना- सिमडेगा, जिला- सिमडेगा ने अपनी-अपनी निजी समस्याओं को पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष रखा।

## बोकारो में दो युवतियां लापता सालों बाद भी नहीं मिला सुराग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो के पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के गिरधरटांड गांव की रहने वाली सेजल झा 16 अक्तूबर 2020 को उस वक्त लापता हो गई थी, जब वह सुबह पौने ग्यारह बजे साइकिल से बगल के गांव कुरमा ट्यूशन पढ़ने निकली थी। महज 15 मिनट बाद मुख्य सड़क पर एक ट्रैक्टर चालक को सड़क किनारे साइकिल, चप्पल और किताबें गिरी हुई मिलीं। चालक ने सेजल के घर जाकर इसकी सूचना दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो वहां बिखरा सारा सामान सेजल का ही निकला। इसके बाद परिजनों ने पिंड्राजोरा थाना में सूचना दी और पुलिस जांच में जुट गई। वही दूसरा बोकारो के पिंडराजोरा थाना अंतर्गत खुटाडीह गांव के सरदहा पंचायत के निवासी कुमारी पुष्पा महतो 21 जुलाई 2025 से लापता है जिसे खोज पाने में पुलिस अब तक नाकाम रही । गायब युवती कुमारी पुष्पा महतो के परिजनों ने बताया कि 21जुलाई 2025 को पुष्पा कॉलेज में एडमिशन कराने के नाम से निकली थी जिसके बाद से वह घर वापस नहीं आई काफी खोजबीन के बाद शाम को थाना में शिकायत दी मगर 10 दिन बाद एफआईआर दर्ज किया गया और आज तक पुष्पा का कोई भी पता नहीं चल सका। परिजनों का आरोप है कि पुलिस के द्वारा देर से दस दिन बाद एफआईआर दर्ज किया गया और इस केस में पुलिस ने परिजनों को कोई भी किसी तरह की मदद नहीं की इस मामले को लेकर जिले के उच्च अधिकारियों को भी लेटर के माध्यम से अवगत कराया गया मगर कोई सकारात्मक नतीजा नहीं मिल सका पुष्पा के गायब होने की यह केस अब हाई कोर्ट तक पहुंची है जहां हाईकोर्ट ने देर से एफआईआर लिए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन को फटकार लगाई है और सह शरीर जिले के एसपी को इस केस के संदर्भ में कोर्ट में उपस्थित होने को कहा गया इस केस में एक संदिग्ध का भी नाम आया है जो इस गांव का रहने वाला है जिसका जिक्र थाने में दी गई दर्ज रिपोर्ट में की गई है परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस केस में पूरी तरह से कोताही बरत रही है और आरोपी को बचा रही है आरोपी दिनेश कुमार महतो से अपनी पुत्री पुष्पा महतो के प्रेम प्रसंग की बात परिजनों के द्वारा कही गई है।

## केरसई में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य छठ महापर्व का हुआ समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरसई** : लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ के पावन अवसर पर शुक्रवार सुबह उदयमान भुवन भास्कर को श्रद्धापूर्वक अर्घ्य अर्पित किया गया। व्रतियों ने घाटों पर पहुंचकर उगते सूर्य को नमन करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगल कामना की। अहले सुबह से ही छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वातावरण भक्तिमय गीतों और छठी मैया के जयकारों से गूंज उठा। व्रतियों ने नदी और तालाब के पवित्र जल में खड़े होकर पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर पूजा-अर्चना में लीन दिखीं। घाटों की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी घाटों पर पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया और श्रद्धालुओं को हर संभव सहयोग प्रदान किया। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अशोक बड़ाईक, भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा, तुलसी साहू एवं नरेंद्र बड़ाईक भी घाट पहुंचे और उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। चार दिवसीय इस महापर्व का समापन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। छठ व्रतियों ने पारण कर व्रत खोला और प्रसाद वितरण कर खुशियां साझा कीं।

### उपायुक्त ने परिवार संग किया अर्घ्य अर्पण

**सिमडेगा** : लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के अवसर पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण के साथ पर्व संपन्न हुआ। उपायुक्त कंचन सिंह ने अपने परिवार संग श्रद्धा से अर्घ्य दिया। इस दौरान उपायुक्त महोदया ने भगवान भास्कर से सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। प्रात:कालीन बेला में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा संपन्न हुई और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## धर्मांतरण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भाजपा नेता ने किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रद्धानंद बेसरा ने सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का स्वागत करते हुए इसे संविधान और सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप बताया है। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत का यह निर्णय स्पष्ट करता है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू धर्म, सिख धर्म या बौद्ध धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो उसे अनुसूचित जाति के आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। यह फैसला सामाजिक व्यवस्था में पारदर्शिता और वास्तविक लाभार्थियों तक अधिकार पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि आरक्षण का उद्देश्य ऐतिहासिक रूप से वंचित और शोषित वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, ऐसे में धर्म परिवर्तन के बाद उसी आधार पर लाभ लेना न्यायसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में संविधान की मूल भावना को कायम रखते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार के दोहरे लाभ की अनुमति नहीं दी जा सकती। बेसरा ने विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति समाज का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ स्थानों पर लालच या प्रलोभन के कारण धर्मांतरण की घटनाएं सामने आती हैं, जो समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान के लिए चिंताजनक हैं। उन्होंने अपील की कि आदिवासी समाज अपनी परंपराओं, रीति-रिवाजों और मूल पहचान को सुरक्षित रखे तथा किसी भी प्रकार के दबाव या प्रलोभन में आकर निर्णय न ले। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और प्रशासन को ऐसे मामलों पर नजर रखनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार के अवैध या जबरन धर्मांतरण को रोका जा सके और समाज में सौहार्द बना रहे। भाजपा नेता ने आगे कहा कि यह निर्णय समाज में समानता और न्याय की स्थापना को मजबूत करेगा तथा इससे आरक्षण व्यवस्था की विश्वसनीयता भी बढ़ेगी।

# सिमडेगा में टेली-लॉ सेवा को लेकर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के तत्वाधान में टेली-लॉ सर्विस से संबंधित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 80 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनों को टेली-लॉ सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें इस सेवा के माध्यम से सुलभ एवं प्रभावी कानूनी सहायता पहुंचाने के लिए जागरूक एवं सक्षम बनाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंजीकरण प्रक्रिया, केस मैनेजमेंट तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिवक्ताओं से परामर्श प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। जिले के सीएससी जिला प्रबंधक विजय कुमार सिन्हा ने उपस्थित प्रतिभागियों को बताया कि भारत सरकार के न्याय विभाग के द्वारा संचालित इस सेवा के माध्यम से दूर दराज के वंचित लोग विविध प्रकार के कानूनी मामलों में आसानी से निशुल्क कानूनी सलाह प्राप्त कर सकते हैं। इस सेवा का लाभ समाज के हर श्रेणी के लोग निःशुल्क अपनी नजदीकी सीएससी सेंटर से प्राप्त कर सकते हैं। इस सेवा के माध्यम से आम जनों को कानूनी सलाह प्रदान करने हेतु पैनल लॉयर की पूरी टीम है जो आवेदकों को मुफ्त टेलीफोनिक कानूनी सलाह प्रदान करते हैं। जिससे ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी प्राप्त करने हेतु शहर का चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। उपस्थित प्रतिभागियों से अपील की गई कि इस सेवा का अधिकार अधिक लाभ उठाएं एवं अपने जानने वाले हर आम जनों को भी इसकी जानकारी दें ताकि वे सहजता से आवश्यक कानूनी सलाह प्राप्त कर सके। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर देवराज प्रसाद, विजय कुमार सिन्हा (CSC जिला प्रबंधक), चंदन कुमार (जिला परियोजना प्रबंधक, डिजिटल पंचायत प्रोजेक्ट, अमित श्रीवास्तव (स्टूडेंट रिसोर्स कंसलटेंट) सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ओपी प्रभारी ने किया रक्तदान, हादसे में घायल परिवार की बचाई जान



**बोकारो** : बोकारो जिले के बरमसिया ओ०पी० अंतर्गत बरमसिया-चंदनकियारी मुख्यपथ पर गुवाई नदी पुल के पास एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक नवजात शिशु समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । उन घायलों में बोदुआ गांव के सबेरा बीबी, नसीम अंसारी, सफतून बीबी और एक वर्षीय शिशु शिफान अंसारी एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर लौट रहे थे। जैसे ही वे बारहमासिया क्षेत्र के गुवाई नदी पुल पर पहुंचे, उसी समय एक अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार चारों लोग लहूलुहान होकर सड़क पर जा गिरे। हादसे के तुरंत बाद चंदनकियारी थाना प्रभारी अमित कुमार राय सूचना पाकर अविलंब घायलों को अपने ही सरकारी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदनकियारी पहुँचाये। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, डॉक्टरों ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए चास स्थित शिव शक्ति हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। अत्यधिक खून बहने के कारण खून की कमी को देखते हुए मानवता के नाते बरमसिया ओपी प्रभारी शैलेन्द्र पासवान के द्वारा 01 यूनिट ब्लड डोनेट कर घायलों को जान बचाने में मदद किए। जिसे कि समय रहते ही घायलों का जान बचाया जा सके।

### नीतीश कुमार के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर जदयू बोकारो ने दी बधाई



**बोकारो** : बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार जी को पुन: निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जनता दल यूनाइटेड बोकारो जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि आपके कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच एवं जनसेवा के प्रति समर्पण से संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा विकास और सुशासन की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित होंगे।और कई राज्यों में संगठन का विस्तार होगा। खासकर बिहार और झारखंड में जनता दल यूनाइटेड और सशक्त होकर उभरेगा नीतीश कुमार जी के मार्गदर्शन में पार्टी आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन और उनके नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित होगी। बधाई देने वालों में प्रदेश सचिव मनोज कुमार सिंह, जैना मुखिया आनंद कुमार महतो, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ अध्यक्ष संजय कुमार झा, जिला उपाध्यक्ष युधिष्ठिर महतो, राजा पांडेय, सरत रजवार, शशिभूषण सिंह, महासचिव विनय सिंह, सुधीर कुमार, गोपाल कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिला सचिव प्रवीण कुमार, रघुनाथ महतो, कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा सिंह, गणेश प्रजापति, संजय कुमार, राजन यादव, ललन प्रसाद, महाराजा पांडेय, सुमित कुमार, लालू प्रसाद, नरेश कुमार, लालबाबू महतो सहित अन्य शामिल हैं।

### बरसलोया में श्री रामनवमी महोत्सव की धूम, 31 मार्च से कलश यात्रा का शुभारंभा

**कोलेबिरा** : प्रखंड के ग्राम बरसलोया में श्री रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पूरे गांव में इस आयोजन को लेकर उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है, वहीं ग्रामवासी एवं नवयुवक संघ इसकी तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 से 30 मार्च तक प्रत्येक रात्रि राहसगुड़ी स्थल पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी की विधिवत स्थापना कर केवल पूजा-पाठ किया जाएगा। इन चार दिनों में विशेष रूप से रात्रि में ही धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। प्रत्येक रात्रि पूजा के उपरांत भगवान की प्रतिमा को जगरनाथ मंदिर परिसर वापस लाया जाएगा। इसके पश्चात पांचवें दिन महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जो 31 मार्च को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। 1 अप्रैल से कीर्तन कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ होगा। इसी दिन राहसगुड़ी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की स्थापना की जाएगी। इसके बाद 1 से 3 अप्रैल तक श्री हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन, अखंड हरि कीर्तन (अनवरत जाप), महाआरती एवं रात्रि में भक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। महोत्सव के दौरान भंडारा, अद्भुत झांकियां एवं आकर्षक मेले का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को विशेष आकर्षण देखने को मिलेगा। वहीं 2 अप्रैल की रात्रि को भव्य एवं अद्भुत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। अंतिम दिन 3 अप्रैल को संकीर्तन का विधिवत समापन किया जाएगा, जिसके बाद नगर भ्रमण (शोभा यात्रा), विसर्जन कार्यक्रम एवं विशाल प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन होगा। इस पूरे आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है, जिससे पूरा बरसलोया क्षेत्र भक्ति के सागर में डूबा नजर आएगा। आयोजकों द्वारा इस महोत्सव को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया है।

### वनदुर्गा में वासन्तिक नवरात्र महोत्सव पर सांस्कृतिक नागपुरी प्रोग्राम सह धार्मिक मेला का हुआ आयोजन

**सिमडेगा** : दार्शनिक सह रमणीक स्थल वनदुर्गा मन्दिर में चैती नवरात्र सह वासन्तिक नवरात्र महोत्सव के मौके पर मंगलवार रात्रि रंगारंग सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन वनदुर्गा पूजा समिति की ओर से किया गया था। कायर्क्रम का शुभारंभ बोलबा अंचलाधिकारी सुधांशु पाठक सहित समिति के लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। मौके पर अंचलाधिकारी ने कहा कि कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्देश्य परंपरा को सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में केरसई के लाइसेंसधारी सह वरिष्ठ समाजसेवी दयानंद रोहित एवं मालसाड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी ललन सिंह को वनदुर्गा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जहुरण सिंह एवं केशरी सिंह ने पगड़ी पहनाकर, पारंपरिक अंगवस्त्र एवं तलवार भेंट कर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक व नागपुरी गीतों से समां बांधा तथा उपस्थित हजारों श्रोताओं को देर रात झुमाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वनदुर्गा समिति के सभी सदस्यों एवं ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

### उपायुक्त कंचन सिंह ने फीता काटकर दुर्गा पूजा पंडाल का किया उद्घाटन



**सिमडेगा** : उपायुक्त कंचन सिंह ने ठाकुर टोली आदर्श नगर स्थित चैती दुर्गा पूजा पंडाल का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने पूजा समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समिति सदस्य एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद उपायुक्त ने मां दुर्गा के दर्शन कर जिलेवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

## एक नजर

### डीसी ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा, मलेरिया उन्मूलन पर विशेष जोर



**साहिबगंज:** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग के स्थापना से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई। डीसी ने स्वास्थ्य विभाग के स्थापना से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए संसाधनों के समुचित उपयोग, मानवबल की उपलब्धता एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### चैती छठ का समापन उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने किया पारण



**साहिबगंज:** लोक आस्था का चार दिवसीय चैती छठ पर्व उदीयमान भगवान सूर्य के अर्घ्य के साथ जिले में संपन्न हो गया। जिला मुख्यालय के ओझा टोली गंगा घाट, शकुंतला सहाय गंगा घाट, मुक्तेश्वर बिजली गंगा घाट सहित अन्य गंगा घाटों में श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और अपने-अपने परिवार के सदस्यों के लिए अच्छे स्वास्थ्य, आर्थिक प्रगति और सकारात्मक ऊर्जा के लिए प्रार्थना की। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गंगा घाटों पर जिला प्रशासन ने पर्याप्त पुलिसकर्मियों और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की थी। बुधवार अहले सुबह ही बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में घाटों पर पहुंचे। छठी मैया के गीतों और भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक भगवान सूर्य की उपासना कर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इससे पूर्व मंगलवार को व्रतियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया था, जिसके बाद बुधवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूर्ण किया गया। 36 घंटे के निर्जला व्रत के बाद व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण कर पारण किया। छठ घाटों पर सामाजिक संगठनों द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता, प्रकाश और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पाकुड़ की बेटी स्वास्तिका का राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले की प्रतिभाशाली छात्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक स्वास्तिका रानी ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले एवं राज्य का गौरव बढ़ाया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा समाहरणालय में उन्हें सम्मानित किया गया। स्वास्तिका रानी, पाकुड़ बी.एड कॉलेज की छात्रा हैं, जो सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका से संबद्ध है। हाल ही में उनका चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ था, जिसका आयोजन 10 से 16 मार्च तक नियोटिया विश्वविद्यालय, डायमंड हार्बर, कोलकाता में किया गया। इस शिविर में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्वास्तिका रानी ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही ह्यसिविक सेंसह्ल विषय पर आयोजित रील मेकिंग प्रतियोगिता में भी तृतीय स्थान हासिल कर दोहरी सफलता अर्जित की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विकसित भारत युवा नेता संवाद 2026 में भी भाग लिया, जिसका आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से चयनित विचारों में से केवल 5 प्रमुख आइडिया माननीय प्रधानमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किए गए, जिनमें स्वास्तिका रानी के 3 विचार शामिल रहे, जो उनकी असाधारण सोच एवं नेतृत्व क्षमता को दशार्ता है। उल्लेखनीय है कि उनके ये विचार केंद्रीय बजट 2026 में भी स्थान प्राप्त कर चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वास्तिका रानी को केंद्रीय कृषि मंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर भी मिला। उपायुक्त ने स्वास्तिका को सम्मानित करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि स्वास्तिका जैसी प्रतिभाएं समाज एवं देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत होती हैं। उपायुक्त ने आगे कहा कि स्वास्तिका रानी ने अपनी मेहनत, लगन एवं समर्पण से यह सिद्ध किया है कि छोटे जिलों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं। उनकी सफलता से जिले के अन्य युवा भी प्रेरित होंगे और आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने स्वास्तिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जिला प्रशासन सदैव ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं स्वास्तिका ने अपनी सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही उपलब्धियां उन्हें आगे बेहतर करने की प्रेरणा देती हैं और वे भविष्य में भी समाज एवं देश के लिए सकारात्मक योगदान देने हेतु निरंतर प्रयासरत रहेंगी।

## चैती दुर्गा पूजा पर चंडीपुर में निकली भव्य कलश यात्रा, जयकारों से गूंजा इलाका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** राजमहल प्रखंड में चैती दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा के पावन अवसर पर चंडीपुर क्षेत्र में श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर चंडीपुर स्थित चैती दुर्गा मंदिर से भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, कुंवारी कन्याओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश मंडल, समाजसेवी विकास यादव, अजय दास, बिंदेश्वरी यादव, सरवन मंडल एवं संजय मंडल को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करने के साथ हुई। इसके बाद अतिथियों द्वारा फीता काटकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर सरकंडा नमामि गंगे घाट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधिपूर्वक जल भरकर पुनः मंदिर लौटकर यात्रा का समापन किया। इस दौरान पूरे मार्ग में ₹जय माता दी" और "दुर्गा मां की जय₹ के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा, जिससे पूरा इलाका भक्तिमय हो उठा। यात्रा में शामिल महिलाएं एवं कन्याएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भक्ति भाव से आगे बढ़ती रहीं, वहीं पुरुष श्रद्धालुओं ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर आयोजन को भव्यता प्रदान की। पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य पूरी तरह मुस्तैद नजर आए। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया।

## स्वास्थ्य पंचायत इंडिकेटर्स एवं पेयजल व्यवस्था की समीक्षा में कम व्यय पर उपायुक्त ने जताया नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत प्राप्त अनुदान राशि के व्यय, स्वास्थ्य पंचायत के प्रमुख इंडिकेटर्स एवं ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कई प्रखंडों में अपेक्षाकृत कम वित्तीय व्यय पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण उपयोग सुनिश्चित करना सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

**स्वास्थ्य पंचायत इंडिकेटर्स पर विशेष जोर**

उपायुक्त ने संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण, कुपोषण की स्थिति, एएनसी/पीएनसी जांच तथा स्वच्छता एवं पेयजल की उपलब्धता जैसे प्रमुख स्वास्थ्य संकेतकों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए आंगनबाड़ी, सहिया एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच सुदृढ़ समन्वय स्थापित किया जाए।

**ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश**

आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने संभावित जल संकट से निपटने हेतु अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी खराब पड़े चापाकलों की अविलंब मरम्मती सुनिश्चित की जाए। बंद/खराब जलमीनारों को तत्काल चालू किया जाए। जल संकट वाले क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। पेयजल से संबंधित शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए।

**पारदर्शिता एवं जनभागीदारी पर बल**

उपायुक्त ने पंचायत उन्नति सूचकांक के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत के स्कोर कार्ड को पंचायत सचिवालय में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया, ताकि आम नागरिकों को विकास कार्यों की जानकारी सुलभ हो सके एवं जनभागीदारी को बढ़ावा मिले। उपायुक्त ने लंबित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। स्वीकृत योजनाओं में तेजी लाते हुए कार्य प्रारंभ सुनिश्चित किया जाए। पंचायत स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग एवं फील्ड निरीक्षण किया जाए। स्वास्थ्य एवं पेयजल से जुड़े इंडिकेटर्स में सुधार हेतु विशेष अभियान संचालित किया जाए।

# राजमहल में सोने के कारोबारी से लूट के लिए फायरिंग, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के राजमहल थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सनसनीखेज छिनतई की घटना सामने आई। डेढगामा गांव के समीप मुख्य मार्ग पर नकाबपोश अपराधियों ने एक स्वर्ण व्यवसायी को निशाना बनाया। घटना उस समय हुई जब दुकानदार अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। सुनसान सड़क का फायदा उठाकर अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया।

**नगद, सोना और चांदी की लूट**

पीड़ित की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र के मसकलैया निवासी गौतम स्वर्णकार के रूप में हुई है, जो मंगलहाट चौक स्थित आभूषण दुकान संचालित करते हैं। पीड़ित के अनुसार अपराधियों ने उनसे लगभग 80 हजार रुपए नगद, करीब आधा किलो चांदी और दो भरी सोने के जेवरात लूट लिए। इसके साथ ही बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज भी छीन लिए गए।

**मारपीट के बाद फायरिंग**

घटना के दौरान 4 से 5 अपराधी चेहरे को कपड़े से ढके हुए थे। उन्होंने पहले देशी कट्टा के बट से व्यवसायी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। इसके बाद लूटपाट को अंजाम दिया। जाते समय अपराधियों ने इलाके में दहशत फैलाने के लिए दो राउंड फायरिंग भी की। अचानक हुई इस घटना से आसपास के लोगों में भय का माहौल बन गया।

अस्पताल में कराया गया इलाज घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यवसायी को तुरंत राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस घटना ने इलाके के व्यापारियों और स्थानीय लोगों को चिंता में डाल दिया है।

**पुलिस जांच तेज**

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन और एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल से कुछ अहम सुराग मिलने की बात भी सामने आई है।

## स्टेशन चौक का खतरनाक गड्ढा वार्ड पार्षद की पहल से भरा, श्रद्धालुओं व यात्रियों को राहत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-3 के वार्ड पार्षद अमित कुमार भारती की पहल रंग लाई। स्टेशन चौक स्थित सड़क पर बने खतरनाक गड्ढे को भरने और सड़क समतलीकरण का कार्य प्रशासन द्वारा शुरू करा दिया गया है। लंबे समय से यह गड्ढा दुर्घटनाओं का कारण बन रहा था, जिससे आम राहगीरों, बिंदुधाम मेला जाने वाले श्रद्धालुओं और रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हो रही थी। स्टेशन चौक नगर का अत्यंत व्यस्त इलाका माना जाता है। इसी मार्ग से होकर श्रद्धालु प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिंदुधाम मेला के लिए जाते हैं, वहीं प्रतिदिन सैकड़ों यात्री रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए इसी सड़क का उपयोग करते हैं। सड़क के बीचों-बीच बने गहरे गड्ढे के कारण कई बार वाहन असंतुलित हो जाते थे और दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। स्थानीय लोगों की लगातार शिकायतों के बाद वार्ड पार्षद अमित कुमार भारती ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को लिखित आवेदन देकर जल्द मरम्मत कराने की मांग की थी। इसके बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए गड्ढे की भराई और सड़क समतलीकरण का कार्य शुरू करवा दिया। मरम्मत कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में संतोष का माहौल है। श्रद्धालुओं और यात्रियों का कहना है कि अब बिंदुधाम मेला के दौरान आवागमन सुगम होगा और दुर्घटना की आशंका भी कम होगी। स्थानीय नागरिकों ने वार्ड पार्षद की सक्रियता की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि नगर क्षेत्र की अन्य जर्जर सड़कों की भी जल्द मरम्मत कराई जाएगी, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम यातायात सुविधा मिल सके।

## रानूपीर बड़ा पुल के पास भीषण सड़क हादसा, राहगीर की मौत के बाद सड़क जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हिरणपुर :** दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर स्थित रानूपीर बड़ा पुल के समीप मंगलवार की रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हिरणपुर थाना क्षेत्र के दराजमाठ गांव निवासी सलीम अंसारी (55 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना रात करीब 8:30 बजे की बताई जा रही है, जिसने पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सलीम अंसारी घर से पास में आयोजित एक जलसा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले थे। इसी दौरान जब वे सड़क पार कर रहे थे, तभी लिट्टीपाड़ा की ओर तेज रफ्तार से जा रहे एक अज्ञात वाहन (संख्या बीआर06जीएच 2120) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही हिरणपुर और लिट्टीपाड़ा थाना की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। हालांकि, हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने सड़क पर उतरकर आवागमन पूरी तरह बाधित कर दिया और काफी देर तक रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि दुमका-पाकुड़ मार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। विशेष रूप से रानूपीर बड़ा पुल के आसपास सड़क की हालत बेहद जर्जर है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, लेकिन सड़क की मरम्मत और सुरक्षा उपायों को लेकर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

# साहिबगंज स्टेशन को मिलेगी बड़ी सौगात डीएमयू वाशिंग पिट लाइन का निर्माण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए साहिबगंज रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर पर अत्याधुनिक डीएमयू मेंटेनेंस वाशिंग पिट लाइन का निर्माण कराया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर करीब 33 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में रेल सेवाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। साहिबगंज स्टेशन के पास 600 मीटर लंबी वाशिंग पिट लाइन के निर्माण से ट्रेनों की तकनीकी जांच और मेंटेनेंस का काम आधुनिक तरीके से किया जाएगा। यह पिट लाइन पूरी तरह कवर्ड शेड के रूप में विकसित होगा, ताकि हर मौसम में सुचारू रूप से कार्य जारी रह सके। इस परियोजना के पूरा होने से ट्रेनों के संचालन में तकनीकी बाधाएं कम होंगी। साहिबगंज, बरहरवा, पाकुड़ सहित आस-पास के स्टेशनों पर रेल यातायात बेहतर होगा। यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और समयबद्ध सेवाएं मिलेंगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मालदा रेल मंडल अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, पिट लाइन निर्माण के लिए अधिकांश जमीन रेलवे के पास उपलब्ध है, जबकि शेष जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह परियोजना साहिबगंज जिले के विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी। परियोजना पूर्ण होने से रेलवे की कार्यक्षमता भी बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मालदा रेलमंडल के वरीय अधिकारियों की एक टीम ने इस परियोजना को लेकर जिला प्रशासन के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी। उपायुक्त हेमन्त सती ने उक्त परियोजना को प्राथमिकता देने और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

**क्या होता है वाशिंग पिट लाइन**

पिट लाइन वह विशेष रेलवे ट्रैक है, जो एक लंबे जमीनी गड्ढे के साथ बना होता है, जहाँ ट्रेनों के कोचों की गहरी सफाई, ब्रेक सिस्टम की जाँच, अंडरफ्रेम रखरखाव और वाशिंग का काम होता है। यह सुरक्षा के लिए ट्रेनों का मेंटेनेंस सुनिश्चित करता है। ट्रेन के डिब्बों के नीचे की पाइपलाइन, पहियों और ब्रेक सिस्टम की जाँच के लिए कर्मचारी आसानी से इस गड्ढे में उतरकर काम करते हैं। ट्रेनों के अंदर और बाहर की पानी से धुलाई और साफ-सफाई की जाती है। प्राइमरी और सेकेंडरी मेंटेनेंस के लिए ट्रेनों को यहाँ खड़ा किया जाता है, ताकि यात्रियों की यात्रा सुरक्षित हो।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसी की अध्यक्षता में नगर निकायों की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित



**साहिबगंज:** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में आज कार्यालय प्रकोष्ठ में नगर परिषद, साहेबगंज तथा नगर पंचायत राजमहल एवं बरहरवा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर निकायों द्वारा संचालित विकासात्मक योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन की स्थिति एवं लंबित कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता, पेयजल, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही, योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं नियमित मॉनिटरिंग पर बल दिया गया।बैठक में नगर प्रशासक, नगर परिषद साहेबगंज अभिषेक कुमार सिंह, नगर प्रशासक, नगर पंचायत बड़हरवा दीपक कुमार, नगर प्रशासक, नगर पंचायत राजमहल दानिश हुसैन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

### साहिबगंज शहर के चैती दुर्गा मंदिर बना आस्था का केंद्र, नवरात्रि में उमड़ी भीड़




**साहिबगंज :** शहर के सकरोगढ़ स्थित चैती दुर्गा मंदिर, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा मंदिर, जिरवाबाड़ी तुरी टोला चैती दुर्गा मंदिर, इन दिनों पूरे क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। जहां सप्तमी को मां का पट खोला गया। जहां चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर यहां हर वर्ष भव्य पूजा-अर्चना का आयोजन होता है, जिसमें दूर-दराज के गांवों से हजारों श्रद्धालु शामिल होकर मां दुर्गा के दर्शन करते हैं और अपनी मनोकामनाएं मांगते हैं। मंदिर की विशेषता यह है कि यहां पूजा पूरी तरह वैष्णव पद्धति से विधिवत संपन्न कराई जाती है। नवरात्रि के प्रथम दिन पूरे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश स्थापना की जाती है, जिसके बाद नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विशेष पूजा होती है। हर दिन अलग-अलग रूपों में मां की आराधना से मंदिर परिसर पूरी तरह भक्तिमय हो उठता है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में सुबह से लेकर देर रात तक पूजा-आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला जारी रहता है। ढोल-नगाड़ों और शंखनाद के बीच श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन नजर आते हैं। खासकर संध्या आरती के समय मंदिर का दृश्य बेहद आकर्षक और अलौकिक हो जाता है। यहां सैकड़ों दीपों की रोशनी और जयकारों से वातावरण गूंज उठता है। सभी चैती दुर्गा मंदिर की महत्ता केवल नवरात्रि तक सीमित नहीं है, बल्कि रामनवमी जुलूस के दौरान भी यह मंदिर प्रमुख भूमिका निभाता है। जुलूस मार्ग में यह मंदिर एक अहम पड़ाव के रूप में शामिल रहता है, जहां श्रद्धालु रुककर विशेष पूजा-अर्चना करते हैं और धार्मिक उत्साह का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिलता है। नवरात्रि और रामनवमी को देखते हुए स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट रहता है।

### "सुरक्षित बचपन के लिए दामिन पहल" के तहत अमड़ापाड़ा में उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित




**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड सभागार में झारखण्ड विकास परिषद एवं एफएक्सबी इंडिया सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान में "सुरक्षित बचपन के लिए दामिन पहल" परियोजना के तहत ग्राम एवं प्रखंड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के सदस्यों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ाना तथा स्थानीय स्तर पर समितियों को सक्रिय और सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी व्यास ठाकूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता, अंचल अधिकारी औशफ अहमद खां, प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी सनातन मुर्मू, सीआई चार्लेस मालतो, प्रखंड जेंडर रिसोर्स प्रभारी पार्वती मुर्मू, एफएक्सबी इंडिया सुरक्षा की कार्यक्रम प्रबंधक प्रजीता बोहरा एवं हेमा चक्रवर्ती, संथाली पंचायत के मुखिया गयालाल देहरी, बोहरा पंचायत के मुखिया सोम मरांडी, डुमरचीर पंचायत की मुखिया रामी पहाड़िन तथा ग्राम प्रधान रायसन मुर्मू द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी व्यास ठाकूर ने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन समितियों का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उनके समुचित विकास को सुनिश्चित करना तथा उन्हें शोषण, उपेक्षा और हिंसा से सुरक्षित रखना है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण का निर्माण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की नैतिक जिम्मेदारी है।

### चाईबासा में कांग्रेस जिला अध्यक्षों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण जारी



**पाकुड़ :** झारखण्ड एवं उड़ीसा के जिला कांग्रेस अध्यक्षों के लिए आयोजित 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का चौथा दिन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक मजबूत, सक्रिय और प्रभावी बनाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। इस प्रशिक्षण में पाकुड़ कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमार सरकार एवं साहिबगंज जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और विभिन्न सत्रों में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान संगठन विस्तार, जनसमस्याओं के समाधान, नेतृत्व क्षमता के विकास तथा आगामी राजनीतिक रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। साथ ही, कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के उपायों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर यह भी संभावना जताई जा रही है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रशिक्षण सत्र में शामिल हो सकते हैं। उनके आगमन से जिला अध्यक्षों को मार्गदर्शन मिलने के साथ-साथ संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार में 27 मार्च तक सामान्य रहेगा मौसम

**पटना (एजेंसी)** बिहार में इन दिनों मौसम लगातार बदल रहा है। कभी तेज धूप तो कभी हल्की ठंडक। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को राज्य का मौसम सामान्य रहेगा। सुबह-शाम हल्की हवा चलेगी, लेकिन दिन में तेज धूप निकलने के कारण गर्मी लोगों को परेशान करेगी। फिलहाल राज्य में बारिश-आंधी को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। हालांकि, मौसम विभाग ने 27 मार्च को राज्य के सभी जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान तेज हवाएं चल सकती हैं। साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार 31 मार्च के बाद तापमान में तेजी से बढ़ोतरी शुरू होगी, जिससे दिन में गर्मी और ज्यादा महसूस होगी। पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म हो जाएगा और आसमान साफ रहने के कारण सूरज की सीधी किरणें धरती पर पड़ेगीष जिससे तापमान तेजी से बढ़ेगा। मौसम में क्यों हो रहा बदलाव मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस समय बिहार के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसम प्रणाली का हल्का प्रभाव बना हुआ है। इसके कारण हवा की दिशा बार-बार बदल रही है, जिससे मौसम में अस्थिरता बनी हुई है। दिन में सूरज की तीखी किरणें तापमान बढ़ा रही हैं, जबकि शाम-सुबह उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं हल्की ठंडक ला रही हैं। यही वजह है कि लोगों को दिन में गर्मी और हल्की ठंड दोनों का अहसास हो रहा है। पटना में 33 डिग्री सेल्सियस तक जाएगा पारा राजधानी पटना में बुधवार को मौसम साफ रहने की संभावना है। सुबह-शाम हल्की हवा चलने से थोड़ी राहत मिलेगी, लेकिन दोपहर में तेज धूप के कारण गर्मी बढ़ेगी। अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

### बार-बार कोशिश के बाद ऑनलाइन बुकिंग नहीं

**पटना (एजेंसी)** राजधानी पटना सहित पूरे बिहार में घरेलू गैस का संकट जारी है। पटना में बुकिंग और डिलीवरी का अनुपात बढ़ने से समस्या बढ़ती जा रही है। मंगलवार तक बुकिंग कराने वाले 1,55,410 लोगों को सिलेंडर नहीं मिला है। इससे परेशान लोग गोदामों का चक्कर लगा रहे हैं। कई जगहों पर गैस लेने के लिए लंबी लाइन देखी गई। वहीं बार-बार कोशिश के बाद ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है, जिससे परेशान लोग गैस एजेंसियों के कार्यालयों पर पहुंचते हैं, लेकिन एजेंसी कर्मी ऑफलाइन बुकिंग करने से मना कर रहे हैं। इसको लेकर एजेंसी कर्मी और ग्राहकों के बीच नोकझोंक की स्थिति बन जा रही है। उपभोक्ता सुनील कुमार ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रही है। रेफरेंस नंबर आने के बाद डीएसी नंबर नहीं आ रहा है। इससे परेशान होकर पाटलिपुत्र गोलंबर स्थित अखंड ज्योति गैस एजेंसी के कार्यालय गया तो वहां मौजूद कर्मी ने ऑफलाइन बुकिंग करने से मना कर दिया। दीघा स्थित सिमोली गैस एजेंसी के कार्यालय पर सुबह तीन बजे से खड़े मनोज ने कहा, डीएसी नंबर के बावजूद सिलेंडर लेने में मशक्कत करनी पड़ रही है। प्रशासन ने मालसलामी थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात छापेमारी कर अवैध रूप से भंडारित 32 गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। यहां पिता-पुत्र घरेलू गैस सिलेंडरों से कॉमर्शियल सिलेंडरों में रिफिलिंग कर रहे थे। पुलिस ने मौके से खाली व भरे हुए 22 घरेलू सिलेंडर, भरे हुए 10 कॉमर्शियल सिलेंडर, 40 पीस रेगुलेटर और रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं। हालांकि, आरोपी पिता-पुत्र भागने में सफल रहे। एसडीओ सत्यम सहाय ने बताया कि पूर्वी नंदगोला टिकिया टोला मोहल्ले में अवैध रिफिलिंग की सूचना मिली थी। इसके बाद कार्रवाई की गई। कॉमर्शियल गैस आपूर्ति अब 50% तक बढ़ी : मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने राज्य में एलपीजी स्टॉक एवं वितरण की समीक्षा की। कहा कि कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति 20% तक सीमित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 50% किया गया है। ग्रामीण इलाकों में 25 दिनों के बाद अब सिलेंडर मिलेगा।

### बिहार के 21 जेलों में बनेंगे 44 आवासीयभवन

**पटना (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, मोतिहारी सेंट्रल जेल समेत बिहार के 21 जेलों में 44 आवासीय भवन बनेंगे। इसकी कुल लागत 88.89 करोड़ आएगी। हरेक जेल के आवासीय भवन बनने में करीब 202.04 लाख रुपए खर्च होंगे। इन सभी जेलों में बी-टाइप (जी+3) आवासीय भवन बनेगा। बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि आवासीय भवन बनने से कारा कर्मियों को रहने की बेहतर सुविधा मिल जाएगी। इसका कार्यान्वयन वित्तीय वर्ष 2025-26 तथा आगामी वर्षों में किया जाएगा। 10 प्रतिशत कक्षपालों को पारिवारिक और शेष को एकल आवासीय सुविधा बिहार कारा हस्तक 2012 के नियमों के तहत मुख्य कक्षपाल और उससे ऊपर के अधिकारियों को कारा परिसर में किराया मुक्त आवास उपलब्ध कराया जाना है। 10 प्रतिशत कक्षपालों को पारिवारिक और शेष को एकल आवासीय सुविधा देने का प्रावधान है। वर्तमान में 5034 कक्षपाल पद स्वीकृत हैं। इन्हें रहने की बेहतर सुविधा मिल जाएगी। इसलिए सरकार ने ऐसा फैसला लिया है। हाल ही में 46.34 करोड़ की लागत से पूर्वी चंपारण, अररिया, सारण, बेगूसराय और किशनगंज में थाना भवन और आधारभूत संरचना निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। मोतिहारी जेल में 4, पूर्णिया में 3 शेष जेलों में 2-2 भवन बनेंगे। मोतिहारी सेंट्रल जेल में 4 पूर्णिया सेंट्रल जेल और मुजफ्फरपुर में 3-3 आवासीय भवन बनेंगे। इसके अलावा आरा, भभुआ, बेतिया, सिवान, दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल,कटिहार, किशनगंज, सहरसा, बेगूसराय, जमुई, लखीसराय, मुंगेर, शेखपुरा, औरंगाबाद और नवादा में 2-2 आवासीय भवन बनेंगे।

### मेडिकल-इंजीनियरिंग की फ्री कोचिंग के लिए 5 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं

**पटना (एजेंसी)** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए फ्री कोचिंग कार्यक्रम का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके तहत आवेदन शुरू हो गए हैं। छात्र 5 अप्रैल 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह योजना 2026 में 10वीं की परीक्षा देने वाले छात्रों के लिए है, चाहे वे किसी भी बोर्ड से हों। पटना में चलने वाले आवासीय कार्यक्रम के लिए 100 रुपए शुल्क देना होगा, जबकि नॉन-रेजिडेंशियल कोचिंग पूरी तरह मुफ्त रहेगी। नॉन-रेजिडेंशियल कोचिंग पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, दरभंगा, सहरसा, पूर्णिया, भागलपुर, गया और मुंगेर सहित 9 प्रमंडलीय जिलों में होगी। आवासीय कोचिंग में छात्रों को मुफ्त रहने-खाने की सुविधा, एसी क्लासरूम, डिजिटल बोर्ड और स्टडी मटेरियल मिलेगा। 50-50 छात्र-छात्राओं के अलग बैच बनाए जाएंगे। हर महीने दो बार टेस्ट और डाउट क्लास भी होगी। साथ ही 400 रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी। नॉन-रेजिडेंशियल छात्रों को स्थानीय प्लस-टू स्कूल में नामांकन के साथ हर महीने 1000 रुपए मिलेंगे। बिहार बोर्ड के सुपर-50 बैच के छात्रों ने जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन किया है। 5 छात्रों ने 99 परसेंटाइल से अधिक जबकि 24 अन्य ने 93.94 परसेंटाइल से ऊपर स्कोर किया।

# तेजस्वी के बदले सुर: नीतीश पर नरम, केंद्र पर गरम; अनंत सिंह के सवाल पर साधी चुप्पी



**पटना (एजेंसी)** कभी नीतीश कुमार को थका हुआ सीएम कहते थे, लेकिन आज तेजस्वी यादव सीएम नीतीश कुमार पर नरम दिखे। सवाल पूछने पर बाहुबली अनंत सिंह पर खामोश हो गए; लेकिन जब बात पीएम की हुई तो खूब गरम हुए। संजय सिंह भी निशाने पर रहे। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर नरम दिखे। वहीं मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह पर पूछे गए सवाल पर वह खामोश हो गए। लेकिन केंद्र सरकार पर वह जमकर बरसे। वहीं मंत्री संजय सिंह के संबंध में कहा कि इस मामले की जांच भी होनी चाहिए और मंत्री जी को जवाब भी देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आज राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कहा कि यह जदयू का अंदरूनी मामला है। तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर नरमी बरतते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जबरन दिल्ली भेजा जा रहा है, जबकि वह ऐसा नहीं चाहते हैं। तेजस्वी यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि मैं तो शुरू से कह रहा हूं कि भाजपा अलग तरह की राजनीति करती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भाजपा जबरन राज्यसभा भेज रही है। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बाहुबली आनंद सिंह के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में खामोश हो गए। दुबारा पूछने पर तेजस्वी यादव ने कहा कि इसका जवाब हमारे प्रवक्ता देंगे। तेजस्वी यादव ने अनंत सिंह पर न तो किसी तरह की कोई टिप्पणी की और ना ही कुछ कहा। वह अनंत सिंह के सवाल पर खामोश हो गए। वहीं लोजपा रामविलास पार्टी के मंत्री संजय सिंह के संबंध में अकः कि उनपर लगे हुए आरोपों की जांच होनी चाहिए। साथ ही मंत्री जी को सामने आकर जवाब भी देना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव केंद्र सरकार पर जमकर बोला। उन्होंने कहा कि अगर हालात की जानकारी पहले से थी तो सरकार को पहले से इसकी व्यस्था करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। यही वजह है कि जनता आज परेशान हो रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र सरकार को आम जनता से कोई मतलब नहीं है, इसलिए सरकार को इस्तीफा दे देना चाहिए।

### बिहार में 1 अप्रैल से दिन में सस्ती और शाम को महंगी मिलेगी बिजली

**पटना (एजेंसी)** बिहार में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है. 1 अप्रैल से स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले 87 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे (TOD) टैरिफ के तहत बिजली मिलेगी. यानी अब दिन में सस्ती और शाम के पीक आवर में महंगी बिजली मिलेगी. बिहार के 87 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं के लिए बिजली विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है, जिसके तहत अब बिजली की दरें घड़ी की सुइयों यानी समय के हिसाब से तय होंगी. इस नई व्यवस्था को ह्यटाइम ऑफ टैरिफ नाम दिया गया है. इसका सीधा मतलब यह है कि अब पूरे 24 घंटे बिजली की एक समान दर नहीं रहेगी. 1 अप्रैल से आपके घर के स्मार्ट मीटर में लगा सॉफ्टवेयर यह देखेगा कि आप किस समय कितनी बिजली जला रहे हैं और उसी आधार पर बिल की कटौती करेगा. दिन में डिस्काउंट और शाम को सरचार्ज नए नियमों के अनुसार, सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक का समय उपभोक्ताओं के लिए हैप्पी आवर्स जैसा होगा. इस दौरान अगर आप 100 रुपये की बिजली खर्च करते हैं, तो आपको केवल 80 रुपये ही देने होंगे. यानी दिन के उजाले में बिजली का इस्तेमाल करने पर आपको सीधे 20 फीसदी की बचत होगी. जैसे ही शाम के 5 बजेंगे और सूरज ढलेगा, बिजली महंगी हो जाएगी. शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक (पीक आवर्स) बिजली की खपत पर घरेलू उपभोक्ताओं को 110 प्रतिशत राशि देनी होगी, जबकि व्यावसायिक और औद्योगिक श्रेणी के उपभोक्ताओं को 120 प्रतिशत तक का भुगतान करना होगा. रात में सामान्य रहेगी दर बिजली विभाग ने उन लोगों का भी ख्याल रखा है जो देर रात तक काम करते हैं या एसी-कूलर चलाते हैं. रात 11 बजे से सुबह 9 बजे तक बिजली की दरें बिल्कुल सामान्य रहेंगी. यानी इस अवधि में आप जितनी बिजली खर्च करेंगे, आपको 100 फीसदी यानी निर्धारित दर के बराबर ही पैसा देना होगा. यह व्यवस्था मुख्य रूप से स्मार्ट मीटर वाले ग्राहकों और उन ग्राहकों के लिए है जिनका लोड 10 किलोवाट से अधिक है. सरकार का तर्क है कि शाम के वक्त बिजली की मांग 4000 मेगावाट से बढ़कर सीधे 7000 मेगावाट तक पहुंच जाती है, तो अब आपको भारी बिजली वाले काम जैसे कपड़े धोना, आयरन करना या पानी की मोटर चलाना सुबह 9 से शाम 5 के बीच निपटा लेना चाहिए.

### छठ पूजा के वक्त बड़ा हादसा; सेल्फी ले रहे तीन युवक गंगा में डूबे, दो के शव मिले; तीसरे की तलाश जारी

**पटना (एजेंसी)** गंगा नदी में तीन युवकों के डूबने के बाद हड़कंप मच गया। प्रशासन ने गोताखोरों की मदद से दो युवकों के शव को खोज निकाला। तीसरे युवक की तलाश जारी है। एनडीआरएफ की टीम को भी लगाया गया है। पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित दमराही घाट पर छठ पूजा के दौरान बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। गंगा नदी में स्नान करने गए तीन युवक डूब गए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और शोक का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि छठ पर्व के अवसर पर दमराही घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित थे। इसी दौरान तीन युवक गंगा नदी में उतरे। तीनों सेल्फी लेने लगे। इसी बीच तेज धारा के कारण संतुलन खो बैठे और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तत्काल बचाव कार्य शुरू किया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से दो युवकों को गंगा नदी से बाहर निकाला गया और तुरंत इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।

### बिहार में 4.82 लाख लोगों की घरों पर लगेगा सोलर रूफटॉप, जानिए सरकार का लक्ष्य

**पटना (एजेंसी)** बिहार में लोगों की घरों पर सोलर रूफटॉप लगाया जाएगा. सरकार की ओर से यह टारगेट सेट किया गया है कि अगले एक साल में 4.82 लाख घरों को यह लाभ मिले. इसके अलावा बिहार के हर जिले में 'मॉडल सोलर विलेज' भी डेवलप किया जाएगा. : बिहार सरकार ने लोगों की घरों पर सोलर रूफटॉप लगाने को लेकर टारगेट सेट किया है. अगले साल तक राज्य के 4.82 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप लगाया जाएगा. जानकारी के मुताबिक, कितने प्रतिशत के ब्याज पर मिलेगा लोन? सरकार की तरफ से लगभग 6.0 प्रतिशत की ब्याज दर पर बैंक से लोन देने का प्रावधान किया गया है. इसके साथ ही करीब 58 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को सोलर सिस्टम से जोड़ने की योजना बनाई गई है. इसे अगले 4 सालों में पूरा किया जा सकेगा. मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना की अध्यक्षता में बैठक हुई थी. इस बैठक में उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए कई मुद्दों पर चर्चा की गई. मुख्य सचिव ने डीएम से क्या कहा? बैठक में डीएम को भी आदेश दिया गया कि लोन से जुड़ी जो कोई भी बाधा आ रही है, मॉडल सोलर विलेज को डेवलप करने की भी योजना जानकारी के मुताबिक, लगभग 2.5 लाख रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने के लिए स्वीकृति मिल गई है. इसे अक्टूबर 2026 तक पूरा किया जा सकेगा. इस पूरी योजना को साल 2027 तक पूरा किए जाने की योजना है. जानकारी के मुताबिक, मॉडल सोलर विलेज को हर जिले में डेवलप किए जाने की भी योजना है.

### उत्तर-दक्षिण बिहार की दूरी होगी कम, बख्तियारपुर-ताजपुर फोरलेन पर जून से दौड़ेंगी गाड़ियां



**पटना (एजेंसी)** बिहार में बख्तियारपुर से ताजपुर को जोड़ने वाला फोरलेन सड़क सह गंगा ब्रिज प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहा है. 51 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट पर 65 फीसदी काम पूरा हो चुका है और उम्मीद है कि दिसंबर तक सड़क तैयार हो जाएगी, इस प्रोजेक्ट के पूरा होते ही उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच बिहार में बख्तियारपुर से ताजपुर को जोड़ने वाला फोरलेन सड़क सह गंगा ब्रिज प्रोजेक्ट तेजी से आगे बढ़ रहा है. 51 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट पर 65 फीसदी काम पूरा हो चुका है और उम्मीद है कि दिसंबर तक सड़क तैयार हो जाएगी, इस प्रोजेक्ट के पूरा होते ही उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आना-जाना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा. पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा. बिहार के बुनियादी ढांचे में एक और सुनहरा अध्याय जुड़ने जा रहा है. उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाला महत्वाकांक्षी बख्तियारपुर-ताजपुर फोरलेन प्रोजेक्ट अब साकार होने के बेहद करीब है. पथ निर्माण विभाग और बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की देखरेख में चल रहे इस प्रोजेक्ट का करीब 65 फीसदी काम पूरा हो चुका है. सड़क का निर्माण इसी साल दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा, जबकि गंगा नदी पर बन रहा भव्य पुल अगले साल जून तक यातायात के लिए खोल दिया जाएगा. 3929 करोड़ रुपये की लागत से बन रही यह प्रोजेक्ट बिहार की लाइफलाइन साबित होने वाली है. 44 पिलर तैयार, सुपर स्ट्रक्चर का काम तेज इंजीनियरों ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पुल के सभी 44 पिलरों का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. वर्तमान में पिलरों के ऊपर सेगमेंट रखने यानी सुपर स्ट्रक्चर का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है. बख्तियारपुर और समस्तीपुर, दोनों किनारों से काम की प्रगति संतोषजनक है. यह पुल न केवल इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना होगा, बल्कि महात्मा गांधी सेतु और राजेंद्र सेतु पर दशकों से पड़ रहे भारी ट्रैफिक के बोझ को भी काफी हद तक कम कर देगा. इस फोरलेन के चालू होने से बिहार के नेशनल हाईवे नेटवर्क को नई मजबूती मिलेगी. मिथिला से मगध और नेपाल से झारखंड तक व्यापार बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के बनने से केवल यात्रा सुगम नहीं होगी, बल्कि यह आर्थिक विकास का नया कॉरिडोर बनेगा. यह सीधे तौर पर मिथिलांचल को मगध क्षेत्र से जोड़ देगा. इतना ही नहीं, यह मार्ग नेपाल और झारखंड के बीच होने वाली व्यापारिक गतिविधियों के लिए भी सबसे छोटा रास्ता साबित होगा

### बिहार में हड़ताली अफसरों पर गिरेगी गाज, 25 मार्च तक काम पर लौटें वरना जाएगी नौकरी



**पटना (एजेंसी)** बिहार में हड़ताली राजस्व अधिकारियों के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है. उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने साफ कहा है कि 25 मार्च शाम 5 बजे तक सभी अधिकारी हर हाल में काम पर लौटें, नहीं तो उनके खिलाफ सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी. सरकार ने सामूहिक अवकाश को अवैध बताते हुए इसे जनहित के खिलाफ बताया है. बिहार में अपनी मांगों को लेकर सामूहिक अवकाश पर गए राजस्व अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं. राज्य सरकार ने इस हड़ताल को पूरी तरह से अवैध घोषित करते हुए कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है. उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने चेतावनी दी है कि जो भी पदाधिकारी 25 मार्च की शाम 5 बजे तक अपने कर्तव्य पर वापस नहीं लौटेंगे, उनके खिलाफ सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी. विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमों के विरुद्ध जाकर किया गया यह विरोध प्रदर्शन अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. हड़ताल पर सरकार का सख्त रुख सरकार ने केवल चेतावनी ही नहीं दी है, बल्कि कार्रवाई का पूरा रोडमैप भी तैयार कर लिया है. विभाग के अपर सचिव आजीव वत्सराज के ओर से जारी पत्र के अनुसार, निर्धारित समयसीमा के बाद भी अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर ह्यसेवा टूट की कार्रवाई हो सकती है. इसके अलावा उनके वेतन में कटौती और अन्य विभागीय जांच भी शुरू की जा सकती है. उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों का 9 मार्च से सामूहिक अवकाश पर जाना प्रशासनिक व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है, जिससे आम जनता को भारी असुविधा हो रही है. जनहित सर्वोपरि सरकार ने इसे जनहित से जुड़ा मामला बताते हुए कहा कि दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) जैसे जरूरी कार्य बाधित नहीं होने दिए जाएंगे. अब तक 12 हजार से अधिक मामलों का निपटारा किया जा चुका है, जो यह दिखाता है कि व्यवस्था पूरी तरह ठप नहीं हुई है.

### पटना-कोलकाता के बीच चलेंगी 3 स्पेशल ट्रेनें, जानिए टाइम टेबल और रूट



**पटना (एजेंसी)** पटना और कोलकाता के बीच 3 स्पेशल ट्रेनों को चलाया जाएगा. यह ट्रेनें अप्रैल से जून महीने तक चलेंगी. इससे गर्मी की छुट्टी के वक्त सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिल सकेगी. तीनों ट्रेन की टाइमिंग और रूट क्या होगा, आइए जानते हैं... कुछ ही महीनों में गर्मी की छुट्टियों की शुरूआत होने वाली है. इससे पहले रेलवे ने यात्रियों को राहत दे दी है. पटना और कोलकाता के बीच तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जायेंगी. जानकारी के मुताबिक, यात्रियों को यह सुविधा अप्रैल से जून महीने तक मिलेगी. कहा जा रहा है कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान यात्रियों की उमड़ने वाली भारी भीड़ की आशंका को देखते हुए यह फैसला लिया गया है. लालकुआं-कोलकाता स्पेशल का परिचालन दो ट्रेनों को लालकुआं और कोलकाता के बीच और एक ट्रेन को डिब्रुगढ़-कोलकाता के बीच चलाया जाएगा. पटना और हावड़ा के बीच पहले से ही स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है. स्पेशल ट्रेनों के टाइम टेबल की बात करें तो, गाड़ी नंबर- 05060 लालकुआं-कोलकाता स्पेशल हर गुरुवार को चलेगी. इस ट्रेन की सर्विस 13 दिनों की होगी और 2 अप्रैल 2026 से 25 जून 2026 तक के लिए होगी. लालकुआं से यह ट्रेन दोपहर 1:35 बजे खुलेगी और अगले दिन रात 11:55 बजे कोलकाता पहुंचेगी. इसके बाद वापसी में शनिवार को गाड़ी नंबर 05059 कोलकाता-लालकुआं स्पेशल सुबह 5 बजे खुलेगी और अगले दिन दोपहर 3:45 बजे लालकुआं पहुंचेगी. इस ट्रेन का स्टॉपेज नैहाती, बंडेल, बर्द्धमान, दुगार्पुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर होगा. डिब्रुगढ़-कोलकाता स्पेशल ट्रेन चलेगी इसके अलावा गाड़ी नंबर 05932 डिब्रुगढ़-कोलकाता स्पेशल हर शनिवार को चलेगी. शाम 5 बजे यह ट्रेन डिब्रुगढ़ से खुलेगी और तीसरे दिन सुबह 12:30 बजे कोलकाता पहुंच जायेगी. कोलकाता से 2:30 बजे खुलेगी और सुबह 6:30 बजे डिब्रुगढ़ पहुंचेगी. इस ट्रेन का स्टॉपेज नैहाती, बंडेल, नवाद्वीप धाम, कटवा, आजिमगंज, जंगीपुर रोड, न्यू फरक्का और मालदा टाउन स्टेशनों पर होगा. जानकारी के मुताबिक, दोनों ही ट्रेनों में यात्रियों को स्लीपर, एसी और जनरल कोच की सुविधा मिलेगी. इसके साथ ही गाड़ी नंबर 02024 और 02023 पटना-हावड़ा स्पेशल ट्रेन का परिचालन गर्मी की छुट्टी के वक्त भी जारी रहेगा.

## पटना में 26 और 27 मार्च को बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था, महावीर मंदिर की ओर नहीं जायेंगी गाड़ियां



**पटना (एजेंसी)** पटना में रामनवमी को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव किए गए हैं. महावीर मंदिर की ओर गाड़ियों के जाने पर रोक रहेगी. जानकारी के मुताबिक, 26 और 27 जनवरी को रूट बदले हुए रहेंगे. लेकिन लोगों की सहूलियत के लिए वैकल्पिक रूट की भी व्यवस्था की गई है. पटना में रामनवमी को लेकर महावीर मंदिर की ओर किसी भी दिशा से गाड़ियों का परिचालन नहीं होगा. यह व्यवस्था 26 मार्च की रात आठ बजे से 27 मार्च की रात 11 बजे रात तक रहेगी. रामनवमी को लेकर 26 मार्च की रात से ही प्रसाद लेकर महावीर मंदिर में दर्शन के लिए लाइन लगनी शुरू हो जाती है. इन श्रद्धालुओं को महावीर मंदिर में दर्शन के लिए वीर कुंवर सिंह पार्क के पश्चिमी गेट (आर ब्लॉक के निकट) से एंट्री कर लाइन में लगते हुए वीर कुंवर सिंह पार्क, जीपीओ गोलंबर होते हुए महावीर मंदिर तक जाने की व्यवस्था की गई है. मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के बाद इन्हें डाकबंगला और गोरिया टोली रोड की तरफ से निकालने की व्यवस्था है. इस दौरान आर ब्लॉक से जीपीओ और पटना जंक्शन की तरफ किसी भी गाड़ियों का परिचालन नहीं होगा. साथ ही महावीर मंदिर के पास और पटना जंक्शन गोलंबर के पूरब वीणा सिनेमा रोड तक सभी गाड़ियों की एंट्री बंद रहेगी. गोरियाटोली और करबिगहिया की तरफ से पटना जंक्शन को आने वाले वाहन जमाल रोड दक्षिण से यू टर्न लेकर वापस कर दिये जायेंगे. इसके अलावा डाकबंगला चौराहा से पटना जंक्शन के बीच गाड़ियों के परिचालन पर रोक रहेगी. लोगों के लिए ये होगी वैकल्पिक व्यवस्था डाकबंगला होकर पटना जंक्शन आने वाली गाड़ियां वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एग्जीबिशन रोड से गोरिया टोली तक जा सकेंगे और जमाल रोड दक्षिण से यू टर्न लेकर वापस हो जायेंगे. मेट्रो के निर्माण कार्य को देखते हुए जेपी गोलंबर से डाकबंगला चौराहा होते हुए जाने वाले जुलूस स्वामीनंदन तिराहा-एसपी वर्मा रोड, न्यू डाकबंगला रोड होते हुए डाकबंगला चौराहा तक जाने की व्यवस्था की गई है. लोगों से ट्रैफिक पुलिस ने की अपील पटना जंक्शन जाने वाले यात्रियों से ट्रैफिक पुलिस ने अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक करबिगहिया एंट्री का उपयोग करें. रेल यात्री कोतवाली थाना से बुद्ध मार्ग से जीपीओ आरओबी का प्रयोग कर करबिगहिया की ओर जा सकते हैं, क्योंकि बुद्धमार्ग में जीपीओ फ्लाईओवर के नीचे गाड़ियों का परिचालन नहीं होगा. वीरचंद पटेल पथ से अदालतगंज रोड होते हुए कोई भी गाड़ी बुद्ध मार्ग की ओर नहीं आएगी. आयकर गोलंबर की ओर ऑटो और ई-रिक्शा पर रहेगी रोक 27 मार्च को शाम पांच बजे के बाद झांकी का आगमन शुरू हो जाता है, इसलिए सभी ई-रिक्शा और ऑटो का परिचालन बेली-बोरिंग रोड क्रॉसिंग से आयकर गोलंबर की तरफ नहीं होगा. गांधी मैदान की और जाना हो तो वे बोरिंग रोड चौराहा राजापुर पुल होते हुए जा सकते हैं. करबिगहिया स्टेशन के लिए आर ब्लॉक फ्लाईओवर होते हुए जा सकते हैं.



# इन अजीबोगरीब इमारतों को देखकर आप भी हो जाएंगे हैरान,

## किसी का जूते तो किसी का टोकरी जैसा है आकार

दुनिया भर में कई ऐसी अजीबोगरीब और विचित्र जगहें हैं जिन्हें देख कर लोग हैरान रह जाते हैं। ऐसी कई जगह है जहां की विचित्र निर्माण शैली को देखकर आप भी सोच में पड़ जाएंगे कि बनाने वाले ने खूब बनाया है। इन्हें एक बार देखने के बाद आपका भी मन करेगा कि इन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखा जाए। आज के इस लेख में हम आपको दुनिया की सबसे विचित्र और अनोखी इमारतों के बारे में बताने जा रहे हैं –

### उल्टा चर्च

कनाडा के कैलेग्री में स्थित चर्च को देखकर को देखकर आप भी हैरत में पड़ जाएंगे। यह चर्च देखने में उल्टा लगता है, जिसके कारण इसका नाम डिवाइस टू रूट आउट डेविल रखा गया है। इसका मतलब 'शैतान को जड़ से उखाड़ने का यंत्र।' इस चर्च की ऊंचाई करीब 7 मीटर और चौड़ाई 3 मीटर है। कनाडा आने वाले पर्यटकों के बीच यह चर्च आकर्षण का केंद्र है।

### नाचता मकान

नीदरलैंड में स्थित एक घर को देखकर आपको ऐसा लगेगा कि मकान नाच रहा है। इस अनोखे मकान का नाम दो प्रसिद्ध डांसर फ्रेड एस्टेयर और जिंजर रॉजर्स के नाम पर रखा गया है। इस इमारत के दो हिस्से हैं। पहले भाग को शीशे से बनाया गया है, वहीं दूसरा हिस्सा सीधा है। इस मकान में कुल 9 मंजिलें हैं।

### टोकरी जैसा ऑफिस

ओहियो के नेवार्क शहर में एक ऑफिस का आकार लकड़ी की टोकरी जैसा है। यह इमारत लॉन्ग बर्गर का मुख्यालय है, जो की लकड़ी की टोकरी बनाने वाली एक कंपनी थी। इस इमारत का निर्माण 1997 में हुआ था। इसके सात मंजिलों के निर्माण में लगभग 3 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। इस इमारत के ऊपर स्टील के दौरान जल दिए गए हैं और नीचे की टोकरी का आकार है।

### जूते के आकार का घर

पेंसिलवेनिया जाने वाले पर्यटकों को हैंस शू हाउस को जरूर देखना चाहिए। इस घर का आकर जूते की तरह है। यह विचित्र इमारत हेलन टाउनशिप में स्थित है। दुनियाभर से पर्यटक इस बिल्डिंग को देखने आते हैं।

### पुस्तकालय के आकार की इमारत

यूनाइटेड स्टेट्स के मिजूरी में कंसास सिटी एक पुस्तकालय के आकार की है। इसे बाहर से देखने पर ऐसा लगता है कि कई सारी किताबें रखी गई हों। इस अनोखी इमारत का आकार 25 से 9 फीट है। इस लाइब्रेरी की दक्षिणी दीवार पर 22 किताबों के अनोखे डिजाइन को इमारत बनाया गया है।



# गर्मी में घूमने के लिए यह हैं बेहतरीन जगहें

जब गर्मी का मौसम आता है तो मन करता है कि किसी ठंडी जगह पर जाकर रहा जाए। चिलचिलाती गर्मी सिर्फ तन को ही नहीं, मन को भी झिंझोड़कर रख देती है। ऐसे में समर वेकेशन में हम सभी किसी कूलिंग प्लेस पर जाना चाहते हैं। वैसे इस मौसम में घूमने के स्थान का चयन बेहद सोच-समझकर करना चाहिए। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसी जगहों के बारे में बता रहे हैं, जहां पर आप गर्मी के दिनों में कुछ रिलैक्सिंग पल बिता सकते हैं-

### मनाली

भारत में लोकप्रिय ग्रीष्मकालीन अवकाश स्थलों में से एक, हिमाचल प्रदेश में मनाली में प्राकृतिक सुंदरता, और रोमांच का बेहतरीन संगम है। सुरम्य शहर बर्फ से ढकी पर्वत चोटियों और ब्यास नदी द्वारा पोषित हरियाली से घिरा हुआ है। आपकी छुट्टी का मुख्य आकर्षण रोहतांग दर्रे पर बर्फ का आनंद लेना है।

### मनाली में करने के लिए चीजें:

- हडिम्बा मंदिर, वन विहार हिमालयन निंगमापा गोम्पा मठ, क्लब हाउस आदि जगहों के दर्शनीय स्थल।
- सोलंग घाटी में साहसिक खेलों में शामिल हों।
- बर्फ का मज़ा लेने के लिए रोहतांग दर्रे पर जाएं।
- ब्यास नदी में रिवर राफ्टिंग करें।
- कुल्लू, मणिकरण गुरुद्वारा, जोगिनी जलप्रपात, अर्जुन गुफा, भृगु झील और वशिष्ठ हॉट-वाटर स्प्रिंग्स की यात्रा करें।
- सेब के बागों में जाएं।
- कैम्पिंग और ट्रेकिंग।

### शिमला

भारत में गर्मी का मौसम बिताने के लिए शिमला एक आदर्श स्थान है। हिमाचल प्रदेश में इसे 'हिल स्टेशनों की रानी' कहा जाता है। यहां की जलवायु के कारण ही ब्रिटिश उपनिवेश यहां हर गर्मियों में बसते थे। कई आवास विकल्प हैं, और आश्चर्य है।

### शिमला में करने के लिए चीजें:

- कालका से शिमला के लिए टॉय ट्रेन की सवारी करें।
- व्हाइट वाटर राफ्टिंग करें।
- खाने, खरीदारी करने और आनंद लेने के लिए माल रोड के आसपास घूमें।
- मॉल के पास खूबसूरत क्राइस्ट चर्च की सैर करें।
- जाखू हनुमान मंदिर तक ट्रेक करें।
- वाइसरीगल लॉज, क्राइस्ट चर्च आदि की ब्रिटिश वास्तुकला का अन्वेषण करें।
- कुफरी, चैल और मशोबरा की यात्रा, खूबसूरत पहाड़ी पर्यटन स्थल को एक्सप्लोर करें।

### दार्जिलिंग

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग उत्तर पूर्व में लोकप्रिय समर हॉलिडे गेटवे में से एक है। हरी चाय के बागानों से घिरा, पहाड़ी शहर एक आरामदायक गर्मी की छुट्टी के लिए एकदम सही है। प्रकृति और मनुष्य द्वारा बनाए गए सुंदर स्थलों को एक्सप्लोर करें। मठों में तिब्बती जड़ों के बारे में जानें। मनोरंजक व्यवहार, खरीदारी और बहुत कुछ में शामिल हों।

दार्जिलिंग में करने के लिए चीजें:


- पहाड़ी शहर में जाने के लिए टॉय ट्रेन की सवारी करें।
- बतासिया लूप और गोरखा युद्ध स्मारक में आनंद लें।
- हैप्पी वैली टी एस्टेट में चाय बागानों को एक्सप्लोर करें।
- टाइगर हिल से राजसी सूर्योदय देखें।
- पद्मजा नायडू जूलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों को एक्सप्लोर करें।
- माल रोड पर खरीदारी करें।

### मुन्नार

भारत का अपना देश कहा जाने वाला केरल भारत में लोकप्रिय हॉलिडे डेस्टिनेशन में से एक है। पश्चिमी घाट की हरी-भरी गोद में बसा मुन्नार गर्मी बढ़ने पर एक सुखद पलायन है। अपने खूबसूरत नजारों, चाय के बागानों, अनोखे वनस्पतियों और जीवों, मसालों की सुगंध और सुहावने मौसम के लिए प्रसिद्ध है।

### मुन्नार में करने के लिए चीजें:

- चाय बागानों की हरी-भरी सुंदरता का आनंद लें।
- कुंडला झील, इको पॉइंट और एलिफेंट लेक पर जाएं।
- अनामुडी पीक के लिए ट्रेक करें।
- टाटा टी म्यूजियम को एक्सप्लोर करें।
- ट्री हाउस में रहें।
- इको पॉइंट तक ट्रेकिंग, माउंटेन बाइकिंग, कुंडला झील में शिकारा की सवारी।
- कार्मेलागिरी हाथी पार्क में हाथी सफारी।



# कर्नाटक के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशन, एक बार जरूर जाएं घूमने

भारत के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में स्थित खूबसूरत राज्य कर्नाटक अपने हाई-टेक हब, नाइटलाइफ़, भव्य महलों, पुराने मंदिरों और वन्यजीव अभयारण्यों के लिए जाना जाता है। हालांकि, इस राज्य में हरे-भरे वातावरण और शांति प्रदान करते कई हिल स्टेशन भी हैं। जो लोग शहर की भीड़भाड़ से दूर प्रकृति के बीच कुछ शांत समय बिताना चाहते हैं, वह इन हिल स्टेशनों में जा सकते हैं। हरी-भरी पहाड़ियों, झरनों और सुविधाजनक स्थानों से लेकर ऐतिहासिक आकर्षणों और एड्रेनालाईन गतिविधियों तक, कर्नाटक के हिल स्टेशनों में बहुत कुछ है। तो चलिए आज हम आपको कर्नाटक के कुछ बेहतरीन हिल स्टेशनों के बारे में बता रहे हैं-

### चिकमगलूर, कर्नाटक

चिकमगलूर चाय और कॉफी के बागानों, दूधिया-सफेद झरनों और खूबसूरत पार्कों से भरपूर है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान हेब्बे फॉल्स, कल्लाथिगिरी फॉल्स, हनुमान गुंडी फॉल्स, भद्रा वन्यजीव अभयारण्य, महात्मा गांधी पार्क, कॉफी संग्रहालय, हिरेकोले झील, कोडंदरामा मंदिर आदि हैं। अगर आप यहां पर हैं तो चाय और कॉफी के बागानों में टहलें, उच्चतम मुल्लायनगिरी चोटी पर जाएँ, क्यातनमक्की में सुंदर दृश्यों का आनंद लें, अमृतेश्वर और विद्याशंकर मंदिर में जाएं।

### नंदी हिल्स, कर्नाटक

4849 फीट की ऊंचाई पर स्थित नंदी हिल्स कर्नाटक के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में से एक है। हरे भरे परिवेश, ट्रेकिंग ट्रेल्स और आश्चर्यजनक दृश्यों के अलावा, इस जगह में कई स्मारकों और मंदिरों के साथ एक लोकप्रिय ऐतिहासिक किला भी है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थान टीपू की बूंद, टीपू का ग्रीष्मकालीन निवास, अमृता सरोवर, भोग नंदीश्वर मंदिर, ब्रह्माश्रम, नेहरू निलय, ग्रोवर ज़म्पा वाइनयार्ड आदि है।

### सिरसी, कर्नाटक

घने जंगलों के बीच बसा कर्नाटक का यह आकर्षक हिल स्टेशन, बैंगलोर से एक आदर्श वीकेंड गेटवे है। विविध वन्यजीवों से भरे घने उष्णकटिबंधीय जंगलों से लेकर सुरम्य झरनों और हरी-भरी पहाड़ियों तक, सिरसी की प्राकृतिक सुंदरता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी। अगर आप यहां पर हैं तो मुरेगर फॉल्स, शिवगंगा फॉल्स, बुरुड फॉल्स, उंचल्ली फॉल्स, विभूति फॉल्स, मरिकंबा मंदिर, श्री महागणपति मंदिर, गुडवी पक्षी अभयारण्य आदि जगहों को जरूर एक्सप्लोर करें।

### माले महादेश्वर या एमएम हिल्स, कर्नाटक

सात पहाड़ी श्रृंखलाओं, एमएम हिल्स समुद्र तल से 3200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और 'स्वयंभू' या स्वयं प्रकट रूप में भगवान शिव के साथ एक प्राचीन मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। धार्मिक स्थलों के अलावा, यह स्थान वनस्पतियों और जीवों में समृद्ध है, जो इसे वन्यजीव प्रेमियों और एड्रेनालाईन के दीवाने लोगों के बीच एक लोकप्रिय आकर्षण बनाता है। यहां पर आने वाले हर यात्री को श्री माले महादेश्वर मंदिर, थाला बेट्टा, नागमाले हिल्स आदि जगहों पर जरूर जाएं। साथ ही घने जंगलों में हाथियों और अन्य जानवरों को देखना ना भूलें।

### गंगामूला, कर्नाटक

हरे-भरे और घने जंगलों से घिरा गंगामूला उन लोगों के लिए एक आदर्श स्थान है जो प्रकृति की गोद में क्वालिटी टाइम बिताना चाहते हैं। हिल स्टेशन एक धुंधली जलवायु और आश्चर्यजनक परिदृश्य और आकर्षण का आनंद लेता है। यह स्थान तीन महत्वपूर्ण नदियों- तुंगा, भद्रा और नेत्रावती का उद्गम स्थल होने के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां पर घूमने के लिए लोकप्रिय स्थानों में हनुमना गुंडी जलप्रपात, श्री अन्नपूर्णेश्वरी मंदिर, सिरिमाने जलप्रपात, गोमतेश्वर प्रतिमा, चतुर्मुख बसदी, श्री वेंकटरमण मंदिर, अंबा तीर्थ आदि शामिल है। अगर आप यहां पर हैं तो कुरिंजल पीक और नरसिम्हा पर्वत के लिए ट्रेक, कुद्रेमुख राष्ट्रीय उद्यान की प्राकृतिक सुंदरता को देखें। भगवती प्रकृति शिविर में प्रकृति की सैर, जीप सफारी और ट्रेकिंग का आनंद लें।

# गर्मियों की छुट्टियों में घूमने का प्लान बना रहे हैं तो भूलकर भी इन जगहों पर न जाएं वरना पड़ेगा पछताना

हर साल गर्मियों की छुट्टी में लोग कहीं ना कहीं घूमने जाते हैं। यह एक ऐसा समय होता है जब आप अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताते हैं और खूब मौज मस्ती करते हैं। ऐसे में गर्मियों की छुट्टियों में भारत की कई जगहों पर सैलानियों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। लेकिन गर्मियों में कहीं भी घूमने का प्लान बनाने से पहले वहां का तापमान जरूर देख लें। गर्मियों में तेज धूप और लू में कहीं बाहर घूमना किसी सिरदर्द से कम नहीं है। ऐसा में अगर आप किसी ऐसी जगह घूमने का प्लान बना लेते हैं जहां भीषण गर्मी होती है तो आपका समय और पैसा दोनों बर्बाद होंगे। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि गर्मियों में कहां जाने से बचना चाहिए –

### आगरा, उत्तर प्रदेश

वीकेंड ट्रिप के लिए लोग अक्सर आगरा घूमने का प्लान बनाते हैं। यहाँ पर मौजूद दुनिया के सातवें अजूबे को देखने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं। आगरा में घूमने के लिए और भी कई बेहतरीन जगहें हैं। लेकिन गर्मी में यहाँ घूमना आपके लिए सिरदर्द बन सकता है। दरअसल, गर्मियों के मौसम में आगरा का तापमान बहुत बढ़ जाता है। तेज धूप में संगमरमर से बना ताजमहल भी तपने लगता है और आप कहीं बाहर भी नहीं घूम सकते हैं। इसलिए यहाँ गर्मियों में जाने का प्लान ना ही बनाएं।

### जैसलमेर, राजस्थान

राजस्थान का जैसलमेर न केवल भारतीय बल्कि विदेशी पर्यटकों की लिस्ट में भी शामिल है। जैसलमेर को गोल्डन सिटी के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ हर साल दुनिया भर से लाखों पर्यटक आते हैं और सफारी का लुत्फ उठाते हैं। खाना की गर्मियों में जिप्सी गिरी शहर में घूमना काफी कठिन हो सकता है। गर्मियों में जैसलमेर का टेंपरेचर 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला जाता है। इतनी भीषण गर्मी में जैसलमेर की यात्रा करना अच्छा आइडिया नहीं है।

### गोवा

घूमने के शौकीन लोगों की लिस्ट में गोवा का नाम सबसे ऊपर आता है। यहां लोग अपने दोस्त या पार्टनर के साथ मौज मस्ती करने के लिए पहुंचते हैं। यहां के खूबसूरत बीच, नाइटलाइफ और खुला माहौल युवाओं को अपनी ओर आकर्षित करता है। लेकिन गर्मियों के मौसम में गोवा घूमने का प्लान बनाने से पहले एक बार जरूर सोच लें। गर्मियों में तेज धूप में आप ठीक तरह से घूम नहीं पाएंगे और आपके पैसे सिर्फ बर्बाद ही होंगे।

### चेन्नई, दक्षिण भारत

दक्षिण भारत का चेन्नई शहर घूमने के लिहाज से बेहतरीन है। यहां कई सारे मंदिर, बीच और अन्य दार्शनिक स्थल हैं। लकी गर्मियों में यहां का पर बहुत अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में गर्मियों के मौसम में चेन्नई में घूमना मुश्किल हो जाता है। इसलिए आप गर्मियों में चेन्नई घूमने का प्लान ना ही बनाएं।



# दक्षिण अफ्रीका ने जीती टी20 सीरीज, पांचवें मैच में न्यूजीलैंड को 33 रन से हराया

**हेग्ले ओवल (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने हेग्ले ओवल में खेले गए पांचवें टी20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 33 रन से हराकर न सिर्फ मैच जीता है, बल्कि 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली है।

न्यूजीलैंड को इस मैच और सीरीज को जीतने के लिए 188 रन का लक्ष्य मिला था। बड़े लक्ष्य के दबाव और दक्षिण अफ्रीका की कसी हुई गेंदबाजी के सामने न्यूजीलैंड का टॉप ऑर्डर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सका। अच्छी शुरुआत नहीं मिलने की वजह से न्यूजीलैंड कभी भी जीत की तरफ जाती नहीं दिखी और 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 154 रन बना सकी।

कीवी टीम के लिए बेवोन जैकब्स ने 19 गेंदों पर 3 छक्कों और 2 चौकों की मदद से सर्वाधिक 36 रन की पारी खेली। इसके अलावा, टॉम रॉबिनसन ने 25 और डेन क्लिवर ने 22 रन की पारी खेली। कप्तान जिमी निशम ने 24 रन बनाए।


दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएट्जी, ओटनिल बार्टमैन, और वियान मुल्डर ने 2-2, जबकि कप्तान केशव महाराज ने 1 विकेट लिया।

इससे पहले टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टोनी डे जॉर्जी 12 रन बनाकर पहले विकेट के रूप में 21 के स्कोर पर आउट हुए थे। दूसरे विकेट के लिए वियान मुल्डर और रूबिन हरमन ने 55 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी। मुल्डर 29 गेंदों पर 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे विकेट के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन ने रूबिन हरमन के साथ 49 रन की साझेदारी की। टीम का स्कोर जब 125 था, हरमन 31 गेंदों पर 39 रन बनाकर आउट हुए।

एस्टरहुइजन और डियान फोरेस्टर ने चौथे विकेट के लिए 27 गेंदों पर 61 रन की तूफानी साझेदारी की। एस्टरहुइजन 33 गेंदों पर 6 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 75 रन बनाकर आउट हुए। फोरेस्टर 13 गेंदों पर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट पर 187 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड की धरती पर पहली बार टी20 सीरीज जीती है।




# मिचेलसन को हराकर मियामी ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे सिनर



**मियामी (एजेंसी)।** इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने अमेरिका के एलेक्स मिचेलसन को 7-5, 7-6(4) से हराकर मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया है। इस जीत के साथ ही सिनर मियामी ओपन के अपने पहले पांच मुकाबलों में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि केवल यानिक नोह और स्टीफन एडबर्ग को हासिल हुई थी। सिनर ने दूसरे सेट में 2-5 से पीछे होने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम किया। जीत के बाद

सिनर ने कहा कि अच्छी सर्विस के कारण ही वह जीत हासिल कर पाये हैं। साथ ही कहा कि खिताबी जीत के लिए अभी उन्हें काफी प्रयास करना होगा। इसके लिए उन्हें खेल का स्तर ऊंचा उठाना होगा। इसके लिए वह ब्रेक के दौरान अभ्यास करेंगे। वहीं एक अन्य मुकाबले में स्पेन के युवा खिलाड़ी मार्टन ने भी बड़ा उलटफेर करते हुए अमेरिकी खिलाड़ी सेबेस्टीयन कोर्डा को 2-6, 7-6(6), 6-4 से हराकर क्वार्टरफाइनल में स्थान बनाया। अब उनका सामना जिरी लेलेका से होगा। से होगा। लेलेका ने टेलर फिट्ज को हराकर बड़ा उलटफेर किया था।

# आईपीएल में सबसे अधिक नो बाल हैं बुमराह के नाम



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का लक्ष्य नये रिकार्ड बनाना रहेगा। बुमराह ने आईपीएल में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है पर उनकी गेंदबाजी में एक कमी भी रही है और वह ये कि बुमराह आईपीएल में सबसे अधिक नो बाल फेकने वाले गेंदबाज हैं। बुमराह ने अपने करियर में अब तक कुल 32 नो बॉल किये हैं। वहीं बुमराह के अलावा उमेश यादव 24 और ईशांत शर्मा 23भी इस सूची में शामिल हैं।

बुमराह ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए साल 2013 में पदर्पण के बाद से ही अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। मुबई के लिए डेब्यू के बाद से ही वह इसी फ्रेंचाइजी के साथ हैं और वह टीम के सबसे मुख्य गेंदबाज बने हैं। इस लीग में अच्छे प्रदर्शन के बाद ही वह सबकी नजरों में आये थे। भारतीय टीम में उनके प्रवेश के पीछे भी आईपीएल में किया प्रभावी प्रदरर्शन रहा है।

आईपीएल करियर की बात करें तो बुमराह ने अबतक कुल 145 मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने मुंबई के लिए 22.02 की औसत से कुल 182 विकेट लिए हैं। आईपीएल में बुमराह ने 2 बार 5 विकेट लिए है जबकि 3 बार 4 विकेट लिए हैं। मुम्बई की पांच बार की खिताबी जीत में भी उनके अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। केवल एक मामले में उनपर दाग लगा है और वह ये है कि उनके नाम सबसे ज्यादा नो बाल हैं। प्रवीण ने 2008 से 2017 के बीच कुल 119 मुकाबले खेल। इस दौरान उन?होंने 420.4 ओवर गेंदबाजी करते हुए 14 ओवर मेडन फेंके और 90 विकेट अपने नाम किए।

# अमेलिया के अच्छे प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**सीरीज 4-1 से जीती**

**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** अमेलिया केर के ऑलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड की महिला टीम ने यहं खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 92 रनों से हरा दिया। इस मैच में जीत के साथ ही न्यूजीलैंड की टीम ने पांच मैचों की इस सीरीज को 4-1 से जीता। अमेलिया ने इस मैच में 105 रन बनाने के साथ ही दो विकेट भी लिए। इस मैच में अमेलिया के शतक से कीवी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 194 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नो विकेट पर 102 रन ही बना सकी और 92 रनों से हार गई। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज इस मैच में कीवी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाये। केवल एनरी डकर्सन ही सबसे अधिक 23 रन बनाये। उनके अलावा सुने लूस ने 13 जबकि कायला रेनेके ने 10 रनों रन बनाये। अयाबोंगा खाका ने 12 रन बनाये। वहीं बचे हुए सात बल्लेबाज दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये।




न्यूजीलैंड की ओर से ताहिलिया तहूहू ने तीन विकेट जबकि सोफी डिवाइन और अमेलिया केर ने दो-दो विकेट लिए। वहीं नेंसी पटेल और फ्लोरा डेवनशायर ने एक-एक विकेट लिया। आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर कीवी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मेजबान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहला विकेट शुरुआत में ही 9 रन के स्कोर पर खो दिया पर अमेलिया एक छोर पर टिकी रहीं। वहीं जॉर्जिया प्लिमर ने 27 जबकि ब्रूक हैलिडे ने 26 रन बनाये। वहीं दक्षिण अफ्रीका की ओर से अयाबोंगा खाका और टुमी सेखुखुने ने तीन-तीन खिलाड़ियों को आउट किया।

# कोको गाफ मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची



फ्लोरिडा । अमेरिका की महिला टेनिस खिलाड़ी कोको गाफ मियामी ओपन टेनिस टूर्नोमेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। गाफ ने क्वार्टर फाइनल में स्विटजरलैंड की मेलिंडा बेनसिस को हराया। गॉफ ने इस मुकाबले के बीच में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। मैच में गाफ ने पहला सेट 6-3 से जीता पर दूसरे सेट में उसे 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं तीसरे सेट में गाफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए जबरदस्त वापसी करते हुए मुकाबला 6-3, 1-6, 6-3 से अपने नाम किया । जीत के बाद गाफ ने कहा, यह एक कठिन मैच था। बेलिंडा काफी अच्छी खिलाड़ी हैं। इस मैच में जीत के लिए मुझे काफी संघर्ष करना पड़ा। अब सेमीफाइनल में गाफ का सामन चेक गणराज्य की केरोलिन मुचोवा से होगा। यह मुकाबला काफी रोमांचक होने की उम्मीद है।

# आईपीएल में वापसी को तैयार हैं तेज गेंदबाज मयंक

**लखनऊ (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से फिट नहीं होने के कारण खेल से दूर रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल के इस सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। मयंक ने कहा कि पहले वह अपने शरीर पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे पर अब वह करियर को बचाने के लिए काफी सजग हैं। मयंक को कई बार चोट के कारण खेल से दूर होना पड़ा है। आईपीएल 2024 में चोट लगने से उन्हें बड़ा झटका लगा था। इसके बाद वह लगातार चोट से परेशान रहे और आईपीएल 2025 के शुरुआती मैचों के बाद बाहर हो गए।

अब वह बेंगलुरु के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिहैबिलिटेशन पूरा करके आईपीएल में वापसी को तैयार हैं। मयंक ने कहा, 'सर्जरी के बाद मेरे लिए सब कुछ बदल गया। पहले मैं अपना ध्यान नहीं रखता था। रिकवरी सत्र से बचता था और कई चीजों को नजरअंदाज करता था पर अब मैं रिकवरी, पोषण और नींद पर पूरा ध्यान देता हूं। जितना मैं अपने शरीर का सम्मान कर रहा हूं, उतना ही मेरा शरीर भी मैदान पर मेरा साथ दे रहा है।' मयंक ने कहा कि एनसीए में उनकी मुलाकात जसप्रीत बुमराह से हुई, जिन्होंने भी ऐसी ही सर्जरी कराई थी। उनके साथ मेरा अच्छा तालमेल है। उन्होंने इसको लेकर मुझे काफी सुझाव दिये जिनका मैं अब पालन कर रहा हूं। तब उन्होंने कहा था कि सर्जरी के बाद वापसी करने पर किन चीजों पर ध्यान देना चाहिए। इस बारे में उनके अनुभवों से मुझे सहायता मिली है। उन्होंने बताया कि रिकवरी के दौरान शरीर कैसा महसूस करेगा और इस कठिन समय का सामना कैसे करना है। मयंक का अब तक का करियर चोटों से प्रभावित रहा है। साल 2022 में आईपीएल में प्रवेश के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 20 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा था। दो सीजन बाद 2024 में उन्हें डेब्यू का अवसर मिला। इस गेंदबाज ने अपने डेब्यू मैच में ही 150 किमी की गति से गेंदबाजी कर सभी को हैरान कर दिया। उन्होंने सत्र की सबसे तेज गेंद गेंद 156.7 किमी प्रति घंटे रफ्तार से फेंकी।

# वैभव के पास अच्छा बल्लेबाजी कौशल : जितेश



मुम्बई । विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा ने उभरते हुए युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की जमकर प्रशंसा की है। जितेश के अनुसार वैभव एक ऐसे बल्लेबाज हैं जो हमेशा आक्रामक बल्लेबाजी पसंद करते हैं। उनके पास अच्छा कौशल है और वह आने वाले समय में विश्व क्रिकेट में छा सकते हैं। वैभव ने केवल 15 साल की उम्र में ही काफी कुछ हासिल कर लिया है। पहले आईपीएल में ही उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाकर सबको हैरान कर दिया था। इसके बाद उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफीका और इंग्लैंड में भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इसके बाद भी इस बार आईपीएल में उनकी राह आसान नहीं रहेगी। इस बार उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन के बाद अब सभी टीमों के गेंदबाज उनकी बल्लेबाजी का आंकलन कर उनाक कमजोर पक्ष निकालने का प्रयास कर रहे हैं और उन सभी का लक्ष्य उस क्षेत्र में गेंदबाजी करना रहेगा जिसमें वह कमजोर हैं। इस बार टीम में संजू सैमसन के नहीं होने से भी वैभव को बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी। ये भी हो सकता है कि उन्हें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी शुरु करने का अवसर मिल सकता है। वहीं दक्षिण अफीक के पूर्व कप्तान ए बी डिविलियर्स ने कहा कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने वैभव को अंडर-19 में बल्लेबाजी करते हुए देखा है। डिविलियर्स ने कहा, जब आपको आईपीएल और बड़ी क्रिकेट लीग का अनुभव मिलता है और आप फिर भी उसी स्तर का प्रदर्शन करते हैं, तो यह आसान नहीं होता। उन्होंने जिस तरह से अंडर-19 विश्व कप में खेला, उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ। मैं उनके खेलने के तरीके की बात कर रहा हूं। उन्होंने अपने गेम प्लान पर कायम रहते हुए खेला। जैसे उन्होने आईपीएल में खेला, वैसे ही वहां भी खेला।

# हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में दोहरे नामांकन से खुद पर भरोसा मजबूत हुआ : गोलकीपर प्रिंस दीप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभी तक सीनियर टीम में पदार्पण नहीं करने के बावजूद हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कारों में दो नामांकन पाने वाले युवा गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने कहा कि इससे उनका खुद पर भरोसा मजबूत हुआ है। सीनियर पुरूष राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास कर रहे 21 वर्ष के प्रिंस दीप को हॉकी इंडिया बलजीत सिंह वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और हॉकी इंडिया जुगराज सिंह वर्ष 2025 के सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी के पुरस्कार के लिये नामांकन मिला है। ये पुरस्कार शुक्रवार को यहां दिये जाएंगे।




प्रिंस दीप ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं और गर्व महसूस कर रहा है। ऐसे पुरस्कारों के लिये नामांकन पाने में समय लगता है लेकिन मुझे जल्दी मिल गया। टूर्नामेंटों में अच्छे प्रदर्शन और शीर्ष गोलकीपरों के साथ अपना नाम देखकर काफी प्रेरणा मिल रही है।' उन्होंने कहा, 'भारत के पास बेहतरीन गोलकीपर हैं। उनके बीच नामांकन पाना और वह भी सीनियर टीम में पदार्पण से पहले, खास है। इससे मुझे आत्मविश्वास मिला है कि मैं सही रास्ते पर हूं।'

उन्होंने कहा, 'यह इस सम्मान से मिला सबसे बड़ा तोहफा है। इससे खुद पर संशय नहीं रह गया और आगे अच्छा करने की प्रेरणा मिली है। अब मुझे पता है कि मैं सही राह पर हूं और लगातार सुधार करता रहूंगा।' प्रिंस दीप 2024 FIH जूनियर एशिया कप में स्वर्ण, जोहोर कप 2025 में रजत और पिछले साल चेन्नई में FIH जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीत चुके हैं।

पठानकोट के रहने वाले प्रिंस दीप ने शुरूआत फुल बैक के रूप में बटाला की चीमा हॉकी अकादमी में की थी। उन्होंने बताया, 'मैं फुटबॉल में गोलकीपर के रूप में खेलता था और कुछ अच्छे गोल बचाए। मेरे कोचों ने मेरा कद देखकर हॉकी में गोलकीपिंग का सुझाव दिया। वहीं से शुरूआत हुई।'

# लिवरपूल को झटका, सालाह सीजन के आखिर में छोड़ देंगे टीम



लंदन - मोहम्मद सालाह ने मंगलवार को घोषणा की कि वह सीजन के आखिर में लिवरपूल एफसी छोड़ देंगे, जिससे एनफील्ड में उनका शानदार समय खत्म हो जाएगा। 33 साल के इस खिलाड़ी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में इस खबर को कन्फर्म करते हुए कहा, 'बदकिस्मती से वह दिन आ गया है। यह मेरे फेयरवेल का पहला हिस्सा है,' और फिर कहा, 'मैं सीजन के आखिर में लिवरपूल छोड़ दूंगा।' सालाह ने अप्रैल 2025 में क्लब के साथ दो साल का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था, लिवरपूल ने कहा कि दोनों पार्टियों ने उनके भविष्य को लेकर 'एक एग्रीमेंट' कर लिया है जिससे वह फ्री ट्रांसफर पर जा सकते हैं। उनके अपने ऊंचे स्टैंडर्ड के हिसाब से, पिच पर यह एक मुश्किल कैंपेन रहा है। सालाह ने सभी कॉम्पिटिशन में 34 मैचों में 10 गोल किए हैं, जिससे 2017 में क्लब जॉइन करने के बाद से उनका सीज़न का सबसे कम गोल हो गया है। ऑफ-फील्ड दिक्कतों ने भी इसमें भूमिका निभाई है। दिसंबर में लीड्स के साथ 3-3 के ड्रॉ के बाद सालाह ने कहा कि क्लब ने उन्हें 'बस के नीचे फेंक दिया' था और बताया कि हेड कोच आर्ने स्लॉट के साथ उनका रिश्ता टूट गया था। हालांकि जनवरी में उनके बाहर होने की अटकलें थीं, लेकिन अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में शामिल होने के बाद वह टीम में वापस आ गए। यह अभी साफ नहीं है कि सालाह अगले सीजन में कहां खेलेंगे। लिवरपूल ने कहा कि उन्होंने सपोटर्स के लिए 'सम्मान और आभार' दिखाने और अपने भविष्य के बारे में साफ जानकारी देने के लिए यह घोषणा जल्दी करने का फैसला किया।

# शाकिब अल हसन की लंबे समय के लिए वापसी चाहते हैं बशर



ढ़ाका । बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के नये चयन पैनल के चेयरमैन हबीबुल बशर के आने के बाद टीम में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की वापसी की उम्मीदें जतायी जा रही हैं। बशर ने साफ किया कि वह न्यूजीलैंड सीरीज ही नहीं लंबे समय तक शाकिब को टीम में शामिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि फोकस शाकिब अभी देश में नहीं है। इसलिए ये नहीं कहा जा सकता कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में रहेंगे या नहीं। साथ ही कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो स्वयं भी खेलना चाहेगा पर उसे भी तैयारी की जरूरत है। साथ ही कहा, मुझे नहीं लगता कि शाकिब एक सीरीज के लिए आएंगे और फिर चले जाएंगे। अगर हमें उनकी सेवाएं मिल सकती हैं तो हम चाहेंगे कि वह लंबे समय तक अपनी सेवा द दें। मुझे लगता है कि वह अभी दो साल खेल सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा, कई लोग रिटायरमेंट की बात करते हैं, जैसे, हमने मुशफिकुर रहीम के संन्यास की बातें देखी हैं। मैंने कहा है कि वे जितना ज्यादा समय तक खेलेंगे, हमारे लिए उतना ही अच्छा होगा। हम उन्हें जितना ज्यादा टीम में शामिल कर सकते हैं, टीम के लिए उतना ही अच्छा होगा और जब हम उन्हें चुनते हैं, तो ऐसा नहीं होता कि वे आकर रिटायर हो जाएं। मैं उन्हें लंबे समय के लिए चाहता हूं, कम से कम उनके पास ऐसा प्लान हो कि वे 2027 विश्व कप खेल सकें। इसलिए मेरी योजना केवल एक सीरीज के लिए नहीं हैं। बशर ने कहा है कि उनका पहला ध्यान इस बात पर है कि बांग्लादेश की टीम एकदिवसीय विश्वकप के लिए सीधे क्वालीफाई करे। विश्वकप अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाना है।

# नेपाल में जन्मे डिफेंडर भारती हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय शिविर में

नई दिल्ली - नेपाल में जन्मे डिफेंडर अबनीत भारती हांगकांग के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय सीनियर पुरूष टीम के कोच्चि में चल रहे शिविर में जुड़ गए हैं। इससे एक दिन पहले इसी मुकाबले के लिए ऑस्ट्रेलिया में जन्मे रियान विलियम्स को टीम में शामिल किया गया था। अब भारत के शिविर में पहली बार दो विदेश में जन्मे खिलाड़ी हैं जिन्हें हाल ही में भारतीय पासपोर्ट मिला है। विलियम्स बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल सके थे क्योंकि फीफा से उन्हें मंजूरी देर से मिली। अब वह हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को भारत के लिए पदार्पण करेंगे। भारत 2027 में सउदी अरब में होने वाले एएफसी एशियाई कप की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है। अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर हैं, ऐसे में टीम को अनवर अली के साथ भरोसेमंद सेंटर बैक की जरूरत है जो भारती हो सकते हैं। भारती अभी फीफा से मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। नेपाल में जन्मे भारती ने नाइजीरिया में स्कूली दिनों में गोलकीपर के रूप में शुरूआत की थी। भारत आने के बाद उन्होंने डिफेंडर के तौर पर खेलना शुरू किया और बीजीएस इंटरनेशनल स्कूल तथा शास्त्री एफसी के लिए खेले। सिंगापुर में गेलांग इंटरनेशनल के साथ अभ्यास करने के बाद वह स्पेन में रीयाल वाल्लाडोलिड अकादमी से जुड़े। उन्होंने जर्मनी में भी चयन ट्रायल दिए थे। वह 2019 में केरला ब्लास्टर्स के साथ जुड़े लेकिन करार नहीं हो पाया। इसके बाद से वह चेक गणराज्य में और उधार पर किर्गीस्तान, पनामा, अर्जेंटीना और अब बोलिविया में खेलते रहे हैं।



# आईपीएल में प्रशांत वीर सहित इन उभरते हुए खिलाड़ियों पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार प्रशांत किशोर सहित पांच उभरते हुए खिलाड़ियों को खेलने का अवसर मिलेगा। ऐसे में ये सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर अपने को साबित करने के इरादे से उतरेंगे। आईपीएल एक ऐसा मंच है जिसपर उभरती प्रतिभाओं को अवसर मिलता रहा है और ये ही इस बार भी हो रहा है।

**प्रशांत वीर :** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने प्रशांत को 14.2 करोड़ रुपये की मोटी रकम में खरीदकर सबको हैरान कर दिया था। प्रशांत निचले क्रम में आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इसके साथ ही वह बाएं के एक अच्छे स्पिनर हैं। जिसकी घूमती हुइ गेंदों का सामना करना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं होता। प्रशांत को ऑलराउडर रविन्द्र जडेजा की कमी करने शामिल किया गया है। ऐमें सभी की नजरें उनपर रहेंगी। यूपी टी20 लीग 2025 में प्रशांत ने 155 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 320 रन बनाए थे, जबकि 6.69 की इकोनॉमी से गेंदबाजी करते हुए 8 विकेट भी निकाले थे।

**कार्तिक शर्मा:** कार्तिक को चेन्नई सुपर किंग्स ने नीलामी में 14.2 करोड़ की मोटी रकम लगाकर खरीदा है। कार्तिक विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण सभी की नजरों में आये। लंबे-लंबे छक्के लगाना कार्तिक की खूबी है।

*आकिब नबी डार:* तेज गेंदबाज आकिब नबी की शानदार गेंदबाजी से जम्मूकश्मीर पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने में सफल रही। आकिब इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते नजर आयें। अब देखना है कि वह इमसें कितना प्रभावित करते हैं।

**मुकुल चौधरी:** विकेटकीपर-बल्लेबाज मुकुल चौधरी लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से उतरेंगे। मुकुल राजस्थान की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। इस घरेलू सीजन में उन्होंने 5 पारियों में 200 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 173 रन बनाए थे। वह अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण मैच विजेता माने जाते हैं।

**अशोक शर्मा:** अशोक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली में 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सभी का ध्यान खींचा था। इस टूर्नामेंट में अशोक ने 10 मुकाबलों में कुल 22 विकेट लिए थे। अब वह लीग में गुजरात टाइटंस की ओर से नजर आएंगे। अशोक को अगर मौका मिला, तो वह जरूर इस टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे।



## अजित पवार प्लेन क्रैश में एफआईआर

बेंगलुरु (एजेंसी)। महाराष्ट्र के बारामती में हुए विमान हादसे में डिप्टी सीएम अजित पवार की मौत के मामले में बेंगलुरु में जीरो एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर उनके भतीजे और एनसीपी (एसपी) विधायक रोहित पवार की शिकायत पर दर्ज हुई है। उन्होंने हादसे को आपराधिक साजिश बताया है। उन्होंने एफआईआर में 5 मुख्य आरोप लगाए हैं। रोहित ने कहा कि उन्होंने मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन, बारामती पुलिस और महाराष्ट्र सीआईडी से संपर्क किया, लेकिन कहीं भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 23 मार्च को बेंगलुरु में जीरो पर एफआईआर दर्ज कराई। जहां अपराध हुआ है उसे छोड़कर देश के किसी भी थाने में उस अपराध की एफआईआर दर्ज कराई जाती है तब उसे जीरो एफआईआर कहते हैं। इसे फिर संबंधित थाने में ट्रांसफर कर दिया जाता है। कर्नाटक पुलिस ने केस दर्ज कर इसे महाराष्ट्र पुलिस को ट्रांसफर कर दिया है। दरअसल, 28 जनवरी को बारामती एयरपोर्ट पर प्लेन क्रैश में अजित पवार समेत 5 लोगों की मौत हुई थी।

## बिलासपुर में बर्ड फ्लू के प्रकोप ने बढ़ाई प्रशासन की चिंता, रोकथाम की कार्रवाई शुरू

### -संक्रमण के कारण 4,400 मुर्गियों की मौत, 10 किमी तक की जा रही निगरानी

बिलासपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बर्ड फ्लू के प्रकोप ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। कोनी इलाके में स्थित एक सरकारी पोल्ट्री फार्म में पिछले कुछ दिनों 4,400 से ज्यादा मुर्गियों की मौत हो गई। रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि होने के बाद जिला प्रशासन ने युद्धस्तर पर रोकथाम की कार्रवाई शुरू की। पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि 19 से 24 मार्च के बीच कोनी इलाके में स्थित सरकारी पोल्ट्री फ़ार्म में वायरल संक्रमण के कारण करीब 4,400 मुर्गियों की मौत हो गई। इस फ़ार्म में कुल 5,037 मुर्गियां थीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारी ने बताया कि मृत पक्षियों के सैंपल सोमवार को भोपाल और पुणे की लैब में भेजे गए थे। भोपाल की लैब ने मृत मुर्गियों में एवियन इन्फ्लूएंज़ा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई है। आधिकारिक बयान के मुताबिक पुष्टि होने के बाद जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एवियन इन्फ्लूएंज़ा की रोकथाम और नियंत्रण के लिए रोकथाम और बचाव के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं। बयान में कहा गया है कि फार्म के एक किलोमीटर के दायरे को संक्रमित क्षेत्र और 10 किलोमीटर के दायरे को निगरानी क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रोटोकॉल के मुताबिक संक्रमित क्षेत्र के अंदर पोल्ट्री पक्षियों, उनके चारे और अंडों को नष्ट कर दिया जाएगा और उनके आवागमन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। इसके लिए पशुपालन विभाग द्वारा पोल्ट्री पक्षियों के मालिकों को मुआवज़ा दिया जाएगा। मुर्गियों को मारने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, फार्म को सील कर दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि प्रभावित क्षेत्र में संक्रमित पक्षियों को मारने, उनका सुरक्षित निपटान करने, निगरानी रखने और सैनिटाइज़ेशन के उपाय करने के लिए रैपिड रिस्पॉन्स टीमें गठित की गई हैं।

## डबल डेकर बस पलटी, 2 की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के करोल बाग में डबल डेकर बस के पलट जाने से बड़ा हादसा हो गया है। हादसे में दो लोगों की मौत हो चुकी है और कई घायल हैं। बस में 25 यात्री सवार थे जब यह हादसा हुआ। दिल्ली पुलिस ने हादसे का संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि यह बस राजस्थान से आ रही थी और हनुमान मंदिर चौक के पास पलट गई। तीन दिन पहले जयपुर-दिल्ली हाईवे पर भी एक बड़ा हादसा हुआ था। उस दौरान हरियाणा रोडवेज की तेज रफ्तार बस चंदवाजी इलाके में एक बाइक से टकरा गई थी। बाइक पर चार लोग सवार थे, जिनमें से तीन की दर्दनाक मौत हो गई। इसके अलावा दिल्ली के नांगलोई में कुछ दिन पहले एक डीटीसी बस ने स्कूटर सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही, एक ई-रिक्शा और कुछ लोग बस की चपेट में आ गए, जिसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## आप विधायक रेप केस में गिरफ्तार, हरियाणा से भागे थे, मप्र से पकड़ा

पटियाला (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के विधायक हरमीत पठानमाजरा को पटियाला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह 2 साल पुराने रेप केस में वांटेड थे। पठानमाजरा केस दर्ज होने के बाद पहले हरियाणा के करनाल में घेरे गए थे, लेकिन वह कस्टडी से फरार हो गए। इसके बाद वह ऑस्ट्रेलिया चले गए थे। पुलिस ने उनका लुकआउट सर्कुलर जारी कर रखा था। पठानमाजरा 2022 में पटियाला की सनौर विधानसभा सीट से विधायक चुने गए हैं। केस में राहत के लिए पठानमाजरा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर रखी थी। इसकी सुनवाई बुधवार को ही होनी थी। इसी को लेकर वह करीब 5 दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से भारत लौटे थे। वह दिल्ली ही आ रहे थे, लेकिन पटियाला पुलिस को इसकी भनक लग गई। इसके बाद उन्हें मध्यप्रदेश के शिवपुरी में ग्वालियर बाइपास पर गिरफ्तार कर लिया। केस दर्ज होने के बाद वह पिछले 6 महीने से फरार चल रहे थे। पठानमाजरा पर बाढ़ के दौरान अफसरों के खिलाफ बयानबाजी के बाद केस दर्ज हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया था कि आप की दिल्ली टीम के खिलाफ बोलने की वजह से उनके खिलाफ पुराने मामले में एफआईआर की गई है।

## दिल्ली में अवैध एलपीजी रैकेट का भंडाफोड़... 183 इंडेन गैस सिलेंडर बरामद

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के संगम विहार इलाके में क्राइम ब्रांच ने अवैध एलपीजी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान क्राइम ब्रांच ने 183 इंडेन गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। मामले में 4 आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच जारी है। क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को संगम विहार में गैस सिलेंडरों की जमाखोरी और अवैध रिफिलिंग की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने इलाके के तीन अलग-अलग गोदामों पर एक साथ छापा मारा। यहां चारों आरोपी शेर सिंह, सूरज परिहार, रघु राज सिंह और जितेंद्र शर्मा को अवैध तरीके से गैस सिलेंडरों की स्टॉकिंग और रिफिलिंग करते पकड़ा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कुल 183 सिलेंडर बरामद हुए, जिसमें 154 भरे हुए सिलेंडर, 29 खाली सिलेंडर शामिल हैं। इसके साथ ही मौके से लोहे के पाइप, तराजू और अन्य रिफिलिंग उपकरण भी जब्त किए।

# ईरान जंग का चुनाव पर असर, मिडिल ईस्ट में रहते हैं केरल के 20 लाख से ज्यादा लोग

### -वोट डालने यूएई, सऊदी अरब, कुवैत समेत कई देशों से भारत आते हैं केरलवासी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान युद्ध का असर भारत में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पड़ सकता है। खाड़ी देशों में भारतीयों के फंसे होने के कारण वोटर संख्या प्रभावित हो सकती है। इसका सबसे ज्यादा असर केरल पर पड़ेगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि मिडिल ईस्ट में केरल के 20 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ऑब्जर्वर्स का कहना है कि इसका असर मतदाताओं की संख्या पर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि संख्या निर्णायक नहीं होगी, लेकिन कुछ इलाकों में इनका असर दिखेगा। वोट डालने के लिए यूएई, सऊदी अरब, कुवैत समेत कई देशों से केरलवासी भारत आते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक मतदाताओं की संख्या का असर खासतौर से उत्तर केरल में नजर आएगा। इसके चलते मलप्पुरम, कोझिकोड और कासरगोड जिलों में असर देखा जा सकता है। साथ ही पलक्कड़ और थ्रिसूर कुछ प्रभावित हो सकते हैं। माना जा रहा है कि आईयूएमएल यानी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग को इस वोटर का सबसे ज्यादा फायदा होता है। आईयूएमएल कांग्रेस की अगुवाई वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट का हिस्सा है। पार्टी के महासचिव पीएमए सलाम का कहना हैं कि कई लोग वोटिंग के लिए वापस नहीं आ पाएंगे। हमारे केएमसीसी सदस्य खाड़ी देशों में अधिकारियों से बात कर रहे हैं, लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए तो मतदाताओं की संख्या कम रहेगी। सीपीआई से राज्यसभा सांसद संदोश कुमार पी कहते हैं कि उत्तर केरल में कुछ ही क्षेत्र हैं, जहां खाड़ी में रहने वाले मतदाताओं का संख्या ज्यादा है। आमतौर पर ये सीटें जीत के बड़े अंतर वाली हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक यूएई केरल मुस्लिम कल्चरल सेंटर के अध्यक्ष पुथूर रहमान बताते हैं कि हम यूएई से आमतौर पर 8 चार्टर्ड फ्लाइट्स की तैयारी करते हैं। इस साल हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुपरमार्केट और अन्य जगहों पर काम करने वाले कई लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि वह वोटिंग के लिए नहीं जा सकेंगे। 28 फरवरी और अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया था। इसके जवाब में ईरान ने मिडिल ईस्ट के कई देशों को निशाना बनाया। ईरान का कहना है कि देशों पर नहीं, बल्कि वहां मौजूद अमेरिकी बेस पर हमले किए थे। इसके चलते यूएई से आने वाली उड़ानें खासी प्रभावित हुईं थीं।

## बंगाल पहुंचे ओवैसी ने कहा, लोग घुटन महसूस कर रहे... ये गठबंधन उन्हें विकल्प देगा

### एआईएमआईएम और जनता उन्नयन पार्टी के बीच हुए गठबंधन



कोलकाता (एजेंसी)। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल के लोग घुटन महसूस कर रहे हैं और उनकी पार्टी ने हुमायूं कबीर की आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ गठबंधन किया है, ताकि बंगाल की जनता को वह विकल्प दे सके जिसकी उन्हें बीते कई सालों से तलाश हैं। कबीर के साथ कोलकाता में प्रेसवार्ता को संबोधित कर ओवैसी ने दावा किया कि बंगाल में अल्पसंख्यकों का विकास बड़ा मुद्दा है। राज्य में अगले माह चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा, ''एआईएमआईएम बंगाल के कमजोर वर्गों के शोषण को रोकने के लिए हुमायूं कबीर के साथ हाथ मिला रही है। हाल ही में टीएमसी से निलंबित हुए कबीर अब ओवैसी के साथ मिलकर ममता बनर्जी के अभेद्य दुर्ग (मुस्लिम वोट बैंक) में सेंध लगाने की तैयारी में हैं। कबीर की पकड़ इन इलाकों में काफी मजबूत मानी जाती है, जहाँ मुस्लिम मतदाताओं की संख्या निर्णायक है। गठबंधन का मानना है कि यदि वे इन क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तब वे राज्य सरकार बनाने में किंगमेकर की भूमिका निभा सकते हैं।

## सरकार ऐसे समय प्रस्ताव पर चर्चा कर रही, जब चुनावों को लेकर आचार संहिता लागू है

### -सीएम स्टालिन ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव पर जताई आपत्ति

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु के सीएम और डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन किए जाने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार ने पांच राज्यों के चुनावों को देखते हुए यह फैसला लिया है। उन्होंने 2011 की जनगणना को ही आधार मानकर महिला आरक्षण लागू करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे समय में इस प्रस्ताव पर चर्चा कर रही है, जब चार राज्यों और पुदुचेरी में चुनाव होने हैं और वहां आचार संहिता लागू है। उन्होंने कहा कि यह अप्रत्याशित है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण पर सरकार 2011 की जनगणना के आधार पर विचार कर रही है। यह 128वें संविधान संशोधन के विपरीत है, जो 2023 में पारित हुआ था।




उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि 2026 की जनगणना के आधार पर इसे लागू किया जाए। ऐसी ही बात 2023 के महिला आरक्षण एक्ट में कही गई थी। उन्होंने कहा कि हम बिना किसी शर्त के महिला आरक्षण का समर्थन करते हैं, लेकिन यह जरूरी है कि सीटों का परिसीमन सही तरीके से किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने परिसीमन में आनुपातिक प्रतिनिधित्व से किसी छेड़छाड़ का विरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने अगले 30 सालों के लिए इस बात की गारंटी मांगी कि जो परिसीमन तय हो जाएगा, उसमें तीन दशकों तक कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। स्टालिन ने कहा कि यह हमारा मानना रहा है कि राज्यों में लोकसभा सीटों का जो अनुपात है, उसमें किसी तरह का बदलाव ना किया जाए। यह गारंटी अगले 30 सालों के लिए हो। उन्होंने कहा कि सरकार को फिलहाल इस प्रस्ताव को रोक लेना चाहिए। इसके लिए सरकार को जून की शुरुआत में एक विशेष सत्र बुलाना चाहिए, जिसमें महिला आरक्षण में संशोधन पर विचार किया जाए।

# ईरान-इजराइल युद्ध में मध्यस्थता पाक जैसे देश कर रहे पीएम मोदी को भी करनी चाहिए थी

### -सपा सांसद ने कहा- किस देश से कैसे संबंध रहेंगे यह हमारे पीएम ही फैसला लेते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा है कि पश्चिमी एशिया में संघर्ष के दौरान पीएम मोदी को मध्यस्थता करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। ईरान-इजराइल युद्ध में पाकिस्तान की ओर से मध्यस्थता के सवालों पर रामगोपाल यादव ने कहा कि पाकिस्तान, मिस्र और तुर्किए तीन देश मध्यस्थता कर रहे हैं। यह मध्यस्थता पीएम मोदी और भारत को भी करनी चाहिए थी।

उन्होंने आगे कहा कि बहुत सारे देशों ने पीएम मोदी को अपना सबसे बड़ा राष्ट्रीय सम्मान भी दिया है। पीएम मोदी की डोनाल्ड ट्रंप के साथ क्या बातचीत हुई। संसद और देश को उन्हें इस बारे में बताना चाहिए। यादव ने भारत की विदेश नीति पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से उठाए गए सवालों पर भी प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने कहा कि विदेश नीति जो है, वो मूल रूप से पीएम मोदी के नेतृत्व में होता है कि हमारे किस देश से कैसे संबंध रहेंगे ये पीएम ही फैसला लेते हैं। जवाहरलाल नेहरू से लेकर हमेशा यही हुआ है। हमारी गुटनिरपेक्ष नीति थी, उसके निर्माता जवाहरलाल नेहरू थे। अब वह उससे हट रहे हैं तो उससे हटने वाले पीएम मोदी हैं। केंद्र सरकार की ओर से सर्वदलीय बैठक पर बुलाने पर रामगोपाल यादव ने कहा कि बुधवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इस बारे में मंगलवार को सूचना मिली थी। समाजवादी पार्टी की ओर से जावेद अली खान और धर्मेंद्र यादव जाएंगे। पार्टियों की तरफ से दो-दो नेता जाएंगे।

इसी दौरान सपा सांसद ने संसद में पेश होने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल विधेयक का विरोध किया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में आपत्ति ही आपत्ति हैं। सरकार से कौन लड़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को वह नहीं मानती है। असिस्टेंट कमांडेंट 30 साल में भी डिप्टी कमांडेंट नहीं बन पाता है। उसी परीक्षा से पास हुए आईपीएस डीजी बन जाते हैं। सेना में मेजर जनरल और लेफ्टिनेंट जनरल बन जाते हैं। पता होना चाहिए कि निराशा में कितने लोगों ने डीआरएस लिया।

उन्होंने कहा कि मैंने शून्यकाल में इसके विरोध में आवाज उठाई थी। सपा सांसद ने कहा कि राजनेताओं की रक्षा यही जवान करते हैं। सीमा से लेकर देश के अंदर शहीद होने वाले सबसे ज्यादा यही जवान होते हैं।

# बंगाल में 'बुआ-भतीजा' मॉडल भाजपा के मजबूत ढांचे को सीधे चुनौती दे रहा

### जहां बीजेपी मजबूत वहां खुद ममता ने संभाली कमान

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में चुनावी मुकाबला दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है, जहां ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी ने भाजपा को चुनौती देने के लिए उत्तर और दक्षिण बंगाल में अलग-अलग रणनीति अपना रहे है। वहीं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने 291 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुनावी अभियान को तेज किया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने भी समय से पहले उम्मीदवार घोषित कर आक्रामक रुख दिखाया है। चुनाव में टीएमसी की रणनीति के तहत ममता खुद उत्तर बंगाल में प्रचार की कमान संभाल रही हैं, जहां भाजपा परंपरागत रूप से मजबूत मानी जाती है। उन्होंने अलीपुरद्वार से अभियान की शुरुआत की और दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी जैसे इलाकों में रैलियां और बैठकों की योजना बनाई है। इसके अलावा फुलबारी और नक्सलबाड़ी जैसे क्षेत्रों में भी उनका फोकस रहेगा। उत्तर बंगाल में भाजपा ने 2019 के लोकसभा और 2021 के विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए ममता यहां सीधे मुकाबला करने उतरी हैं।



वहीं दूसरी ओर अभिषेक को दक्षिण बंगाल की जिम्मेदारी दी गई है, जहां टीएमसी पारंपरिक रूप से मजबूत रही है। उनका ध्यान जिलों में संगठन को मजबूत करने और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर है। इस तरह ÷बुआ-भतीजा÷ की जोड़ी राज्य के दोनों हिस्सों में संतुलित प्रचार रणनीति के जरिए चुनावी नतीजों को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है।

उधर भाजपा भी पूरी ताकत झोंक रही है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, सुनील बंसल और भूपेंद्र यादव राज्य में सक्रिय हैं। सिलीगुड़ी और दुर्गापुर में बैठकों के जरिए संगठन को मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। भाजपा की रणनीति बूथ स्तर तक पहुंच बनाने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने और केंद्र सरकार की योजनाओं को प्रचारित करने पर केंद्रित है। कुल मिलाकर, बंगाल का चुनाव इस बार उत्तर बनाम दक्षिण की रणनीति पर टिका नजर आ रहा है, जहां टीएमसी का 'बुआ-भतीजा' मॉडल भाजपा के मजबूत ढांचे को चुनौती देने की कोशिश कर रहा है। अब देखना होगा कि यह रणनीति चुनावी नतीजों को कितना प्रभावित कर पाती है।

# 13 साल की खामोशी का अंत... ग्रीन पार्क में हो रहा हरीश राणा का अंतिम संस्कार

### - दिल्ली के ग्रीन पार्क में हो रहा हरीश राणा का अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 13 साल कोमा में रहने के बाद हरीश राणा ने मंगलवार को आखिरी सांस ली। उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के ग्रीन पार्क में हो रहा है। ब्रह्मकुमारी के सदस्य भी प्रार्थना करने श्मशान घाट पहुंचे हैं। देश में इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का मंगलवार को निधन हो गया था। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के ग्रीन पार्क स्थित श्मशान घाट में किया जा रहा है। 13 साल तक कोमा में रहने के बाद उनके जीवन का यह लंबा और दर्दभरा अध्याय आखिरकार समाप्त हो गया। ग्रीन पार्क में अंतिम संस्कार के दौरान हरीश के परिवार के कई लोग मौजूद हैं। बुधवार को हरीश राणा के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ग्रीन पार्क श्मशान घाट लाया गया, जहां परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में अंतिम विदाई दी जा रही है। 31 वर्षीय हरीश वर्ष 2013 से कोमा में थे। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में बीटेक के छात्र थे और चौथी मंजिल की बालकनी



से गिर गए थे। इस हादसे के बाद से वह लगातार कोमा में रहे और पूरी तरह चिकित्सा देखरेख पर निर्भर हो गए। अंतिम दिनों में हरीश राणा से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें ब्रह्म कुमारी के सदस्य हरीश के घर पर प्रार्थना करते नजर आए। उन्होंने आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की और उन्हें शांति से विदा होने की कामना की। ब्रह्मकुमारी के सदस्य भी श्मशान घाट पहुंचे हैं। वे यहां प्रार्थना करेंगे। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले के बाद उन्हें पैसिव यूथेनेशिया की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने जीवन रक्षक उपकरणों को हटाने की इजाजत दी थी, ताकि उन्हें प्राकृतिक मृत्यु मिल सके। इसके तहत उन्हें इस महीने की शुरुआत में गाजियाबाद स्थित घर से दिल्ली के एम्स में पेलिएटिव केयर यूनिट में शिफ्ट किया गया था। हरीश के पिता अशोक राणा ने इस फैसले को 'बेहद दर्दनाक लेकिन जरूरी' बताया था। पिछले 13 सालों से उनका परिवार हर संभव प्रयास करता रहा। आर्थिक और मानसिक दबाव के बावजूद परिवार ने उनका इलाज जारी रखा, यहां तक कि इलाज के लिए अपना घर तक बेच दिया।

# महिला आरक्षण लागू होने के साथ ही लोकसभा सीटों की संख्या हो जाएंगी 816

### -यूपी में 120 तो महाराष्ट्र में 72 और बिहार से चुने जाएंगे 60 सांसद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला आरक्षण को लेकर सरकार ने बीते लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कानून पारित किया था, लेकिन अब उसमें संशोधन करने की तैयारी कर रही है। ऐसा इसलिए ताकि 2029 के लोकसभा चुनाव में इसे लागू किया जा सके। यही नहीं इस संबंध में जल्द ही संशोधन विधेयक लाया जा सकता है। यदि आने वाले लोकसभा चुनाव में ही महिला आरक्षण को लागू किया गया तो फिर राज्यों में सीटों का समीकरण भी बदलेगा। महिला आरक्षण लागू होने के साथ ही लोकसभा सीटों की संख्या 816 हो सकती है। फिलहाल 543 सीटें हैं। कुल 816 सीटों में से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। राज्यों की बात करें तो पहले की तरह ही सबसे ज्यादा लोकसभा सीटें यूपी में होंगी। यहां 120 सांसद चुने जा सकते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में सीटों की संख्या 40 से बढ़कर 60 हो सकती है। अब तक 48 सांसद दिल्ली भेजने वाले महाराष्ट्र में लोकसभा सीटों की संख्या 72 हो सकती है। फिलहाल दक्षिण भारत के राज्यों की जो चिंता है कि उनकी सीटें कम हो सकती हैं। उसका भी ध्यान रखा गया है और 2029 के आम चुनाव में 2011 की जनगणना के मुताबिक ही सीटों की संख्या तय होगी। इसीलिए अभी जो सीटों का अनुपात है, उसके मुताबिक सीटें जुड़ेंगी। इस तरह भले ही सीटों की संख्या यूपी, बिहार, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में बढ़ जाएगी, लेकिन उनके अनुपात में कोई बदलाव नहीं आएगा।

जानकारी के मुताबिक महिला आरक्षण में संशोधन के लिए सरकार विपक्ष से बात कर रही है। इसकी जिम्मेदारी कई नेताओं के पास है और गृहमंत्री अमित शाह ने भी कई विपक्षी दलों से बात की है। सूत्रों का कहना है कि विपक्ष को भरोसा दिलाया है कि 2029 के आम चुनाव में 2011 की जनगणना के मुताबिक ही सीट संख्या तय होगी। इसके तहत यूपी की 120 सीटें होंगी और इनमें से 33 फीसदी यानी 40 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। ऐसे ही महाराष्ट्र में 72 सीटें होंगी और 24 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। पश्चिम बंगाल की सीटें 42 से बढ़कर 63 हो सकती हैं और इनमें से 21 महिलाओं के लिए रहेंगी। इसी तरह बिहार में महिलाओं के लिए 20 सीटें होंगी।

तमिलनाडु में कुल लोकसभा सीटें 39 से बढ़कर 59 हो सकती हैं। इनमें से 20 महिलाओं के लिए रहेंगी।

इसी तरह मध्य प्रदेश में 44 सीटें हो सकती हैं और इनमें से 15 महिलाओं के लिए रहेंगी। नए समीकरणों के तहत अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा जैसे छोटे राज्यों की सीटें भी 2 से बढ़कर 3 हो सकती हैं। मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम में भी दो सीटें बढ़ सकती हैं।



फिलहाल इन राज्यों से एक ही सांसद चुना जाता है। ऐसे ही दिल्ली के सांसदों की संख्या 11 हो सकती है, जिनमें से 4 सीटें महिलाओं के लिए रहेंगी। जम्मू-कश्मीर में सीटों की संख्या 5 से बढ़कर 8 हो जाएगी और महिलाओं के लिए तीन सीटें रहेंगी।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902